CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 29°C
न्यूनतम : 23°C

मुजफ्फरनगर, बुधवार 9 जुलाई 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 177 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper


shahtimes2015@gmail.com | आषाढ़ शुक्ल पक्ष 13 विक्रमी सम्वत् 2082 | 13 मुहर्रम 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



यूपी में महिला आर्थिक सशक्तिकरण करेगा महिला सशक्तिकरण का मूल्यांकन पेज 2



टी-20 गेंदबाजों की सूची में शीर्ष स्थान के करीब पहुंची दीप्ति शर्मा खेल टाइम्स



ई-डीएनए की मदद से हवा में बिखरे जीवन की पहचान सम्पादकीय



संयुक्त राष्ट्र में अफगानिस्तान पर प्रस्ताव के मतदान से अलग रहा भारत पेज 12

## पुलवामा अटैक के लिए विस्फोटक अमेजन से खरीदा गया

शाह टाइम्स ब्यूरो



फाइल फोटो

■ FATF की रिपोर्ट में खुलासा, गोरखनाथ मंदिर पर हमला करने वाले आतंकी को PayPal से हुआ

**नई दिल्ली।** 2019 के पुलवामा आतंकी हमले में इस्तेमाल हुआ विस्फोटक ई- कॉमर्स वेबसाइट अमेजन से खरीदा गया था। दुनियाभर में आतंकी फंडिंग पर नजर रखने वाली संस्था फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (एफएटीएफ) ने अपनी रिपोर्ट में यह दावा किया है। एफएटीएफ ने इस रिपोर्ट में 2022 में यूपी के गोरखपुर में गोरखनाथ मंदिर पर हुए हमले का भी जिक्र किया है।

यहां हमलावर आतंकी को ऑनलाइन मनी ट्रांसफर प्लेटफॉर्म पेपल के जरिये पैसे दिए गए थे। इन दोनों मामलों को उदाहरण के तौर पर पेश करते हुए संगठन ने आगाह किया है कि ई-कॉमर्स और डिजिटल भुगतान सेवाएं अगर गलत हाथों में जाएं, तो वे आतंक को बढ़ावा देने का माध्यम बन सकती हैं। एफएटीएफ की इस रिपोर्ट का नाम 'कॉम्प्रिहेंसिव अपडेट ऑन टेररिस्ट फाइनेंसिंग रिस्क' है। 131 पेज की यह रिपोर्ट बताती है कि कैसे आतंकवाद की फंडिंग के तरीके बदल रहे हैं। रिपोर्ट में यह बताया गया है कि आतंकी संगठन अब पारंपरिक फंडिंग तरीकों के साथ-साथ डिजिटल माध्यमों जैसे ऑनलाइन पेमेंट, गेमिंग प्लेटफॉर्म्स, सोशल मीडिया और ई-कॉमर्स साइट्स का इस्तेमाल कर रहे हैं। इस रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि आतंकवाद से जुड़ी फंडिंग (टीएफ) की रणनीतियां एक जैसी नहीं होतीं, बल्कि अलग-अलग जगहों पर, अलग परिस्थितियों के हिसाब से अलग तरीके अपनाए जाते हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि बहुत से देशों में आतंकवाद की फंडिंग को समझने और रोकने की क्षमता में अब भी बड़ी कमियां हैं और अगर इन्हें समय पर ठीक नहीं किया गया, तो आतंकी संगठन मौजूदा कमजोरियों का फायदा उठाते रहेंगे। इसमें यह बताया गया है कि किस तरह आतंकी संगठन अंतर्राष्ट्रीय फाइनेंशियल सिस्टम का इस्तेमाल अपनी गतिविधियों को जारी रखने और हमले करने के लिए करते हैं। एफएटीएफ ने दुनियाभर की सरकारों और डिजिटल कंपनियों को चेतावनी दी है कि वे इन प्लेटफॉर्म्स के दुरुपयोग को रोकने के लिए ठोस उपाय करें, क्योंकि ये अब आतंकी संगठनों के लिए एक नया और प्रभावशाली जरिया बनते जा रहे हैं।

## क्रिकेटर यश दयाल पर यौन शोषण का मामला दर्ज

शाह टाइम्स ब्यूरो



**गाजियाबाद।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और उप्र के तेज गेंदबाज यश दयाल पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 69 के तहत यौन शोषण, शारीरिक हिंसा, मानसिक उत्पीड़न और शादी का झूठा वादा कर धोखाधड़ी करने के गंभीर आरोप लगाए गए हैं।

उप्र के गाजियाबाद के इंदिरापुरम पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज की गई है। गाजियाबाद की एक महिला द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत में दयाल के साथ उसके पांच साल के रिश्ते का जिक्र है। उसके अनुसार, क्रिकेटर ने उसे गुमराह करके यह विश्वास दिलाया कि वह उनसे शादी करेंगे और यहां तक कि उसे -शेष पृष्ठ दो पर

### यूपी की शिक्षा मंत्री गुलाब देवी का हापुड़ में एक्सीडेंट सिर में गंभीर चोट

**हापुड़।** यूपी की माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी (70 साल) का मंगलवार को हापुड़ में एक्सीडेंट हो गया। उनकी एक्सयूवी पुलिस जीप से टकरा गई। सिर में चोट लगने के कारण गंभीर रूप से घायल हुई हैं। वहीं, ड्राइवर सतबीर के हाथ में चोट लगी है। हादसे के बाद मंत्री की गाड़ी में लगे एयरबैग नहीं खुले। मंत्री और ड्राइवर को रामा अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। डीएम अभिषेक पांडे और एसपी ज्ञानंजय सिंह मौके पर पहुंचे। सीएमओ डाक्टर सुनील त्यागी की टीम मंत्री का इलाज कर रही है। मंत्री के सिर की एमआरआई कराई जा रही है।

### ट्रेड यूनियन्स का दावा 25 करोड़ कर्मचारी आज हड़ताल पर

**नई दिल्ली।** बैंक, बीमा, डाक, कोयला खनन, हाईवे, निर्माण, और कई राज्यों में सरकारी परिवहन जैसी अहम सेवाएं बुधवार (आज) 9 जुलाई को प्रभावित हो सकती हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि 10 केंद्रीय ट्रेड यूनियनों और उनके सहयोगी संगठनों का दावा है कि देशभर में बुधवार को 25 करोड़ से ज्यादा कर्मचारी हड़ताल पर रहेंगे। ट्रेड यूनियंस निजीकरण और 4 नए लेबर कोड्स के विरोध में हैं। ये केंद्र की उन नीतियों का विरोध कर रही हैं, जिन्हें वे मजदूर-विरोधी, किसान-विरोधी और कॉर्पोरेट समर्थक मानती हैं। पीरियोडिक लेबर फोर्स सर्वे के मुताबिक देश में पब्लिक और प्राइवेट सेक्टर में 56 करोड़ कर्मचारी है। इसमें इनफॉर्मल सेक्टर में 50 करोड़ और फॉर्मल सेक्टर में 6 करोड़ कर्मचारी है। फॉर्मल सेक्टर मतलब वो नौकरियां या बिजनेस जहां सब कुछ साफ-साफ और नियमों के तहत होता है।

### निष्क्रिय जन धन खाते नहीं होंगे बंद: वित्त मंत्रालय

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले वित्तीय सेवा विभाग ने स्पष्ट किया है कि उसने बैंकों को निष्क्रिय पड़े प्रधानमंत्री जन धन योजना खातों को बंद करने के संबंध में कोई निर्देश नहीं दिया है। वित्त मंत्रालय ने मंगलवार को एक वक्तव्य जारी कर मीडिया में आई उन खबरों का खंडन किया जिनमें बैंकों को निष्क्रिय पड़े प्रधानमंत्री जन धन योजना खातों को बंद करने का निर्देश देने की बात कही गई है। वित्तीय सेवा विभाग ने स्पष्ट किया है कि उसने बैंकों को इस तरह का निर्देश नहीं दिया है।

### उत्तरकाशी में भूकंप के हल्के झटके

**देहरादून।** उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में मंगलवार अपराह्न भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए। इस दौरान, किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र और भूकंप एप से मिली जानकारी के अनुसार भूकंप का केंद्र तहसील मोरी क्षेत्र के ग्राम जखोल के जंगलों में था। इसकी तीव्रता 3.2 मैग्नीट्यूड और गहराई पांच किलोमीटर दर्ज की गई। भूकंप का केंद्र 31.22 उत्तरी अक्षांश और 78.22 पूर्वी देशांतर पर स्थित था।

# ट्रम्प की टैरिफ स्ट्राइक, 14 देशों को झटका, भारत सुरक्षित

## जापान व स. कोरिया पर 25%, म्यांमार पर 40% टैरिफ, एक अगस्त से होगा लागू

वाशिंगटन, वार्ता



भारत, यूरोपीय यूनियन के साथ ट्रेड डील जल्द
जापान- साउथ कोरिया से नहीं हुई ट्रेड डील

ट्रम्प बोले- यूएस, भारत के साथ डील करने के करीब, भारत व अमेरिका वाशिंगटन में वार्ता कर रहे

**अमेरिकी राष्ट्रपति** डोनाल्ड ट्रम्प ने सोमवार को बांग्लादेश- जापान समेत 14 देशों पर टैरिफ बढ़ाने का ऐलान किया है। ट्रम्प प्रशासन ने सोमवार को सभी प्रभावित देशों को औपचारिक रूप से लेटर भेजकर इस निर्णय की जानकारी दी। टैरिफ बढ़ाने के दायरे में भारत शामिल नहीं है।

इस फैसले के तहत कुछ देशों पर 25 प्रतिशत टैक्स लगाया गया है, जबकि कुछ पर 30प्रतिशत से 40 प्रतिशत तक का भारी शुल्क लगाया गया है। दक्षिण कोरिया और जापान के नेताओं को ट्रम्प ने सबसे पहले लेटर भेजा और कहा कि उनके देश से आने वाले सामान पर अब 25 प्रतिशत शुल्क लगेगा। उन्होंने लिखा कि ये टैक्स इसलिए जरूरी हैं, ताकि अमेरिका और इन देशों के बीच व्यापार में जो असंतुलन है, उसे सुधारा जा सके। ये टैरिफ एक अगस्त से लागू होंगे। इसके साथ ही ट्रम्प ने एक अगस्त से ग्लोबल टैरिफ लगाने की घोषणा की। पहले ट्रम्प 9 जुलाई को इसका ऐलान करने वाले थे। ट्रम्प ने अप्रैल में पहली बार सभी अमेरिकी आयात पर 10 प्रतिशत बेसलाइन टैक्स और 60 देशों पर अलग-अलग टैक्स लगाने की बात की थी। उस घोषणा के बाद दुनियाभर के शेयर और बॉन्ड बाजारों में उथल-पुथल मच गई थी, इसलिए उन्होंने टैरिफ को कुछ समय के लिए टाल दिया था और देशों को अमेरिका के साथ नई डील करने का मौका दिया था। पहले उन्हें 8 जुलाई तक का वक्त दिया गया था, ताकि 9 जुलाई से नए टैरिफ -शेष पृष्ठ दो पर

## ड्रीमलाइनर क्रैश: 26 दिन बाद आई शुरुआती जांच रिपोर्ट

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ एएआईबी ने सरकार को सौंपी, विस्तृत रिपोर्ट तीन महीने में आने की संभावना

**नई दिल्ली।** एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो (एएआईबी) ने अहमदाबाद विमान हादसे के 26 दिन बाद प्राइमरी जांच रिपोर्ट मंगलवार को केंद्र सरकार को सौंपी। प्राइमरी रिपोर्ट शुरुआती जांच में मिले सबूतों और तकनीकी विश्लेषण के आधार पर तैयार की गई है।

इससे पहले 28 जून को केंद्रीय नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने बताया था कि विमान हादसे की जांच सभी पहलुओं से की जा रही है, जिसमें साजिश (सैबोटाज) की संभावना को भी खंगाला जा रहा है। वहीं, 3 महीने में विस्तृत जांच रिपोर्ट आ सकती है। 12 जून को अहमदाबाद से लंदन जा रही फ्लाइट एआई 171 टेकऑफ के कुछ ही देर बाद एक मेडिकल हॉस्टल की इमारत से टकरा गई थी। इसमें 270 लोगों की मौत हो गई थी, जिनमें 241 यात्री और क्रू मेंबर शामिल थे। सिर्फ एक यात्री इस हादसे में जिंदा बचा है। केंद्रीय मंत्री ने कहा था कि हादसे की वजह अभी स्पष्ट नहीं है कि यह इंजन फेलियर, फ्यूल सप्लाई की समस्या या कोई तकनीकी गड़बड़ी की वजह से हुआ। ब्लैक बॉक्स भारत में ही है, उसे विदेश नहीं भेजा जाएगा। इसमें मौजूद सीवीआर और एफडीआर की जांच की जा रही है। विस्तृत 3 महीने में रिपोर्ट आने की संभावना है। उन्होंने बताया कि डीजीसीए (नागर विमानन महानिदेशालय) के आदेश पर एयर इंडिया के सभी 33 ड्रीमलाइनर विमानों की जांच कर ली गई है और सब कुछ सुरक्षित पाया गया है। ये हादसा एक अपवाद था, अब लोग बिना डर के यात्रा कर सकते हैं। एएआईबी इसकी हर एंगल से जांच कर रहा है। सीसीटीवी फुटेज देखे जा रहे हैं और कई एजेंसियां मिलकर जांच में जुटी हैं। एयर इंडिया की फ्लाइट एआई 171 ने 12 जून को दोपहर 1.38 बजे उड़ान भरी थी और 1.40 बजे हादसा हो गया। उस समय प्लेन 200 फीट की ऊंचाई पर था। एयर इंडिया के ड्रीमलाइनर प्लेन हादसे की जांच में संयुक्त राष्ट्र शामिल होगा। संयुक्त राष्ट्र की विमानन संस्था आईसीएओ (इंटरनेशनल सिविल -शेष पृष्ठ दो पर

## खेमका हत्याकांड: शूटर देने वाला अपराधी मारा गया

**पटना।** बिहार के बड़े कारोबारी और मगध अस्पताल के मालिक गोपाल खेमका की हत्या से जुड़ा संदिग्ध अपराधी पुलिस मुठभेड़ में मारा गया। पुलिस सूत्रों ने मंगलवार को यहां बताया कि सोमवार को पुलिस ने खेमका हत्याकांड के शूटर उमेश उर्फ विजय को मालसलामी इलाके से गिरफ्तार किया था।

गोपाल खेमका की हत्या से जुड़े एक संदिग्ध विकास उर्फ राजा को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस मंगलवार को जब मालसलामी थाना क्षेत्र स्थित उसके घर पर पहुंची, तभी उसने पुलिस पर गोलियां चलानी शुरू कर दी। पुलिस ने भी अपनी सुरक्षा में गोली चलाई और इस मुठभेड़ में राजा मारा गया। शूटर उमेश को राजा ने हथियार उपलब्ध कराया था। पटना के वरीय पुलिस अधीक्षक कार्तिकेय शर्मा ने बताया कि राजा पर पहले से कई मामले दर्ज थे। कई हत्याओं में उसका नाम शामिल है।

### देश में अब तक 254 एमएम बारिश, 15 प्रतिशत ज्यादा

**नई दिल्ली।** देशभर में दक्षिण-पश्चिम मानसून जमकर बरस रहा है। मानसून सीजन में अब तक सामान्य से 15 फीसदी ज्यादा बारिश हो चुकी है। इस समय तक 221.6 एमएम बारिश होनी थी, लेकिन 254एमएम हो चुकी है। मध्य प्रदेश में लगातार हो रही बारिश से बालाघाट, मंडला, सिवनी, इटारसी और कटनी समेत कई जिलों में बाढ़ के हालात बन गए हैं। अनूपपुर में पुल टूटने से कार बह गई।

## छांगुर बाबा की आलीशान कोठी जमींदोज

बलरामपुर, वार्ता



**उप्र के बलरामपुर** जिला प्रशासन ने अवैध धर्मांतरण कांड के आरोपी जमालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा की कोठी को बुल्डोजर से नेस्तानाबूद कर दिया।

जिलाधिकारी पवन अग्रवाल ने मंगलवार को बताया कि धर्मांतरण समेत कई काले कारनामों का मास्टमाइंड जमालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा की उतरौला तहसील में तीन बीघे में बनी करोड़ों की आलीशान कोठी को बुलडोजर से गिराया जा रहा है। जमालुद्दीन को आंतक निरोधक दस्ता (एटीएस) ने गिरफ्तार किया था। जांचोपरांत आरोपी पाए गए स्वयंभू पीर की संपत्तियों पर शिकंजा कसने के साथ छांगुर बाबा की सभी चल-अचल संपत्तियों का विवरण तत्काल उपलब कराया गया, जिसमें कई संपत्तियां नगर क्षेत्र और देहात में उसके और रिश्तेदारों के नाम पर मिली है। उनकी -शेष पृष्ठ दो पर

### अवैध धर्मांतरण के आरोपियों की संपत्ति होगी जब्त: योगी

**लखनऊ।** धर्मांतरण के आरोपी जमालउद्दीन उर्फ छांगुर बाबा की गतिविधियों को राष्ट्र विरोधी बताते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आरोपी और उसके गिरोह से जुड़े सभी अपराधियों की संपत्तियां जब्त की जाएंगी और उन्हें ऐसी सजा दिलाई जाएगी, जो समाज के लिए उदाहरण प्रस्तुत करेगा। योगी ने एक्स पर पोस्ट किया कि हमारी सरकार बहन-बेटियों की गरिमा और सुरक्षा के प्रति पूर्णत: प्रतिबद्ध है।

## पूर्व आईजी विमला व कर्नल नेगी बने उत्तराखंड में रिवर्स पलायन की नजीर

मौ. फहीम 'तन्हा'

■ सेवानिवृत्ति नहीं सेवा का नया अध्याय जब रिटायरमेंट बना नई शुरुआत का रास्ता

**देहरादून।** उत्तराखंड के पर्वतीय गांव दशकों से पलायन की मार झेलते आ रहे हैं, लेकिन अब वहीं से एक नई कहानी जन्म ले रही है। एक रिवर्स पलायन की कहानी। जहां रिटायरमेंट का अर्थ विश्राम नहीं, बल्कि गांव के लिए समर्पण और पुनर्निर्माण बन चुका है।

पूर्व पुलिस महानिरीक्षक विमला गुंज्याल और पूर्व कर्नल यशपाल सिंह नेगी दो नाम, दो पृष्ठभूमियां, लेकिन एक ही ध्येय: अपने गांव को फिर से जीवंत बनाना। विमला गुंज्याल, जिन्होंने राज्य और देश के लिए सुरक्षा सेवा में 30 वर्षों से अधिक का समय दिया, अब सीमांत गांव गुंजी (पिथौरागढ़) की निर्विरोध ग्राम प्रधान बनी हैं। वहीं, सेना से रिटायर हुए कर्नल यशपाल सिंह नेगी ने बिरगण (पौड़ी) गांव का नेतृत्व संभाला है। उनकी जीत केवल एक चुनावी परिणाम नहीं है, बल्कि यह दर्शाता है कि अब गांवों में योग्य नेतृत्व की वापसी हो रही है।

### गांवों में लौट रहा विश्वास, बनाना होगा टिकाऊ समाधान

यह बदलाव सिर्फ नेतृत्व का नहीं, सोच का भी है। गांव जिन्हें कभी पीछे छोड़ दिया गया था, अब उन्हें 'सपनों का क्षेत्र' बनाने का प्रयास शुरू हो गया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भी इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि त्रगुंज्याल और नेगी जैसे लोग गांव लौटकर जिस तरह से नेतृत्व कर रहे हैं, वह रिवर्स पलायन की एक मिसाल है। राज्य सरकार ऐसे प्रयासों को हर संभव सहयोग देगी। गुंजी और बिरगण को अब मॉडल ग्राम पंचायतों के रूप में विकसित करने की योजना है। बुनियादी ढांचे से लेकर डिजिटल कनेक्टिविटी, आजीविका से लेकर जैविक खेती तक, नई दिशा में काम शुरू हो चुका है। बिमला गुंज्याल बताती हैं कि गांव की महिलाओं के लिए स्वरोजगार कार्यक्रम, बच्चों के लिए ऑनलाइन शिक्षा, और बुजुर्गों के लिए स्वास्थ्य शिविर जैसे अहम काम उनकी प्राथमिकताओं में हैं। उनका कहना है कि मुझे लगा अब मेरी जरूरत गांव में है। यहां के बच्चों, महिलाओं, किसानों के लिए कुछ ठोस करना है। कर्नल नेगी का फोकस बागवानी और सेना से जुड़े युवाओं को प्रेरित करने पर है। गांव लौटे शिक्षित और अनुभवी लोगों को स्थानीय शासन में लाना, पहाड़ों की सबसे बड़ी ज़रूरत बन गया है। इससे न सिर्फ -शेष पृष्ठ दो पर

## हज-2026 के लिए आवेदन शुरू

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ ऑनलाइन आवेदन विंडो 31 जुलाई रात 11:59 बजे तक खुली रहेगी

**नई दिल्ली।** हज 2026 के लिए आवेदन मंगलवार से शुरू किया गया और ऑनलाइन आवेदन 31 जुलाई तक स्वीकार किए जाएंगे। अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय ने कहा कि हज 2026 के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी है।

हज यात्रा पर जाने वाले इच्छुक यात्री हज पोर्टल एचटीटीपीएस:// हजकमेटी डॉटजीओवीडॉटआईएन या 'हज सुविधा' मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से अपना आवेदन जमा कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन विंडो मंगलवार से 31 जुलाई रात 11:59 बजे तक खुली रहेगी। आवेदन की अंतिम तिथि को या उससे पहले जारी किया गया पासपोर्ट होना अनिवार्य है और यह कम से कम 31 दिसम्बर 2026 तक वैध होना चाहिए। हज समिति आवेदकों को आवेदन करने से पहले अपनी तैयारियों पर सावधानीपूर्वक विचार करने की सलाह दी है।

## संक्षिप्त समाचार

### मनरेगा के जरिए रोपे जाएंगे साढ़े बारह करोड़ पौधे

**लखनऊ( ब्यूरो )।** उत्तर प्रदेश में मनरेगा योजना के माध्यम से साढ़े बारह करोड़ से अधिक पौधों का रोपण किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि इस बार अभियान 'एक पेड़ मां के नाम 2-0' थीम पर आधारित होगा। पूरे प्रदेश में लखीमपुर खीरी को इस अभियान में सबसे बड़ा लक्ष्य मिला है। यहां 42 लाख पौधे लगाने की योजना बनाई गई है। इसके बाद सोनभद्र को दूसरा और हरदोई को तीसरा सबसे बड़ा लक्ष्य सौंपा गया है। इन जिलों में जलवायु और जमीन की उपलब्धता के अनुसार विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे जाएंगे। अधिकृत सूत्रों ने बतायाकि मनरेगा के अंतर्गत पौधरोपण के लिए प्रदेश में 1.89 लाख से अधिक स्थलों का चयन किया गया है। इन स्थलों को चिन्हित कर वहां की भौगोलिक और पर्यावरणीय स्थिति के अनुरूप पौधों का रोपण सुनिश्चित किया जाएगा।

### कश्मीर की पर्यटन क्षमता सुंदर परिदृश्यों तक ही सीमित नहीं

**श्रीनगर।** केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने मंगलवार को कहा कि कश्मीर की पर्यटन क्षमता यहां के सुंदर और मनोहारी परिदृश्यों से कहीं आगे तक फैली हुई है। श्री शेखावत ने आज यहां पर्यटन सचिवों की बैठक के समापन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि कश्मीर के बारे में आम धारणा काफी हद तक श्रीनगर, डल झील, गुलमर्ग, सोनमर्ग और पहलगाम जैसे प्रतिष्ठित स्थलों तक ही सीमित है। उन्होंने जम्मू -कश्मीर पर्यटन विभाग और अन्य केंद्र शासित प्रदेशों के अधिकारियों से संस्कृति-संचालित पर्यटन के जरिए अलग वैश्विक पहचान बनाने के उद्देश्य से कार्यक्रमों का वर्ष भर चलने वाला कैलेंडर तैयार करने का भी आग्रह किया।

# डब्ल्यूईई इंडेक्स करेगा महिला सशक्तिकरण का मूल्यांकन

## सीएम योगी की अध्यक्षता में हुई मीटिंग में फैसला

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को आयोजित एक महत्वपूर्ण बैठक में महिला आर्थिक सशक्तिकरण सूचकांक (डब्ल्यूईई इंडेक्स) की प्रस्तुति की गई। यह सूचकांक योजना विभाग द्वारा उदयती फाउंडेशन के सहयोग से तैयार किया गया है। इसका उद्देश्य यह है कि राज्य की योजनाओं और कार्यक्रमों से महिलाओं को कितना लाभ मिल रहा है, इसका सटीक मूल्यांकन किया जा सके और सुधार के लिए दिशा तय की जा सके। मुख्यमंत्री ने इसे 'नारी गरिमा और आत्मनिर्भरता की दिशा में उत्तर प्रदेश का एक ऐतिहासिक कदम' बताया। इस सूचकांक में पांच प्रमुख विषयों, उद्यमिता, रोजगार, शिक्षा और कौशल, आजीविका तथा सुरक्षा और आवागमन से जुड़ी सुविधाओं के आधार पर प्रदेश के सभी 75 जिलों का मूल्यांकन किया गया है। यह सूचकांक यह बताता है कि किस जिले में महिलाओं को योजनाओं का लाभ मिला और कहां अभी और प्रयासों की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री ने निर्देश



दिए कि यह सूचकांक मुख्यमंत्री नियंत्रण कक्ष से जोड़ा जाए और सभी संबंधित विभाग इसे नीति निर्माण और निगरानी के एक महत्वपूर्ण आधार के रूप में अपनाएं। प्रत्येक विभाग को निर्देशित किया गया कि वे इस सूचकांक के आधार पर अपने-अपने कार्यक्षेत्र में महिला सशक्तिकरण को प्राथमिकता देते हुए ठोस कार्य योजनाएं बनाएं। प्रस्तुति में यह भी सामने आया कि कई योजनाओं में कुछ जनपदों ने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है, जबकि कुछ जिलों में महिलाओं की भागीदारी अपेक्षाकृत कम रही। उदाहरण के लिए, लखनऊ, कानपुर नगर, वाराणसी जैसे जिलों में योजनाओं का लाभ महिलाओं तक बेहतर ढंग से पहुंचा है, जबकि श्रावस्ती, संभल, महोबा, बलरामपुर और सिद्धार्थनगर जैसे जनपदों में विशेष प्रयासों की आवश्यकता महसूस की गई है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि ओडीओपी मार्जिन मनी योजना के अंतर्गत महिलाओं को लाभान्वित करने के लिए बांदा, जालौन, जौनपुर, महोबा, श्रावस्ती और सीतापुर सहित सभी जनपदों में विशेष अभियान चलाया जाए। जिन जनपदों में अभी तक महिलाओं को अपेक्षित लाभ नहीं मिल पाया है, वहां विशेष प्रयत्न किए जाने की आवश्यकता है। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि होमगार्ड एवं शिक्षकों की नई भर्तियों में पुलिस भर्ती की तर्ज पर महिलाओं को वरीयता दी जाए। राज्य सरकार का यह दायित्व है कि महिलाओं को न सिर्फ सम्मान मिले, बल्कि उन्हें सुरक्षा बलों और शासन-प्रशासन की संरचनाओं में भी पर्याप्त प्रतिनिधित्व प्राप्त हो। यह भी निर्देश दिए गए कि तकनीकी संस्थानों, कौशल प्रशिक्षण केंद्रों और व्यवसायिक पाठ्यक्रमों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने हेतु विशेष कार्यक्रम चलाए जाएं।

# कांवड़ यात्रा मार्गों पर रहेगा उजाला

## ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने पत्रकारों को दी जानकारी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** पवित्र श्रावण मास में कांवड़ यात्रा और सुगम और निर्बाध बनाने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए-के- शर्मा ने मंगलवार को यहां पत्रकारों को बताया कि सरकार का प्रयास है कि यह यात्रा श्रद्धा, सुरक्षा और स्वच्छता के साथ संपन्न हो।

इस संबंध में ऊर्जा और नगर विकास विभाग के अधिकारियों के साथ विस्तृत बैठक की गई है। उन्होंने बताया कि ऊर्जा विभाग को निर्देशित किया गया है कि कांवड़ यात्रा मार्गों पर विशेष रूप से रात में निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, क्योंकि अधिकतर श्रद्धालु रात्रिकाल में यात्रा करते हैं। पूर्व वर्षों में कुछ स्थानों पर ऊंचे डीजे के बिजली तारों से टकराने की घटनाएं हुई थीं। इस पर नियंत्रण के लिए निर्देश दिए गए हैं कि यात्रा मार्गों पर केवल निर्धारित ऊंचाई वाले डीजे वाहन ही चलें। श्री शर्मा ने बताया कि साथ ही खुले ट्रांसफार्मरों के चारों ओर बाउंड्री बनाने तथा बिजली के खंभों को इंसुलेट करने के निर्देश भी जारी किए गए हैं ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना की आशंका समाप्त हो। उन्होंने बताया कि नगर विकास विभाग को निर्देशित किया गया है कि यात्रा मार्गों पर सभी स्ट्रीट लाइट्स को ठीक कराया जाए तथा संपूर्ण मार्ग को गड्ढा मुक्त किया जाए। सभी पॉटहोल्स को समय रहते भर दिया जाए ताकि यात्रा सुगम हो सके। यात्रियों के ठहरने के लिए पंडालों में समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए और स्वच्छता के लिए कूड़ा निस्तारण की पर्याप्त व्यवस्था हो। साथ ही यात्रा मार्गों पर मोबाइल टॉयलेट लगाए जाएं। नगर विकास मंत्री ने बताया कि महाकुंभ जैसे आयोजनों से प्रेरणा लेते हुए कांवड़ यात्रा मार्गों पर होर्डिंग के माध्यम से श्रद्धालुओं का स्वागत किया जाएगा और इसे एक 'स्वच्छ त्योहार' के रूप में मनाने का संकल्प लिया गया है।

# यूपी के हर जिले में अन्नपूर्णा भवनों का होगा निर्माण

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ लगभग दो हजार भवनों का निर्माण जारी

**लखनऊ।** सार्वजनिक वितरण प्रणाली को पारदर्शी, सशक्त और जनोन्मुखी बनाने के लिए उत्तर प्रदेश के हर जिले में अन्नपूर्णा भवनों का निर्माण किया जाएगा।

अधिकृत सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 और 2024-25 के दौरान प्रत्येक जिले में मॉडल के रूप में 75 अन्नपूर्णा भवन बनाए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। इसी क्रम में प्रदेश में अब तक तीन हजार 534 अन्नपूर्णा भवनों का निर्माण पूर्ण हो चुका है और लगभग दो हजार भवनों का कार्य निर्माणाधीन है। सरकार द्वारा मॉडल उचित दर दुकानों/अन्नपूर्णा भवनों के निर्माण में गति लाने के लिए राजकोषीय बचत से भी अन्नपूर्णा भवनों के निर्णय लिया गया है। उन्होंने बताया कि अब मनरेगा के अलावा राज्य वित आयोग, सांसद निधि, विधायक निधि, पूर्वान्चल विकास निधि, बुन्देलखण्ड विकास निधि अथवा अन्य किसी राज्य या केन्द्र सरकार की योजना, जिसमें इनका निर्माण अनुमन्य है, अन्नपूर्णा भवनों का निर्माण कराया जा सकेगा। जहां इन योजनाओं के माध्यम से धनराशि की उपलब्धता नहीं हो सकेगी, वहां खाद्य एवं रसद विभाग द्वारा बचत से धनराशि की व्यवस्था की जाएगी। इस प्रकार प्रति जिला 75-100 अन्नपूर्णा भवनों का निर्माण प्रति वर्ष कराया जा सकेगा। इसके अलावा इस भवनों के अनुरक्षण इत्यादि की व्यवस्था का भी प्राविधान किया गया है। योगी की अध्यक्षता में बीते दिनों हुए कैबिनेट बैठक में इस पर मुहर भी लगा दी गई है। अन्नपूर्णा भवनों के निर्माण में कई निधियों से धनराशि का प्रावधान किया जाना है।

## अमेरिकी कंपनी उड़ाकर ले गई करोड़ों रुपये: कांग्रेस

# सेबी की नाक के नीचे हो रहे घपले ही घपले

नई दिल्ली, वार्ता

**कांग्रेस** ने मंगलवार को कहा कि मोदी सरकार में प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) जैसी महत्वपूर्ण संस्था भी शिथिल पड़ गई है और उसकी नाक के नीचे हो रहे घोटालों से आम निवेशकों को जबरदस्त चूना लग रहा है लेकिन वह अपने दायित्वों का ठीक तरह से निर्वहन नहीं कर पा रही है।

कांग्रेस सोशल मीडिया विभाग की प्रमुख सुप्रिया श्रीनेत ने आज यहां पार्टी के नये मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि सेबी की नाक के नीचे एक बड़ा घोटाला हुआ है। घोटाला करने वाली कंपनी एक बार नहीं बार-बार घोटाले करती रही और देश के नागरिकों की गाढ़ी कमाई लेकर अपने देश भाग गई लेकिन सेबी ने समय रहते इस पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी,



■ कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि घोटाला करने वाली कंपनी देश के नागरिकों की गाढ़ी कमाई लेकर अपने देश भाग गई, लेकिन सेबी ने समय रहते इस पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की

गृह मंत्री अमित शाह और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को बताना चाहिए कि जो कंपनी बार-बार घोटाला करती रही है उसको लेकर सरकार की नींद क्यों नहीं खुली। उन्होंने कहा कि देश में तमाम संस्थाएं ऐसी हैं, जो मोदी सरकार में लगातार धराशाई होती जा रही हैं। इसमें सबसे आगे सेबी का नाम है जिसकी नाक के नीचे घोटाले-घपले होते हैं और आम निवेशकों को चूना लगाकर लूटा गया है लेकिन सरकार की नींद ही नहीं खुली। जो कंपनी जनता को चूना लगा रही है उसको देखा क्यों नहीं गया, उसकी निगरानी क्यों नहीं हुई। कंपनी ने अवैध मुनाफे के 48 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा बाहर भेज दिए लेकिन सरकार की तरफ से उस पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है। यह सबसे बड़ा सवाल है कि जब देश से पैसा बाहर जा रहा था तो कंपनी के खिलाफ कोई कार्रवाई क्यों नहीं की गई। प्रवक्ता ने कहा कि एक कंपनी देश में आती है, पैसा बनाती है और देश की जनता का पैसा लूटकर वापस चली जाती है। कमाल तो यह है कि विपक्ष के नेता राहुल गांधी इसको लेकर बार- बार चेतावनी देते रहे लेकिन सरकार ने कई साल तक इसकी सुध नहीं ली और अब हजारों करोड़ रुपए देश से घोटाला कर बाहर चले गए हैं और उसकी एवज में जो वसूली की गई वह बहुत कम है। उन्होंने कहा कि अल्गो ट्रेड ऑपरेटर अमेरिका की कंपनी है, जो कि भारत के शेयर बाजार और डेरिवेटिव मार्केट में एकसाथ ऑपरेट कर रही थी और अवैध मुनाफा कमा रही थी।

## बिहार में खत्म हो गई कानून-व्यवस्था: खड़गे



**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बिहार की नीतीश सरकार पर निशाना साधते हुए कहा है कि राज्य में शासन नाम की कोई चीज नहीं रह गई है और अपराधियों के हौसले इतने बुलंद हैं कि खुलेआम हत्याएं की जा रही है और पुलिसकर्मियों पर हमला किया जा रहा है। श्री खड़गे ने आज कहा कि जनता दल यू और भाजपा सरकार में बिहार अपराध की राजधानी बन गया है और अपराधियों के हौसले बढ़ गए हैं। बिहार में अपराधों की बाढ़ को देखते हुए वहां निवेश नहीं हो रहा है और बिहार बदहाल हो रहा है इसलिए वहां इस बार बड़ा बदलाव होना तय है। उन्होंने कहा कि बिहार में अवसरवादी डबल इंजन सरकार ने क़ानून व्यवस्था तबाह कर दी है। पिछले छह माह में आठ कारोबारियों की हत्या और पांच बार पुलिसकर्मियों की पिटाई की घटनाएं हुई है।



सेंसेक्स 83712.51
निफ्टी 25522.50



सोना रु. 97195
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 107690
प्रति किलो



# अमेरिकी समझौते की उम्मीद से बाजार में तेजी

मंबई, वार्ता

**स्थानीय** शेयर बाजारों में मंगलवार को भारत-अमेरिका के बीच एक लघु व्यापार समझौते की उम्मीद के बीच आखिरी दौर के कारोबार में खास कर बैंकिंग, वित्तीय और बिजली क्षेत्र की कंपनियों के शेयरों को लिवाली के समर्थन से प्रमुख सूचकांकों में हल्का सुधार दर्ज किया गया।

सोमवार की तरह आज भी सीमित और सावधानी भरे कारोबार के कारण बाजार सुस्त चल चल रहा था और प्रमुख सूचकांक पिछले स्तर पर बने हुए थे। आखिरी समय में लिवाली का समर्थन बढ़ गया था। आखिरी दौर की लिवाली के समर्थन से बीएसई सेंसेक्स 270.01 अंक यानी 0.32 प्रतिशत की बढ़त के साथ 83,712.51अंक



पर तथा नेशलन स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी.50 भी इसी तहर दिन में अधिकांश समय गिरावट में रहने के बाद अंत में 61.20 अंक यानी 0.24 प्रतिशत की हल्की बढ़त के साथ 25,522.50 पर बंद हुआ। वैश्विक अनिश्चितताओं और स्थानीय स्तर पर किसी ठोक संकेत के अभाव में बाजारों में अब भी नरमी का रुख बरकार है। बीएएसई सेंसेक्स कल 83,442.50 पर बंद हुआ था। बाजार आज 83,387.03 पर नरमी के साथ खुला था और कारोबार के दौरान सेंसेक्स ऊपर में 83,812.31 और नीचे में 83,320.95 तक गया था। एनएसई 25,427.85 पर खुलने के बाद ऊपर में 25,548.05 और नीचे में 25,424.15 तक गया था। एनएसई के व्यापक बाजार में कुल 3023 कंपनियों के शेयरों का लेन-देन दर्ज किया गया। इनमें 1352 लाभ में और 1564 घाटे में बंद हुए 108 शेयरों में स्थिरता रही। बीएसई सेंसेक्स के 30 में से 18 शेयर 0.22 प्रतिशत से 3.61 प्रतिशत तक लाभ में रहे। सबसे अधिक लाभ कोटक बैंक बैंक में हुआ जबकि आईटीसी लाभ वाले शेयरों में सबसे नीचे रहा।

मोतीलाल ओसवाल फाइनेंसियल सर्विसेज के शोध,धन प्रबंधन प्रभाग के प्रमुख सिद्धार्थ खेमका ने कहा कि आज के सत्र के अधिकांश समय बाजार में मंदी रही, लेकिन ऐसी रिपोर्टों के बीच कि भारत और अमेरिका के बीच लंबे समय से प्रतीक्षित एक छोटे व्यापार सौदे की आज घोषणा की जा सकती है, आखिरी दौर में सुधार हुआ। उन्होंने कहा कि अमेरिका द्वारा बंगलादेश पर 35 प्रतिशत आयात शुल्क लगाए जाने की घोषणा के बाद कपड़ा शेयरों में तेजी आई।

## सोना महंगा होकर 97,195 पर पहुंचा

**नई दिल्ली।** मंगलवार को सोने-चांदी के दाम में तेजी रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के अनुसार 24 कैरेट सोने का दाम 599 रुपए बढ़कर 97,195 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। कल इसका दाम 96,596 रुपए पर था। वहीं चांदी की कीमत 1,159 रुपए बढ़कर 1,07,690 रुपए प्रति किलोग्राम हो गई है। कल चांदी का दाम 1,06,531 रुपए किलो था। 18 जून को चांदी ने 1,09,550 और सोने ने 99,454 का ऑल टाइम हाई बनाया था।

देश के चार महानगरों दिल्ली में 24 कैरेट सोने की कीमत 98,990 और 22 कैरेट सोने की कीमत 90,750 रही, जबकि मुंबई में 24 कैरेट सोने की कीमत 98,840 और 22 कैरेट सोने की कीमत 90,600 रही। वहीं कोलकाता में 24 कैरेट सोने की कीमत 98,840 और 22 कैरेट सोने की कीमत 90,600 थी, जबकि चेन्नई में 24 कैरेट सोने की कीमत 98,840 और 22 कैरेट सोने की कीमत 90,600 रही। केडिया एडवाइजरी के डायरेक्टर अजय केडिया कहते हैं कि जियो पॉलिटिकल टेंशन बने हुए हैं। इजराइल और ईरान के बीच तनातनी से गोल्ड को सपोर्ट मिल रहा है।

# धान का रकबा बढ़ा, दलहन तिलहन के रकबे में दिखाई दी तेजी

नई दिल्ली, वार्ता

देश में इस साल खरीफ सीजन की प्रमुख फसलों की बुवाई में सरकारी आंकड़ों के अनुसार तेजी देखी जा रही है। कृषि मंत्रालय से मंगलवार को प्राप्त अद्यतन आंकड़ों के अनुसार बीते साल की तुलना में इस साल खरीफ फसलों का रकबा 43.66 लाख हेक्टेयर अधिक है।

आंकड़ों के अनुसार धान का रकबा बीते साल की तुलना में 4.78 लाख हेक्टेयर बढ़ गया। खरीफ 2024-25 में अब तक धान का रकबा 64.52 लाख हेक्टेयर था जो इस समय 69.30 लाख हेक्टेयर तक पहुंच गया है। दलहन का रकबा भी खासा बढ़ गया है। पिछले वर्ष दलहन की बिजाई 31.48 लाख हेक्टेयर में हुई थी पर अब इसका क्षेत्रफल बढ़ कर 42.57 लाख हेक्टेयर हो चुका है। धान और दलहन के अलावा मोटे अनाजों का रकबा 13.40 लाख हेक्टेयर और तिलहन का 13.31 लाख हेक्टेयर के साथ एक साल पहले इसी अवधि की तुलना में ज्यादा पर



चल रहा है। नगदी फसलों में ईख का रकबे में मामूली तेजी देखी गई है। पिछले साल इस समय तक 55.16 लाख हेक्टेयर में यह फसल लगी थी पर अब ये क्षेत्रफल बढ़कर 52-51 लाख हेक्टेयर हो गया है। कपास का रकबा भी 0.96 लाख हेक्टेयर बढ़ गया है। इस साल रागी, रामतिल, अरंडी और जूट के रकबे में मामूली गिरावट आई है ।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**ट्रम्प की...** लागू हो सकें। अब ये डेडलाइन बढ़ाकर एक अगस्त कर दी गई है। न्यूयॉर्क टाइम्स ने अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से कहा है कि ट्रम्प इस हफ्ते कई देशों के साथ ट्रेड डील का ऐलान कर सकते हैं। भारत और अमेरिका के बीच ट्रेड डील बहुत करीब पहुंच चुकी है। यूरोपीय यूनियन भी अमेरिका के साथ समझौता करने के काफी नजदीक है। इसके साथ ही पाकिस्तान, ताइवान और स्विट्जरलैंड जैसे दूसरे देश में अमेरिका के साथ ट्रेड डील करने का रास्ता तलाश रहे हैं। अब तक अमेरिका ने सिर्फ ब्रिटेन और वियतनाम के साथ दो शुरुआती डील की हैं। हालांकि, इन समझौतों में ज्यादा जानकारी सार्वजनिक नहीं की गई है। वियतनाम वाले सौदे में तो किसी भी पक्ष ने यह भी साफ नहीं किया कि वास्तव में किन बातों पर सहमति बनी है। कुछ रिपोर्ट्स के मुताबिक अमेरिका ने ब्रिटेन पर 10प्रतिशत का टैरिफ लगाया है। इसके अलावा स्टील और एल्युमीनियम पर अलग से अमेरिका 25 प्रतिशत का टैरिफ लगाएगा। वहीं, ब्रिटेन, अमेरिकी सामानों पर 0 प्रतिशत टैरिफ लगाएगा। वहीं, अमेरिका ने वियतनाम पर 20 प्रतिशत टैरिफ लगाया है। यानी कि वियनताम के सामान अमेरिका में 20 प्रतिशत ज्यादा कीमत पर बिकेंगे। वहीं, वियतनाम ने अमेरिकी सामानों पर 0 प्रतिशत टैरिफ लगाया है। जापान और साउथ कोरिया अमेरिका के करीबी साथी हैं, लेकिन उनके साथ अमेरिका की ट्रेड डील नहीं हो पाई। इसकी वजह यह भी है कि दोनों देशों में चुनाव होने वाले हैं। साथ ही ट्रम्प इन दोनों देशों के सबसे अहम प्रोडक्ट्स जैसे कि कार, स्टील और इलेक्ट्रॉनिक्स पर अलग से ज्यादा टैरिफ लगाने की बात भी कर रहे हैं। ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की मेजबानी करते हुए पत्रकारों से भी बात की।

**क्रिकेटर यश...**अपने परिवार से भी मिलवाया, जिन्होंने कथित तौर पर उसे अपनी बहू के रूप में स्वीकार कर लिया। उसका दावा है कि इस कृत्य ने उसके विश्वास को और गहरा कर दिया और वह भावनात्मक रूप से कमजोर हो गई। एफआईआर में लिखा है कि पिछले पांच सालों से शिकायतकर्ता क्रिकेटर के साथ रिलेशनशिप में थी। उसने शादी का झूठा वादा करके उसका भावनात्मक, मानसिक और शारीरिक शोषण किया। धोखे का एहसास होने पर उसने विरोध किया, जिसके बाद उसे शारीरिक हिंसा और मानसिक शोषण का सामना करना पड़ा। शिकायतकर्ता ने दयाल पर वित्तीय शोषण का भी आरोप लगाया है और खुलासा किया है कि उसने अन्य महिलाओं के साथ भी इसी तरह के संबंध बनाए रखे। 14 जून को महिला हेल्पलाइन (181) से संपर्क करने के बावजूद, उसका दावा है कि स्थानीय पुलिस ने शुरू में कार्रवाई नहीं की। अब, उसने हस्तक्षेप की मांग करते हुए मुख्यमंत्री कार्यालय से संपर्क किया है।

**ड्रीमलाइनर:** एविएशन ऑर्गनाइजेशन) के एक विशेषज्ञ को ऑब्जर्वर के तौर पर शामिल होने की इजाजत भारत सरकार ने दे दी है। आईसीएओ ने जांच में शामिल होने की इजाजत मांगी थी। भारत ने पारदर्शिता के साथ जांच करने के इरादे से संयुक्त राष्ट्र को इसमें शामिल करने का फैसला लिया है। हादसे की जांच 13 जून से ही एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो (एएआईबी) की टीम कर रही है। इसमें विमानन चिकित्सा विशेषज्ञ, एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) अफसर और अमेरिका की एनटीएसबी के प्रतिनिधि भी शामिल हैं।

**छांगुर बाबा...**जब्तीकरण की कार्यवाही की जा रही है। एटीएस द्वारा आरोपी बाबा संग गिरफ्तार की गई नसरीन उर्फ नीलू की संपत्ति को भी जब्त किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि बाबा के झांसे में धर्मांतरण कर फंसी नीतू भी धर्मांतरण में मददगार थी। यूपीएसटीएफ ने लखनऊ में करीब आठ माह पूर्व आरोपी बाबा के विरुद्ध मुकदमा कायम कराया था, जिसमें दस लोगों को नामजद किया गया था। इनमें कई आरोपियों को एटीएस गिरफ्तार कर चुकीं है। श्री अग्रवाल ने बताया कि 40 धार्मिक संस्थाओं की स्थापना के नाम पर बाबा को करीब सौ करोड़ रुपये की फंडिंग की गई। उन्होंने बताया कि प्रकाश में आए सीजीएम कोर्ट पर क्लर्क राजेश उपाध्याय और उसकी पत्नी संगीता पर भी कड़ी कार्यवाही की जा रही हैं। अवैध धर्मांतरण के गिरोह का नेटवर्क महाराष्ट्र तक फैला है। एटीएस की एफआईआर में मापुर उतरौला के जलालुद्दीन उर्फ झांगुर बाबा, महबूब, नीतू उर्फ नसरीन, नवीन उर्फ जलालुद्दीन के साथ ही मोहम्मद सवरोज, रशीद, गैडास बुजुर्ग थाना क्षेत्र के रेहरामाफी निवासी शहाबुद्दीन, गोंडा के गानेपुर थाना क्षेत्र के रेतवागाड़ा निवासी रमजान, महाराष्ट्र के नागपुर शहर के मांगपुर निवासी ईदुल इस्लाम व एक अज्ञात का नाम शामिल हैं। एटीएस का दावा है कि आजमगढ़ में भी एक मुकदमा छांगुर के सहयोगियों पर दर्ज है। यही नहीं अब नामजद के अलावा आठ अन्य लोग भी आरोपित किए गए हैं। इस तरह 18 में चार की ही गिरफ्तारी हो पाई है। 14 लोगों की तलाश के लिए एटीएस ने अलग-अलग टीमें बनाई है, जो संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है।

**गांवों में...**विकास होगा, बल्कि पलायन भी रुकेगा। यह सिर्फ वापसी नहीं, क्रांति है। आईपीएस विमला गुंज्याल और कर्नल यशपाल सिंह नेगी की यह वापसी भावनात्मक भी है और रणनीतिक भी। यह बताता है कि पहाड़ केवल खूबसूरत नहीं, बल्कि संभावनाओं से भरे हुए हैं। बस उन्हें देखने और संवारने की ज़रूरत है। इन दोनों के कदमों से कई प्रवासी उत्तराखंडियों के मन में भी गांव लौटने की ललक जगी है।।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# कार्यालय नगर पंचायत बुढ़ाना, मुजफ्फरनगर।

## सभी देशवासियों को शाह टाइम्स रजत जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं

**नगर पंचायत बुढ़ाना, नगर को स्वच्छ रखने के लिये पूर्ण रूप से प्रयत्नशील है और अपने नागरिकों से निम्न अपील करती हैः–**

1. जल अमूल्य है, इसे व्यर्थ न बहायें।
2. नगर पंचायत के सभी करों का भुगतान समय से करें।
3. जन्म–मृत्यु का पंजीकरण समय से करायें।
4. पॉलीथीन की थैलीयों का प्रयोग स्वास्थ्य के लिये हानिकारक है इनका प्रयोग कदापि न करें।
5. डेंगू, चिकनगुनिया, टाईफाइड जैसे संचारी रोगों के प्रकोप से बचने हेतु अपने पास पानी जमा न होने दें।
6. घर का कूड़ा पृथक–2 कर (गीला व सूखा कूड़ा) ही नगर पंचायत की कूड़ा गाड़ी में डालें।
7. सरकारी भूमि पर अतिक्रमण न करें।
8. नगर आपका है, इसे स्वच्छ बनाये रखें।

**(आलोक रंजन)**
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत बुढ़ाना

**(उमा त्यागी)**
अध्यक्ष
नगर पंचायत बुढ़ाना

**समस्त सभासदगण नगर पंचायत बुढ़ाना**

# गेस्ट हाउस के पास मिला मंदबुद्धि व्यक्ति का शव

## मृतक की उम्र 50 वर्ष के आस-पास, शराब का आदी बताया गया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** एक युवक का शव मंगलवार के दिन सड़क पर पडा मिला। पुलिस ने मृतक व्यक्ति के शव को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरु कर दी है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार मृतक मंदबुद्धि और नशे का आदी था। मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार की दोपहर लगभग 02 बजे बुढाना पुलिस को बुढ़ाना कस्बे के कांधला रोड पर स्थित लोक निर्माण विभाग के निरीक्षण भवन के सामने सडक पर किसी व्यघक्ति का शव पडा होने की सूचना मिली। तब सूचना मिलते ही बुढ़ाना पुलिस कुछ ही देर बाद मौके पर पहुंच गई। बुढ़ाना पुलिस ने शव की घशिनाख्त करवाने का पूरा प्रयास किया लेकिन मृतक व्यक्ति की शिनाख्त नहीं हो सकी। इस संबंध में जब बुढ़ाना पुलिस से बात. चीत हुई तो बुढ़ाना पुलिस ने बताया कि जिसघ व्यक्ति का शव सड़क पर पड़ा मिला है उसकी आयु लगभग 50 वर्ष के करीब है। मृत व्यक्ति पैंट और शर्ट पहने हुए है। यह व्यक्ति मांगकर खाने वाला मंदबुघ्द्धि व्यघक्ति था। उधर वहीं दूसरी और घटनास्थल के आसपास स्थित कुछ दुकानदारों का कहना है कि मृत व्यक्ति नशे का आदि था वहीं बुढ़ाना पुलिस का यह भी कहना था कि अत्यधिक नशे के कारण शायद भीषण गमह्ल में उसकी मौत हो गयी हो। उसके शरीर पर मारपीट अथवा काटने का कोई निशान नही मिला। बुढ़ाना पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## ट्रक की टक्कर से भैंसे की हुई दर्दनाक मौत

**बुढ़ाना।** तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से एक भैंसें की दर्दनाक मौत हो गयी। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना ब्लाक क्षेत्र में स्थित मेरठ वाया करनाल हाइवे पर मंगलवार की सुबह लगभग नौ बजे दिनघ सडक किनारे गांव लोई के निवासी अय्यूब अहमद के खेत हैं। बताया जाता है कि अय्यूब अपनी भैंसा बुग्गी लेकर अपने खेत पर पशुओं के लिए चारा लेने के लिए गया हुआ था। तब अय्यूब अहमद ने मेरठ वाया करनाल हाइवे पर सडक के किनारे अपनी भैंसा बुग्गी रोक दी और अपने खेत में काम करने के लिए चला गया।

इसी दौरान शामली जनपद की ओर से आए तेज रफ्तार एक ट्रक के चालक ने ट्रक की टक्कर भैंसा और बुग्गी में जोरदार तरीके से मार दी। जिसमें ट्रक की टक्कर लगते ही बुग्गी टूट गई और भैंसें को काफी चोटें आई तो गंभीर रूप से घायल भैंसें ने मौके पर ही तड़प तड़पकर दम तोड दिया। उधर ट्रक का चालक ट्रक सहित मौके से फरार होने में कामयाब हो गया। उधर दूसरी और घटना की सूचना मिलते ही फुगाना पुलिस और ग्रामीण ने मौके पर पहुंचकर किसान अय्यूब अहमद को सांत्वना दी।घ्घटना की तहरीर किसान अय्यूब अहमद ने फुगाना पुलिस को दे दी है। पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक की तलाश शुरु कर दी है।

# सुविधा शुल्क बिना नहीं बन रहा किसी भी पात्र का राशन कार्ड

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** ना जाने कितने पात्र लोग अपना राशनघ कार्ड बनवाने के लिए ऐड़ी से चोटी तक का जोर लगा रहे हैं और बुढ़ाना तहसील का चक्कर पर चक्कर काट रहे हैं लेकिन बिना सुविधा शुल्क के उनका राशनघ कार्ड नहीं बनाया जा रहा है। आज मंगलवार के दिन बुढ़ाना क्षेत्र के एक पात्र गरीब व्यक्ति ने बुढ़ाना तहसील के पीछे स्थित आपूर्ति विभाग के कार्यालय के बाहर अपना दुखड़ा मीडिया को सुनाते हुए बताया कि इस तहसील बुढाना में आपूर्ति विभाग द्वारा हम जैसे गरीबों का उत्पीड़न किया जा रहा है। यह उत्पीड़न रुकने का नाम नहीं ले रहा है। वे कई सालों से अपना राशन कार्ड बनवाने के लिए बुढ़ाना तहसील के चक्कर पे चक्कर काट रहे हैं फिर भी इस समस्या का कोई भी स्थाई समाधान नहीं हो पा रहा है। इसी तरह से ना जाने कितने व्यक्ति हैं जो तहसील बुढाना में आपूर्ति विभाग के चक्कर काटकर थक हारकर राशन बनवाने की उम्मीद खोकर घर बैठ चुके हैं। अगर इस गरीब व्यक्ति की बात पर यकीन किया जाए तो वाकई में यह सच है कि आपूर्ति विभाग द्वारा गरीबों का उत्पीड़न रुकने का नाम नहीं ले रहा है। कई बार गरीबों को राशन कार्ड बनवाने या प्राप्त करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है या फिर उन्हें उचित मात्रा में राशन नहीं मिलता है। इसके अलावा भ्रष्टाचार और अनियमितताएं भी एक बड़ी समस्या है। इस संबंध में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता इमरान जिया ने कहा कि गरीबों का उत्पीड़न रोकने के लिए आपूर्ति विभाग को आवश्यक कदम उठाने चाहिएं। जिनमें राशन कार्ड बनवाने और राशन वितरण की प्रक्रिया को अधिक पारदशह्ल बनाना चाहिए। गरीबों को राशन कार्ड बनवाने और प्राप्त करने में आसानी होनी चाहिए। गरीबों को उनके अधिकारों और सुविधाओं के बारे में जागरूक करना चाहिए। भ्रष्टाचार व अनियमितताओं में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। गरीबों की शिकायतों को गंभीरता से सुना जाना चाहिए और उनका निवारण किया जाना चाहिए। इसके अलावा गैर सरक. ारी संगठनों और नागरिक समाज को भी इस मुद्दे पर सक्रिय रूप से काम करना चाहिए।

# अधेड़ ने भोपा गंग नहर मे लगाई छलांग



**भोपा।** भोपा नहर पुल से अधेड व्यक्ति ने नहर मे छलांग लगा दी।राहगीरों ने वहां मौजूद पुलिस को सूचना दी। मौके पर मिली डायरी की सहायता से परिजनों को सूचना दी गयी। जिसके बाद ग्रामीण की नहर मे तलाश शुरू की गयी।

भोपा गंग नहर पुल से मंगलवार की दोपहर अधेड व्यक्ति द्वारा गंग नहर मे कूदकर आत्महत्या करने से मौके पर भीड़ इकट्ठा हो गयी। पुलिस ने मौके से चप्पल, एक अंगोंछा व एक डायरी बरामद हुई डायरी मे लिखें फोन नंबर के आधार पर गायब हुए अधेड की पहचान ओमपाल सिंह 60 वर्ष निवासी गांव दतियाना थाना छपार के रूप मे हुई। थाने पहुंचे परिजनों ने सी सी टी वी कैमरे की फुटेज व सामान की पहचान की। गायब ओमपाल सिंह के भाई सोमपाल सिंह ने बताया की ओमपाल सिंह मानसिक रूप से परेशान चल रहा थे।किसान ओमपाल सिंह के परिवार मे पत्नी शशि,पुत्र विनीत व अमित हैं।वहीं गायब ओमपाल सिंह की तलाश गंग नहर मे शुरू कर दी गयी।

## भांजे को शुगर की बीमारी से बचाने के लिए मन्नत मांगकर उठाई कांवड़

**मुजफ्फरनगर।** हरिद्वार से पवित्र गंगाजल लेकर कांवड़ियों का जत्था आना शुरू हो गए हैं। इस बार कलश कावड़ अधिक संख्या में आ रही है। हर कोई अपनी अपनी मन्नत के हिसाब से जल उठा रहा है। इसी कड़ी में देर रात पानीपत जिले के शिमला गुजरात गांव निवासी कांवड़ियों की टोली 121 लीटर गंगाजल लेकर शिव चौक पर पहुंची। शिमला गुजरान निवासी सोनू भोला, दीपक, उज्ज्वल, प्रवीण ओर करण भोला ने हरिद्वार से 121 लीटर गंगाजल उठाया है। सोनू भोला ने बताया कि उसके भांजे अनीश को शुगर की बीमारी हो गई है। जिसके लिए उसने मन्नत मांगी थी। अब वह कलश कावड़ लेकर शिव चौक पर पहुंचे है। उन्होंने 1 जुलाई को गंगाजल उठाया था।

## बेलड़ा गंग नहर मे डूबे युवक की तलाश जारी

**भोपा।** चार दिन पूर्व गंग नहर मे कूद कर जान देने वाले मजदूर ग्रामीण की गंग नहर मे तलाश जारी है। भोपा थाना क्षेत्र के गांव बेलड़ा निवासी परशुराम बीते चार जुलाई की देर शाम बस स्टेण्ड पर मौजूद था की अचानक वह गंग नहर पुल की ओर दौड़ा ओर तुरंत ही पुल से गंग नहर मे छलांग लगा दी।

ग्रामीणों व परिजनों द्वारा परशुराम की तलाश की गयी किन्तु उसका कोई पता नहीं चल सका। मंगलवार को भी गोताखोर द्वारा परशुराम की तलाश नहर मे की गयी। 50 वर्षीय परशुराम पेशे से मजदूर है जिसके परिवार मे पत्नी सुनीता के अलावा पुत्र आकाश व दीपक तथा पुत्री चांदनी,निधि,तथा शालू हैं।

# छेड़छाड़ के आरोपी डा.के क्लीनिक पर हंगामा

**मुजफ्फरनगर।** सिविल लाईन थाना क्षेत्र के अन्तर्गत महावीर चौक के निकट एक चर्म रोग विशेषज्ञ के क्लीनिक पर आज उस वक्त हंगामा हो गया, जब दिखाने आयी युवती ने डाक्टर पर अभद्रता करने का आरोप लगाया। डाक्टर पर छेड़खानी का आरोप लगने से गुस्सायें लोगों ने जब उसके खिलाफ कार्यवाही की मांग उठायी तो अन्य चिकित्सकों ने वहां आकर लोगों को समझाया और कहा कि बुजुर्ग चिकित्सक का व्यवहार जरूर रूखा है, लेकिन वह ऐसा नही कर सकता। बाद में डाक्टर के आरोप लगाने वाली युवती को अपनी बेटी बताते हुए यह कहकर खेद जताया गया कि उसके किसी व्यवहार से यदि लडकी को कुछ गलत लगा तो उसके लिए वह माफी मांगता है। समाज के गणमान्य लोगों ने डाक्टर को नसीहत दी कि वह अपने क्लीनिक पर महिला स्टाफ भी रखें और जो महिलाएं उन्हे दिखाने आती है उनके उपचार के वक्त उन्ही के परिवार की महिला को मौजूद रखें, अन्यथा महिला स्टाफ की मौजूदगी में महिला रोगियों को देखा जाये जिसे उन्होंने मान लिया। हंगामा करने वालों का कहना था कि डाक्टर पहले भी ऐसा कर चुका है। हंगामे के दौरान उनके मरीज वहीं बैठे रहे और डाक्टर के माफी मांगने पर अन्य डाक्टर भी वहां से चले गये

# चोरों ने दो नलकूपों को बनाया निशाना

**मोरना।** थाना ककरौली क्षेत्र के गांव कम्हेड़ा व ढांसरी के जंगल मे चोरो ने टड्बू वैल मे चोरी की घटना को अंजाम दिया है। ककरौली थाना क्षेत्र के गांव कम्हेड़ा निवासी मौ.रशीद व गांव ढांसरी निवासी धनपाल ने बताया कि उनके खेत कम्हेड़ा के जंगल में स्थित हैं।रात्री मे अज्ञात चोरों ने उनके नलकूपों के ताले तोड़कर वहां से मोटर व अन्य उपकरण चोरी कर लिए। सुबह जब वह खेतों पर पहुंचे तो घटना के बारे में जानकारी हुई। दो दिन पूर्व भी क्षेत्र में चोरों ने आधा दर्जन नलकूपों को निशाना बनाया था। लगातार हो रही टड्बवैल चोरी की घटनाओं से ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। पीड़ित किसानों ने पुलिस से चोरो को शीघ्र गिरफ्तार करने व क्षेत्र में गश्त बढ़ाने की मांग की है।

# जाहरवीर गोगा महाडी कांवड़ सेवा शिविर का उद्घाटन

**पुरकाजी।** यूपी रत्न व पूर्व जिला पंचायत सदस्य डॉ. संदीप वर्मा और मंडल अध्यक्ष अजय पवार ने जाहरवीर गोगा महाडी कावड़ सेवा शिविर का उद्घाटन किया। यह शिविर पिछले 20 वर्षों से शिव भक्त कावड़ियों के लिए भंडारे का आयोजन करता आ रहा है। भगत सुरेश कश्यप ने आज से भंडारा शुरू कराया, जिसमें गंतव्य की ओर प्रस्थान कर रहे भोले भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया।

उद्घाटन समारोह में डॉ. संदीप वर्मा, अजय पवार, पीयूष राणा, विपिन गोयल, अमन गोयल, अमित गोयल, दीपक कश्यप, अमित कश्यप, राजू कश्यप, रिंकू कश्यप, पप्पू धीमान, शिव कुमार पाल, सुमित शर्मा, नीरज सैनी, मनोज पाल, विकास पाल, रक्षित मित्तल, संजय प्रजापति, मोनू प्रजापति सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।



# प्राथमिक विद्यालय में हुआ पाठ्य पुस्तकों का वितरण

**मोरना।** गांव बेहड़ा सादात स्थित प्राथमिक विद्यालय में नि:शुल्क पाठ्य पुस्तक वितरण किया गया। पाठ्य पुस्तक पाकर बच्चे खुशी से गदगद हो गये।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खंडशिक्षा अधिकारी ध्यानचंद सिंह ने कहा कि शिक्षा के बिना कोई भी समाज विकास नहीं कर सकता। शिक्षा पर प्रत्येक का अधिकार है।शिक्षा के प्रति प्रत्येक को जागरूक करने के लिए हमें निरंतर प्रयास करने चाहिए।शिक्षा सामा. जिक समानता का आधार है। शिक्षित व्यक्ति अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होता है। प्रधानाध्यापक कपिल तोमर ने बताया कि विद्यालय में अध्यनरत कक्षा एक, दो तीन के बच्चों को पाठड पुस्तकें नि:शुल्क वितरित की गई हैं। इस दौरान विशिष्ट अतिथि बबलू चौधरी, नोडल शिक्षक संदीप कुमार, कंवरपाल सिंह, सहायक अध्यापक अभिषेक कुमार, यतेंद्र कुमार, हरवीर सिंह, सरला देवी, शशि, रीना, सुशीला, रेखा आदि उपस्थित रहे।




# अवैध रूप से पटाखे बनाने वाले 3 युवक धरे गए

**बुढ़ाना।** पुलिस ने अवैध रुप से एक मकान में पटाखे बनाने वाले तीन लोगों को गिरफ्तार करते हुए उनके कब्जे से भारी मात्रा में पटाखे बरामद किए हैं। मिली जानकारी के अनुसार कस्बा इंचार्ज संदीप कुमार को सूचना मिली कि रिजवान अपने घेर में अपने दोस्तो संग चंधेडी रोड मदरसे के पीछे पटाखे बना रहा है।

सूचना पर मौके पर पुलिस बल पहुंचा और घेर में मौजूद रिजवान निवासी ग्राम हुसैनपुर कलां, साजिद और आसिफ निवासीगण चंधेडी रोड बुढ़ाना को पकड़कर मौके से भारी मात्रा में पटाखे, प्लास्टिक के कटे और पटाखे बनाने के उपकरण बरामद किए। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि हम तीनों पिछले कुछ समय से कच्चा विस्फोटक सामान बारूद आदि खरीद लाते हैं तथा इसी बारूद से अलग अलग तरीके के सूतरी बन्द व अन्य पटाखे बनाने का काम करते हैं।

हमारे पास विस्फोटक सामान बारूद आदि खरीदने का कोई लाईसेन्स भी नही है लेकिन चोरी छिपे विस्फोटक सूतली बन्द व अन्य पटाखे बनाने का काम करते हैं। पटाखे बनाने में हमे काफी मुनाफा होता है। इस काम में हम तीनों ही हैं। हम सभी जो भी मुनाफा होता हैं उसे बराबर बांट लेते हैं। कच्चे विस्फोटक से जब सूतरी बम्ब व अन्य पटाखे तैयार हो जाते हैं तो हम इन पटाखो व सूतरी बम्बों को बाजार में व आसपास के शहर व कस्बो मे चोरी छिपे बेच देते हैं। हम कई दिन से पटाखे बना रहे थे आज भी हम पटाखे बना रहे थे कि पकडे गये। पुलिस ने तीनों को जेल भेज दिया है।

# सामाजिक सेवा में अग्रवाल समाज अग्रणी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** श्री अग्रवाल सभा भवन अबूपुरा में एक नि: शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया इसका उद्घाटन नगर पालिका परिषद अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप एवं मुजफ्फरनगर मेडिकल कॉलेज के डायरेक्टर गौरव स्वरूप ने किया कार्यक्रम की अध्यक्षता सभा के अध्यक्ष सौरभ स्वरूप बंसल ने की और संचालन महामंत्री अनिल तायल ने किया कार्यक्रम के संयोजक पवन बंसल रहे मुख्य रूप से सीनियर डॉक्टर मुजफ्फरनगर मेडिकल कॉलेज से आए( senior doctor image Aslam doctor Vrindavan Mittal doctor sajal daw Raunak doctor Azam Thorat doctor Ali Khan doctor Sangeeta aur unke Sath technician Mahi Saini aur Kartik upsthit hue सर्वप्रथम महाराजा अग्रसेन की आरती कार्यालय अर्पण कर एवं का शुभारंभ किया गया कैंप में आए हुए मरीजों को निशुल्क दवाइयां भी उपलब्ध कराई गई कैंप में मुख्य रूप से सभा के पूर्व अध्यक्ष सुनील गोयल, ऑडिटर बॉबी पूर्व सभासद जनार्दन स्वरूप गर्ग हमदर्द वाले, शरद गुप्ता, तरुण मित्तल सदस्य, मयंक बंसल उपाध्यक्ष, नरेशगढ़ गिरधारी, अनिल बंसल कोषाध्यक्ष, वीरेंद्र मित्तल सदस्य, कमल सब मौला वाले मौजूद रहे।



# तेजाब फेंककर महिला ने किया हमला, पीड़ित ने कोतवाली में दी तहरीर

**शाहटाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** जैन नगर में एक महिला द्वारा तेजाब फेंककर हमला करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पीड़ित बालकराम पुत्र रणधीर ने कोतवाली में तहरीर देते हुए आरा. ेप लगाया कि उसकी पड़ोसी महिला ने उसके घर पर तेजाब फेंककर उसकी मां राजकली और बेटे हिमांशु को जान से मारने की नीयत से हमला किया।

पीड़ित का कहना है कि आरोपी महिला आए दिन उसके घर पर तेजाब और अन्य खतरनाक सामान फेंककर उसे और उसके परिवार को परेशान कर रही है। कई बार वह और उसके परिवार. जन इस प्रकार के जानलेवा हमलों से बाल-बाल बच चुके हैं। बाल. कराम ने पुलिस से कार्रवाई की मांग करते हुए बताया कि लगातार हो रहे इन हमलों से उसका परिवार दहशत में है। वहीं, पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामला की जांच-पड़ताल शुरू कर दी है।

स्थानीय लोगों ने भी घटना पर नाराजगी जताते हुए कहा कि यदि समय रहते कार्रवाई न हुई, तो कोई बड़ी अनहोनी हो सकती है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने मौके की जांच की है और संबंधित महिला से पूछताछ की तैयारी में जुट गई है। वही पुलिस जांच के बाद दोनों पक्षों में समझौता हो गया था। दोनों पक्षों में समझौता होने के बाद पुलिस ने राहत सास ली है।

# प्राथमिक विद्यालय में चोरी

**मोरना।** प्राथमिक विद्यालय की रसोई का ताला तोड़कर चोरो ने हजारों का सामना चोरी कर लिया।प्रधान अध्यापिका ने पुलिस को तहरीर देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है।

भोपा थाना क्षेत्र के गांव मोरना स्थित प्राथमिक विद्यालय नंबर दो की प्रधान अध्यापिका कल्पना शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि मंगलवार की सुबह भोजन माता अनीसा स्कूल में पहुंची तो रसोईघर का ताला टूटा मिला।रसोई से चोरों ने गैस सिलेंडर,कुकर प्रेशर,खाना बनाने के बर्तन, स्टेण्ड फेन,पांच बांट आदि सामान चोरी कर लिया।पूर्व मे भी चोरों ने स्कूल से करीब पच्चीस तीस हजार रुपए का सामना चोरी कर लिया था।प्रधान अध्यापिका ने अज्ञात चोरों के खिलाफ पुलिस को तहरीर देकर कारवाई की मांग की है पुलिस सीसीटीवी की सहायता से चोरों की तलाश में जुट गई है।

**सम्बन्ध विच्छेद**

मेरा सबसे छोटा पुत्र सुहैल मेरे व मेरे परिवार के कहने सुनने में नहीं है आये दिन उसकी शिकायते आती रहती है। सुहैल आये दिन लडाई झगडा करता रहता है। इस कारण मैने व मेरे परिवार ने सुहैल से अपने प्रकार के सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है तथा मैने अपने पुत्र सुहैल को अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। आज के बाद सुहैल के द्वारा किये गये किसी भी लेन-देन, वाद, विवाद, लड़ाई झगडे आदि के लिए मै व मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा। सुहैल स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी किसी प्रकार की नही होगी।

**श्रीमति अफरोज पत्नी स्व.साजिद निवासी मौहल्ला दक्षिणी खालापार थाना खालापार जिला-मुजफ्फरनगर**

**सम्बन्ध विच्छेद**

मेरा पुत्र कुश कुमार व उसकी पत्नी श्रीमति निशा उर्फ नेहा मेरे व मेरे परिवार के कहने सुनने में नही है और आये दिन मेरे व मेरे परिवार के साथ गाली-गलौच व लडाई झगडा करते रहते है। इस कारण मैने अपने पुत्र कुश कुमार व उसकी पत्नी श्रीमति निशा उर्फ नेहा से अपने सभी प्रकार के सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है तथा मैने इन दोनों को अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। आज के बाद इनके द्वारा किये गये किसी भी गलत कार्य व लेन-देन के लिए मै व मेरी पत्नी अनीता व लडका विनीत कुमार जिम्मेदार नहीं होंगे। ये दोनों स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**कमल स्वामी पुत्र स्व.जनेश्वर दास निवासी सर्रफपुरा ( लाड्डो वाला कुआं ) थाना मीरांपुर तहसील जानसठ जिला-मुजफ्फरनगर**

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र AHMAD MUSTAFA, शारदेन पब्लिक स्कूल, मेरठ रोड मुजफ्फरनगर में कक्षा 9 का छात्र है। विद्यालय रिकार्ड में मेरा नाम MOHD ANAS व मेरी पत्नी का नाम MALKA दर्ज चला आ रहा है, जो गलत है। वास्तव में मेरा नाम MOHAMMAD ANAS और मेरी पत्नी का नाम MALKA YASMIN है। भविष्य में हमे इन दोनो नामों से ही जान जाए।

**MOHAMMAD ANAS S/O MOHAMMAD ISHTIYAK R/o H.NO. 827/87, Gali No.8B Yogendra Puri Muzaffarnagar U.P.**

**नाम परिवर्तन सूचना**

मेरे बेटे का नाम पहले **अली** था, अब बदल कर **मौ0 अली** रख दिया है। भविष्य में मेरे बेटे को मौ0 अली के नाम से पुकारा जाये।

**मौ0 अली पुत्र मौ0 तफसीर आलम,**
गाँव कुरना, पोस्ट गुलावटी, थाना हाफिजपुर, जिला हापुड़।

**खोया-पाया सूचना**

सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र श्रेयांक गोयल का पासपोर्ट संख्या L4684434 जिसकी वैधता 04.10.2013 से 03.10.2023 तक थी जो पोसपोर्ट कार्यालय गाजियाबाद से जारी हुआ था, जो कल दिनांक 07.07.2025 को ए टू जैड रोड से जानसठ रोड के बीच मेरे से कहीं गुम हो गया है। जो कोई भी इसे पाए, कृपया नीचे दिए गए पते/संपर्क नंबर पर सूचना दें: **सन्दीप गोयल पुत्र स्व0 श्री सुरेन्द्र प्रकाश गोयल,** निवासी: प्लॉट संख्या 29-31, सैनिक विहार, ए-टू-जैड रोड, सहावली, मुजफ्फरनगर-251001 (मो0 9837776671)

**Information about lost passport**

It is informed that my son **Shreyank Goyal's** passport number **L4684434**, valid was from 04/10/2013 to 03/10/2023, issued from Passport Office Ghaziabad, has been lost by me yesterday on 07/07/2025, somewhere between AtoZ Road and Jansath Road, Whoever finds it, please inform at the address / contact number given below:

**Sandeep Goyal son of late Shri Surendra Prakash Goyal,** R/o Plot No. 29-31, Sainik Vihar, A-to-Z Road, Sahawali, Muzaffarnagar-251001 (Mobile 9837776671)

वाद के निस्तारण हेतु प्रतिवादी की उपस्थिति के लिये समन
आदेश 5 नियम 1 व 5
**न्यायालय सिविल जज (सीनियर डिवीजन) मुजफ्फरनगर।**
मूल वाद संख्या 328 सन 2022
श्रीमति कमरजहां आयु लगभग 37 वर्ष पत्नि शमशाद निवासी मौहल्ला अम्बा बिहार गली नम्बर 2, परगना व तहसील सदर जिला मुजफ्फरनगर
.........**वादीया**
**बनाम**
गुलमहराज आयु लगभग 42 वर्ष पुत्र मौ0 गुलशेर निवासी ग्राम खामपुर तहसील सदर जिला मुजफ्फरनगर
.......**प्रतिवादी नं0 (2)**

आपको इस समन द्वारा सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वादीया श्रीमति कमरजहां ने आपके विरुद्ध घोषणात्मक व स्थाई निषेधाज्ञा वाद न्यायालय में योजित किया है आपको इस न्यायालय मे उक्त परिवाद का उत्तर प्रत्र प्रस्तुत करने के लिये उपसंजात उपस्थित होने के लिए दिनांक 10 माह 07 वर्ष 2025 को दिन मे 10:00 बजे के लिये यह समन प्रेषित किया जाता है आप नियत दिनांक को न्यायालय में स्वयं या अपने अधिकृत पैरोकार अधिवक्ता द्वारा उपसंजात होकर इस वाद से सम्बन्धित सारवान प्रश्नो का उत्तर दे सके। न्यायालय में आपकी उपसजाती (उपस्थित) के लिये उक्त तिथि नियत की गयी है इसलिये आपको उसी दिन अपने उन सभी साक्षियों को या उनसे सम्बन्धित सभी सारवान प्रपत्रो साक्ष्यो को पेश करने के लिये तैयार रहना चाहिए जिन पर आप अपनी प्रतिरक्षा के लिये निर्भर रहना चाहते हो आपको यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर वर्णित तिथि को इस न्यायालय में उक्त वाद के निस्तारण के समय उपसंजात उपस्थित नहीं होगे तो उस दशा मे उक्त बाद का निस्तारण आपकी अनुपस्थिति मे गुण दोष पर किया जावेगा। आज दिनांक 08 माह 07 सन 2025 को यह समन मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित विधिवत न्यायालय द्वारा जारी किया गया।

आज्ञा से
**न्यायालय सिविल जज (सीनियर डिवीजन) मुजफ्फरनगर।**

# एसपी ट्रैफिक ने शिवभक्तों को सुरक्षा के दिए टिप्स


**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** पुलिस अधीक्षक यातायात ने शिवभक्त कांवडियों का हार्दिक अभिनंदन करते हुए कांवड यात्रा के दौरान सुरक्षा व सहयोग की भावना से अपील की है। उन्होने एक प्रेस नोट जारी करते हुए कहा कि कांवड यात्रा के दौरान सड़कों पर वाहन व शिवभक्त काफी संख्या में चलते है इसलिए धैर्य व धीमी गति से वाहन को चलाए जिससे कोई सड़क दुर्घटना न हो। उन्होने पैदल कांवडियों को यात्री में जालीदार रिफ्लैक्टर जाकिट का प्रयोग करने की सलाह दी ताकि वाहनों के प्रकाश से कांवडिया दूर से ही नजर आ जाए।

डाक कांवड व पैदल कांवडिए हरिद्वार से आते हुए बाई लाइन का ही प्रयोग करे और इसी प्रकार चलते रहे कि सड़क पर एक साथ ज्यादा भीड न हो। उन्होने यह भी जारी किया शिवभक्त कांवडिया डाक कांवड लाने वाले शिवभक्त गाडी की छत पर न बैठे और गाडी के आकस्मिक ब्रेक लगने से दुर्घटना होने की संभावना जताई। डाक कांवड हरिद्वार से आते हुए बाइ लाइन पर ही चले। कांवड लाने के लिए मोटर साईकिल के साइलेंसर न उतारे जाए। आम जनमानस अपने घरों से पूर्व अपने गंतव्यों की ओर जाने वाले मार्ग पर यातायात डायवर्जन आदि के संबंध में पूर्ण जानकारी रखे। जिससे रास्ते में कोई मुश्किल न आए।

आम जन मानस कांवड मार्ग के अतिरिक्त वैकल्पिक मार्ग का प्रयोग करे। कावंड यात्रा के दौरान यात्रियों को सार्वजनिक परिवहन जैसे बस या ट्रेन का प्रयोग करने की सलाह दी। एसपी यातायात ने जारी किए प्रेस नोट में जहां भोलो को आने-जाने के लिए अपना मार्ग चुनने के लिए कहा वहीं आम जनमानस ने भी उन्होने कांवड यात्रा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए अपील की। यातायात एसपी व अधीनस्थ अधिकारी व कर्मचारी लगातार कांवड मार्ग का निरीक्षण करते देखे गए।

## गंगाजल लाने वाले शिवभक्तों की भीड़ बढ़ी



**मुजफ्फरनगर।** श्रावण मास में शुरू होने वाली कांवड यात्रा में हरिद्वार से गंगाजल लेकर चलने वाले शिव भक्तों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है जिसे लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह से सतर्क हो गया है। प्रतिदिन यहां से गुजर रहे शिव भक्तों की टोली व भारी भरकम सजीली कांवड देखने के लिए सड़कों पर अब लोग भी नजर आने लगे है शहर का हृदय स्थल शिव चौक पर यहां से गुजरने वाले शिवभक्तों के लिए विशेष प्रबंध किए गए है जो शिव चौक से परिक्रमा कर आगे बढ रहे है।

# ऋण के एक लाख 39 हजार रुपये हड़पने का आरोप

### किसान को नहीं मिली ऋण की रकम फिर भी देगा ब्याज

**बुढ़ाना।** किसान क्रेडिट कार्ड पर मंजूर होने के बाद एक लाख 39 हजार रूपये का ऋण लेने बैंक गये एक किसान कोघ उस समय हक्का बक्का रहना पड़ा जब उसके खाते से पूरे रुपये गायब मिले।

किसान ने इसको लेकर हंगामा किया और एसडीएम व तहसीलदार को शिकायत कर जांच की मांग की। ख्रषक दिनेश कुमार पुत्र रामपत सिंह निवासी ग्राम नसीरपुर ने मंगलवार को दोनों अधिकारियों को शिकायत करते हुए बताया कि उसने अपनी भूमि बन्धक करके कृषि क्रेडिट कार्ड कोआपरेटिव बैंक शाखा अलीपुर अटेरना में स्थित बैंक से एक लाख 39 हजार रुपये का ऋण बंधवाया था। जो बीती 05 जून को पास हो गया था परन्तु वह बीती 17 जून को 400 रूपये का चौक भरकर भुगतान लेने के लिए बैंक मे गया तो उसको अपना बैंक खाता खाली मिला। तभी उसने बैंक सचिव से बात की तो उन्होने बताया कि हमने तुम्हारे पैसे अपने खाते में ट्रांसफर कर दिये थे। अब पार्टी को 3 माह का ब्याज भी देना पड़ेगा। जिसको सुनकर उसकी सांसें अटक गयी क्योंकि उसे अब उन रुपयों का ब्याज देना पडेगा जो उसको मिले ही नहीं। पीड़ित ने दोनों अधिकारियो से मामले की जांच की मांग की है। एसडीएम मोनालिसा जौहरी ने तहसीलदार बुढ़ाना को जांच के आदेश दिए हैं।

# करंट लग जाने से महिला बुरी तरह से झुलसी

## चिकित्सकों ने गंभीर हालत में मेरठ किया रैफर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** मकान की छत के उपर से गुजर रही एक 33 हजारी विद्युत लाइन में उत्पन्न करंट लगने से एक महिला बुरी तरह से झुलस गयी।

महिला को गंभीर हालत में मेरठ के लिए रैफर किया गया है। घटना उस समय हुई जब महिला छत पर कपड़े सुखा रही थी। भाकियू नगर अध्यक्ष ने मौके पर पहुंचकर परिजनों को सांत्वना दी और झुलसी महिला को उपचार के लिए हस्पताल में पहुंचाया। बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र की सफीपुर पटी लुहसाना रोड निवासी 32 वषह्लया मोहसीना कस्सार पत्नि शहजाद मंगलवार को अपनी छत पर चढ़कर कपड़ों को सुखा रही थी कि अचानक से कपड़े झाड़ते हुए उसका पानी छत के उपर से गुजर रही एक 33 हजारी लाइन से टच हो गया। जिसमें मोहसीना को करंट लग गया और वह बुरी तरीके से झुलस गयी। महिला की चीख सुनकर मौके पर आए पड़ोसियों ने फोन पर विद्युतकर्मियों को घटना की सूचना दी तो विद्युत कर्मचारियों ने तुरंत विद्युत आपूर्ति बंद कर घटनास्थल की और दौड़ लगा दी। उधर गंभीर अवस्था में झुलसी महिला को तुरंत मौहल्ले के एक चिकित्सक को दिखाया गया तो उसने महिला को बेगराजपुर हस्पताल में ले जाने कोध कहा। महिला को बेगराजपुर में ले जाया गया तो चिकित्सकों ने महिला को गंभीर बताकर उसको मेरठ के लिए रैफर कर दिया।घ जहां उसकी हालत गंभीर बनी थी। उधर भाकियू के नगर अध्यक्ष इसरार अहमद ने महिला के परिजनों को सांत्वना दी। पुलिस ने भी घटना की जानकारी ली है।

# ई-रिक्शा पलटी, 2 महिलाओं समेत 4 घायल

**बुढ़ाना।** एक अनियंत्रित ई-रिक्शा के पलट जाने से ई-रिक्शा में सवार दो महिला और दो पुरुष घायल हो गये। सभी घायलों को एक हस्पताल में भर्ती कराया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव कुरालसी वाया गांव जौला मार्ग की यह घटना बताई गयी है। बताया जाता है कि थाना फुगाना क्षेत्र के गांव हबीबपुर सीकरी से ग्रामीण बिशन सिंह अपने परिवार के साथ मंगलवार के दिन एक ई-रिक्शा में सवार होकर अपनी रिश्तेदारी में बागपत जनपद के गांव निरपुडा में जा रहा था। उसके साथ उसकी पत्नि श्रीमति पारूल (50 साल), सतीश कुमार (40 साल) और सोम बाला (50 साल) पघ्त्नि सुभाष भी थी। सतीश कुमार ई-रिक्शा चला रहा था। जब ई-रिक्शा गांव जौला वाया गांव कुरालसी लिंक मार्ग पर आई तो किसी कारणवश उनकी ई-रिक्शा अचानक से पलट गई। जिसमें ई-रिक्शा का चालक सतीश कुमार बिशन सिंह, श्रीमति पारूल और श्रीमति सोम बाला घायल हो गई। घटना की सूचना मिलते ही परिजन भी मौके पर पहुंच गए थे। परिजनों ने सभी घायलों को चिकित्सालय में भर्ती करवाया। जहां उपचार के बाद सभी को छुटी दे गयी। बुढाना पुलिस को इस घटना की सूचना नहीं दी गयी है।

# लापता बहनों को पुलिस ने बरामद कर परिजनों को सौंपा



**भोपा।** कस्बे से लापता हुई दो सगी बहनो को पुलिस ने शानदार प्रयास करते हुए बरामद कर लिया। तथा पूछताछ कर परिजनों को सौंप दिया। थाना प्रभारी निरीक्षक ओम प्रकाश सिंह ने बताया की कस्बा भोपा से मौ नवाब की पुत्री 14 वषह्लय नाजिश व नरगिस 17 वर्ष घर से बिना बताए रात्रि में कहीं चली गई थी। पुलिस को सूचना मिलने पर तत्काल अभियोग दर्ज कर उच्च अधिकारीगण के निर्देशानुसार नाबालिग बच्चियों शीघ्र बरामदगी के लिए पुलिस टीम गठित कर रवाना की गई गठित टीम द्वारा अथक प्रयास कर दोनों बच्ची को सकुशल बुलंदशहर के कस्बा नरौरा से बरामद कर लिया गया। पूछताछ करने पर दोनों बच्ची द्वारा बताया गया कि उसकी मम्मी ने किसी बात को लेकर डांट दिया था इसी कारण नाराज होकर घर से वह चली गई थी। वहीं बच्चियों द्वारा ले जाये गये एक लाख तीस हज़ार की रकम को परिजनों को सौंप दिया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**भोपा।** भोपा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यकित ने गत 20 जून को मुकदमा दर्ज कराया था कि शाहपुर थाना क्षेत्र के गांव खतौला निवासी आरिफ उनके गांव में ठेके पर जमीन लेकर खेती करता था। दो माह पहले खेती को छोड़कर चला गया। एक माह से उनकी शादीशुदा बेटी मायके में ही रह रही थी। आरोपी आरिफ ने उसे प्रेम जाल में फंसा लिया और बीते 18 जून की रात आरोपित उसे बहला फुसला कर कहीं ले गया। पुलिस ने आरिफ के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर 21 जून को विवाहिता को खतौली से बरामद किया था। पीडिता ने बताया था कि आरिफ ने शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया। प्रभारी निरीक्षक ओम प्रकाश सिंह ने बताया कि आरोपी आरिफ को जेल भेजा गया है।

### पुलिस ने 8 घंटे में चोरी का किया खुलासा

**रामराज।** टिकौला शुगर मिल से हुई चोरी के मामले में महज आठ घंटे के भीतर चोरी का सफल खुलासा करते हुए पुलिस द्वारा एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार अभियुकत के कब्जे से चोरी किया गया सामान भी बरामद किया गया है। थाना प्रभारी सुनील कसाना ने बताया कि सोमवार की देर रात्रि में टिकौला शुगर मिल से अज्ञात व्यकित द्वारा सामान चोरी किया गया था। इस संबंध में संजीव कुमार सहायक कारखाना प्रबंधक, टिकौला मिल द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर थाना रामराज पर अभियोग पंजीकृत किया गया। पुलिस द्वारा तत्काल प्रभाव से चोरी के माल व अभियुकत की तलाश प्रारंभ की गई। इसी क्रम में जमालपुर नहर पुल पर उपनिरीक्षक मोहित कुमार मय पुलिस बल के साथ चेकिंग कर रहे थे, तभी अभियुकत फरमान पुत्र सुक्कू निवासी पुठी इब्राहिमपुर थाना रामराज को चोरी किए गए सामान (चैन क्लैंप) के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। घटना का केवल आठ घंटे में सफल अनावरण कर लिया गया। गिरफ्तार अभियुकत को विधिक कार्यवाही हेतु माननीय न्यायालय में पेश किया जा रहा है।

### दिनदहाड़े चोर ने मंदिर का दान पात्र तोड़कर चुराई नकदी

**मोरना।** कस्बा भोकरहेड़ी में दिनदहाड़े चोर ने मंदिर में घुसकर दान पात्र का ताला तोड़कर नगदी चुराते हुए सनसनी फैला दी मंदिर के पुजारी ने पुलिस से चोर के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मंदिर में चोरी की घटना की जांच पड़ताल में जुट गई है। भोपा थाना क्षेत्र के कस्बा भोकरहेड़ी के मोहल्ला लोकुपुरा उत्तरी मे लकसर मार्ग स्थित बैरागी शिव मंदिर के पुजारी इंद्रपाल ने जानकारी देते हुए बताया कि मंगलवार को दोपहर वह खाना खाने के लिए चला गया इसी दौरान किसी अज्ञात चोर ने मंदिर के दान पात्र का ताला तोड़कर उसमें रखी नगदी को चुरा लिया मंदिर के पुजारी ने मंदिर में चोरी की घटना की सूचना आसपास के ग्रामीणों को दी मंदिर में चोरी की सूचना से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया पुजारी व ग्रामीणों ने मामले की सूचना पुलिस को दी पुलिस ने मौके के पर पहुंचकर चोरी की घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। क्षेत्राधिकार भोपा डॉ रवि शंकर मिश्रा ने बताया कि चोरी की सूचना प्राप्त हुई थी मौके पर जाकर पुलिस द्वारा निरीक्षण किया गया है जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

### योगीराज में महिलाएं पुरुषों पर पड़ रही भारी

**बुढ़ाना।** योगीराज में काफी महिलाएं बेलगाम होती जा रही हैं। जो कानून का दुरुपयोग कर अपने पति और ससुरालियों को ब्लैकमेल कर उनका उत्पीड़न करने से बाज नहीं आ रही हैं। ऐसा ही एक मामला बुढ़ाना कस्बे में देखने को मिला। पुलिस मामले की जांच कर रही है। आरिफ पुत्र जाफरघ निवासी मौहल्ला खाक. रोबान ने महिला बुढाना थाना को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि वह एक मजदूर है। मजदूरी कर अपना व अपने परिवार का पेट पाल रहा है। उसकी शादी वसीमा पुत्री नूरहसन निवासी लुहसाना रोड बुढाना देहात के साथ 7 वर्ष पूर्व हुई थी। उसके 2 छोटे पुत्र हैं। उसकी पत्नी वसीमा आये दिन घर में उससे व उसके परिवार के साथ लडाई झगडे पर उतारू रहती है। उसे व उसके परिवार को आये दिन जान से मारने की धमकी देती है और कभी कहती है कि मैं तेरे साथ किसी भी स्थिति में रहना नही चाहती हूँ। वह अपने परिवार व बच्चो की खातिर अपनी पत्नी वसीमा के साथ अपने परिवार को चलाता आ रहा है। उसकी पत्नी पूर्व में भी कई बार उसकी गैर मौजूदगी में उसकी मां के साथ लडाई झगडा करके अपने घर चली जाती है। उसकी पत्नी अपने आपको स्वयं किसी भी प्रकार चोट पहुंचाकर उसे व उसके परिवार को षडयन्त्र के तहत मुकदमे आदि में फंसा सकती है। उसने इनकी शिकायत अपने ससुराल वालो से की तो उसकी ससुराल वाले उसकी पत्नी को तरह-तरह की बातों से उकसाते हैं। पुलिस ने जांच शुरु कर दी है।

### कार्तिक सहरावत ने बढ़ाया कस्बे का मान



**मोरना।** कस्बा भोकरहेड़ी के मोहल्ला नेहरू चौक निवासी कार्तिक सहरावत का वॉलीबॉल में अंडर 16 कोचिंग कैंप टीम में चयन हुआ था। 12-19 जोलाई तक थाईलैंड देश में होने वाली एशियन चेम्पियन शीप प्रतियोगिता में इण्डिया टीम की ओर से भाग लेगा। जिससे उनके परिवार में खुशी का माहौल है। रिश्तेदारों व ग्रामीणों ने कार्तिक की इस सफलता पर शुभकामनाएं दी है। भोकरहेड़ी निवासी संदीप सहरावत ने बताया कि उनके पुत्र कार्तिक सहरावत स्पोर्ट्स कॉलेज लखनऊ नोवी क्लास में है। सैटर के रुप में इंडिया टीम कोचिंग कैंप अंडर 16 वॉलीबॉल में चयन हुआ था। अब वह थाइलैंड में नाखोन पाथोम प्रांत में प्रतिभाग करने जायेगा। पहले बैंगलोर में स्थित भारत की स्पोर्ट्स अथॉरिटी नेता. जी सुभाष साउथ सेंटर में एशियाई चौंपियनशिप कोचिंग कैंप में एक से नौ जुलाई तक प्रतिभाग किया था। कार्तिक की इस सफलता पर मन मंजू देवी, दादा अमरपाल, दादी सावित्री देवी व अन्य परिजन खुशी से फूले नहीं समा रहे हैं।

### 10 जुलाई को भाकियू तोमर करेगा हाइवे जाम



**मुजफ्फरनगर।** भारतीय किसान यूनियन तोमर) कि एक सभा गांव रई मे राजपाल के आवास पर हुई सभा का संचालन चंदन त्यागी ने किया और अध्यक्षता अजय त्यागी ने कि सभा मै संगठन कै चीफ चौधरी संजीव तोमर ने मंडी थाने में हुए लाठीचार्ज कि घौर निंदा करते हुए कहा है कि लगता है कि हमारे दैश मे केवल किसान का शौषण ही किया जा रहा है किसान को अन्ना दाता कहा गया और किसान बडी मुसीबतें के साथ बहुत चीजो का बलिदान कर फसल उगाकर पूरे देश का पेट पालने का काम कर रहा लेकिन उसके बाद भी किसानो का हर विभाग मे शौषण किया जा रहा है और जिस किसान ने भाजपा सरकार को वोट देकर सत्ता में लाये है आज उसी सरकार के नुमायदे किसानो पर ताली बजाकर बबर्ता पूर्वक लाठी से पीटने का काम कर रहे है चौधरी संजीव तोमर ने कहा कि 2 जुलाई को संगठन ने किसान सम्मान बचाओ महापंचायत की थी जिसमे 7 दिन का समय प्रशासन को दिया गया था लेकिन आज पंचायत को 5 दिन बीत चुके है लेकिन अभी तक कोई भी पुलिसकर्मी को यहा के प्रशासन और प्रदेश सरकार ने कोई भी कार्रवाई नही की जिस कारण 10 जुलाई को किसान हाईवे पर पंहुचे संगठन ठीक 1 बजे हाईवे जाम करने का काम करेंगे इस मौके पर जिला अध्यक्ष निखिल चौधरी, पश्चिम यूपी प्रदेश अध्यक्ष रिहान चौधरी, हसीर शहजाद मलिक, राजपाल, नरेंद्र अनिल, सुशील डीलर, मनोज, सुशील, भगत, अनिल भगत, हनी बालियान ,सादिक, मुस्तफा, शानू, ईरशाद, सोनू, दीपक तोमर, आकिल, जाहिद सलमानी, मुस्तफा, आसिफ, सुन्दाशु पंजाबी, सरफराज, जावेद मोहम्मद, अली मोमीन ,जूनेद, इस्लाईल, अयुब नेता आदि मौजूद रहे।

# गृह क्लेश से परेशान महिला ने खाया जहर, हालत नाजुक

**शाहटाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** ग्रह क्लेश से परेशान होकर एक महिला ने जहर खाकर आत्महत्या का प्रयास किया। घटना खतौली के सफेदा मार्ग की है, जहां महिला अचेत अवस्था में पड़ी मिली। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने महिला को तत्काल सीएचसी में भर्ती कराया, जहां से उसे गंभीर हालत में मेरठ रेफर कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार, महिला की शादी लगभग 9 वर्ष पूर्व रतनपुरी के समोली निवासी संजीव से हुई थी। विवाह के कुछ वर्षों बाद ही संजीव की बीमारी के चलते मृत्यु हो गई थी। तभी से महिला अपने ससुराल में रह रही थी। बताया जा रहा है कि पिछले कुछ समय से पारिवारिक कलह चल रही थी, जिससे क्षुब्ध होकर महिला खतौली पहुंची और सफेदा मार्ग पर जहरीला पदार्थ खा लिया। घटना की सूचना पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और महिला को उपचार के लिए खतौली सीएचसी में भर्ती कराया।

प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने महिला की हालत गंभीर देखते हुए उसे मेरठ रेफर कर दिया। महिला अपने पीछे एक आठ वषह्लय बेटे को छोड़ गई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। पारिवा. रिक विवाद के कारण महिला द्वारा उठाए गए इस आत्मघाती कदम से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है।

# मोबाइल चोरी की वारदात से स्टेट बैंक में हड़कंप

## सीसीटीवी में कैद हुआ आरोपी, बैंक की सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** शहर की प्रतिष्ठित स्टेट बैंक ऑफ इंडिया शाखा में उस समय हड़कंप मच गया जब एक बीएसएफ दरोगा का मोबाइल बैंक परिसर के अंदर ही चोरी हो गया। यह पूरी घटना बैंक में लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई है। चोरी की यह वारदात बैंक में मौजूद सुरक्षा व्यवस्था और स्टाफ की सतर्कता पर गंभीर सवाल खड़े करती है।

जानकारी के अनुसार, पीड़ित फौजी नीरज कुमार पुत्र सतपाल सिंह, निवासी गांव पाल, हाल में बीएसएफ में दरोगा के पद पर तैनात हैं। वह अपनी पत्नी के साथ बैंक खाते से रुपये निकालने के लिए खतौली स्थित स्टेट बैंक शाखा में पहुँचा था। जैसे ही वह लाइन में कुसह्ल पर बैठकर अपनी बारी का इंतजार कर रहे थे, उनकी जेब में रखा कुर्सी पर गिर गया था, और मोबाइल चोर ने बड़ी ही सफाई से मोबाइल चोरी कर मौके से फरार हो गया।

बैंक परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे में चोर की हरकत कैद हो गई है, जिसमें वह बैंक के भीतर सक्रिय रूप से घूमता दिखाई दे रहा है और मौका मिलते ही जेब से मोबाइल निकाल लेता है। इसके बाद वह बड़े आराम से बाहर निकल गया, जिससे प्रतीत होता है कि वह शातिर किस्म का चोर है। घटना के बाद फौजी ने तुरंत बैंक अधिकारियों को सूचना दी, लेकिन किसी भी तरह की त्वरित कार्रवाई नहीं की गई। पीड़ित ने कोतवाली में भी लिखित शिकायत दर्ज कराई है और मामले में जल्द से जल्द कार्रवाई की मांग की है। स्थानीय लोगों और बैंक उपभोक्ताओं में इस घटना के बाद भारी रोष व्याप्त है। उनका कहना है कि जिस बैंक में प्रतिदिन सैकड़ों ग्राहक लाखों-करोड़ों रुपये का लेनदेन करते हैं, वहां की सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह नाकाफी और लापरवाह है। न तो प्रवेश पर कोई सुरक्षा जांच होती है और न ही संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान की कोई प्रक्रिया अपनाई जाती है। स्थानीय समाजसेवियों और व्यापारियों ने बैंक प्रबंधन से मांग की है कि सुरक्षा व्यवस्था को सख्त किया जाए, परिसर में सक्रिय गार्ड की तैनाती हो और प्रवेश पर संदिग्ध व्यक्तियों की निगरानी की जाए। फौजी नीरज कुमार का कहना था कि हमैंने सोचा भी नहीं था कि इतने बड़े बैंक में मेरे साथ इस तरह की घटना हो जाएगी। बैंक में कोई गार्ड सक्रिय नहीं था और किसी ने चोर को रोकने का प्रयास भी नहीं किया। सीसीटीवी में चोर की तस्वीर साफ है, उम्मीद है पुलिस कार्रवाई करेगी।

# श्रीराम कॉलेज ऑफ लॉ के अधिकांश छात्र प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण



**मुजफ्फरनगर।** श्रीराम कॉलेज ऑफ लॉ के एलएल0बी0 पाठयक्रम के प्रथम सेमेस्टर में इस वर्ष छात्र/छात्राओं ने परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की।

इस क्रम में एल0एल0बी0 प्रथम सेमेस्टर में अनुभव तोमर ने 63.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान व अनुज कुमार 60.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान व आदिल 59.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान पर रहे।

इस अवसर पर स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों ने अपनी सफलता का श्रेय विभाग के प्रवक्ताओं, माता पिता, कॉलेज एवं विभाग द्वारा प्रदान किये गये शैक्षिक वातावरण एवं मार्गदर्शन को देते हुए बताया कि विभाग के प्रवक्ताओं द्वारा दी जाने वाली मूल्यवान शिक्षा द्वारा विभिन्न विषयों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारियां मिलती है। जिससे उनके ज्ञान में निरन्तर वृद्धि हो रही है। श्री राम ग्रुप ऑफ कॉलेजज के चेयरमैन डॉ0 एससी कुलश्रेष्ठ ने सभी छात्र-छात्राओं को उनकी सफलता के लिये आशीर्वाद प्रदान किया। श्री राम कॉलेज ऑफ लॉ की प्राचार्या डॉ. पूनम शर्मा ने कहा कि श्रीराम कॉलेज ऑफ लॉ के अधिकतम छात्र/छात्राये प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होने के साथ-साथ अन्य उपलब्धियों जैसे -सर्वोच्च न्यायालय व उच्च न्यायालयों में प्रैक्टिस करने के अतिरिक्त न्यायिक सेवा के लिए भी तत्पर हैं। इस अवसर पर संजीव कुमार, सोनिया गौड़, रितु धीमान, आक्षी कष्यप, विनय तिवारी, प्रीती व त्रिलोक ने सभी विद्यार्थियों को उनकी सफलता के लिए बधाई दी।

### दुष्कर्म का फरार आरोपी आसिफ गिरफ्तार

**भोपा।** क्षेत्र के गांव से जंगल में शौच के लिए गई नाबालिग से जंगल में सामूहिक दुष्कर्म करने की घटना में फरार चल रहे दूसरे आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेजा गया है।

भोपा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यकित ने 28 जून को मुकदमा दर्ज कराया था कि उसके घर बराबर में दूसरे भाई का मकान है। जो कई दिनों से बाहर काम पर गया हुआ है। आरोप है कि 27 जून को रात 10 बजे भाई की पत्नी घर आई और बेटी को शौच जाने के बहाने अपने साथ पास में ही स्थित प्राथमिक विद्यालय में ले गई। जहां पर गांव के ही दो युवक अफफान व आसिफ ने पीड़िता के साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर 29 जून को अफफान को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। प्रभारी निरीक्षक ओम प्रकाश सिंह ने बताया कि मंगलवार को फरार आरोपी आसिफ को कोर्ट ने जेल भेज दिया।

# मां शाकुम्भरी देवी मंदिर के पूर्ण निर्माण का लिया संकल्प



**मोरना।** शुकतीर्थ मे जारी मां शाकुंभरी देवी मंदिर के शीघ्र पूर्ण निर्माण का संकल्प लिया गया। तथा आगामी कार्यक्रम की रूपरेखा बनाई गयी।

मां शाकुम्भरी सेवा संस्थान से जुड़े सदस्यों द्वारा एक मीटिंग का आयोजन किया गया जिसमें मां शाकुंभरी देवी के भव्य मंदिर को लेकर विचार विमर्श किया गया। संस्थान की अध्यक्ष राधा माताजी ने कहा की शुकतीर्थ की पावन धरा ऋषियों मुनियों की तपो भूमि रही है। यहां के कण कण मे अध्यात्म का वास है मां शाकंभरी देवी के मंदिर स्थापना से भक्तों को धर्म लाभ होगा। भव्य मंदिर का निर्माण शीघ्र होना चाहिए इसे लेकर कार्य योजना भी बनाई गयी।इस अवसर पर राजवीर सिंह कश्यप, शिवांश ठाकुर, जितेंद्र सिंह चौधरी, डॉ संजू शर्मा, डॉ करणपाल सिंह,राहुल कुमार, देवयानी शर्मा, आचार्य अजय कृष्ण आदि उपस्थित रहे।

# नगर पंचायत मीरापुर क्षेत्र में आवारा कुत्तों का आतंक

**मीरापुर।** नगर पंचायत मीरापुर क्षेत्र में आवारा कुत्तों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। शनिवार 5 जुलाई को लाडोवाला कुआं इलाके में बिजली विभाग की टीम के साथ पहुंचे लाइनमैन मोहम्मद नाजिम पुत्र बत्तू निवासी मुझेड़ा पर दो आवारा कुत्तों ने अचानक हमला कर दिया।

इस हमले में एक कुत्ते ने नाजिम को काट लिया। बताया गया कि हमले के बाद नाजिम ने तुरंत टेटनस और रेबीज का इंजेक्शन लगवाया। शुरूआती इलाज के बाद वह सामान्य महसूस कर रहा था, लेकिन मंगलवार को अचानक उसकी तबीयत बिगड़ने लगी। परिजनों के अनुसार, नाजिम को पानी से डर लगने लगा है और वह सही से पानी पी भी नहीं पा रहा है, जो कि रेबीज संक्रमण के प्रमुख लक्षण हैं। स्थिति बिगड़ती देख परिजन उसे पहले जानसठ, फिर मुजफ्फरनगर और वहां से मेरठ ले गए। मेरठ मेडिकल कॉलेज में भी हालत गंभीर बनी रही, जिसके बाद डॉक्टरों ने उसे तत्काल दिल्ली एम्स के लिए रेफर कर दिया है। नगर पंचायत क्षेत्र में आवारा कुत्तों की भरमार को लेकर लोगों में रोष है। सरकार द्वारा दिए गए दिशा-निर्देशों के अनुसार, नगर पंचायतों को आवारा पशुओं को पकड़ने, टीकाकरण कराने और नसबंदी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। लेकिन मीरापुर में इस दिशा में कोई ठोस कार्यवाही नहीं हो रही है। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से इस मामले में सख्त कदम उठाने की मांग की है ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाएं रोकी जा सकें।

# नवीन मंडी स्थल व्यापार समिति की बैठक संपन्न

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** नवीन मंडी स्थल व्यापार समिति खतौली की एक आवश्यक बैठक एसोसिएशन कार्यालय पर आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मनोज कुमार जैन ने की, जबकि संचालन सुशील कुमार जैन द्वारा किया गया। बैठक का शुभारंभ समिति के तीन सम्मानित व्यापारियों मुख्य संरक्षक सुरेश चन्द्र गोयल, उपाध्यक्ष रविन्द्र गोयल एवं मनोज गर्ग के हाल ही में स्वर्गवास होने पर दो मिनट का मौन रखकर किया गया। उपस्थित सभी व्यापारियों ने दिवंगत आत्माओं की शांति हेतु प्रार्थना की। बैठक में आगामी कांवड़ यात्रा के दौरान लगने वाले भव्य कांवड़ शिविर की तैयारियों पर चर्चा की गई। सभी व्यापारियों ने एकमत होकर शिविर को पूर्व वर्षों से भी अधिक सेवा भाव से आयोजित करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर शिविर के मुख्य संयोजक के रूप में ज्योति मोहन गोयल, श्रीचंद शर्मा, प्रदीप जैन, अनुज गर्ग, शुभम गोयल, प्रमोद अग्रवाल, वैभव जैन, पुनीत गोयल एवं चिराग जैन को जिम्मेदारी सौंपी गई। साथ ही समस्त व्यापारियों ने तन-मन-धन से पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन भी दिया। बैठक में समिति की नव कार्यकारिणी के गठन पर भी सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। सुधीर कुमार जैन एवं मधुकर जैन द्वारा पुरानी कार्यकारिणी के कार्यों की सराहना करते हुए आगामी दो वर्षों के लिए उसी कार्यकारिणी को पुन: दायित्व सौंपने का प्रस्ताव रखा गया, जिसे सभी व्यापारियों ने हर्षध्वनि के साथ स्वीकृति दी। नवगठित कार्यकारिणी में प्रदीप



कुमार जैन को अध्यक्ष, ज्योति मोहन गोयल को महामंत्री तथा विपुल गोयल को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया। सभा में उपस्थित सभी व्यापारियों ने नई कार्यकारिणी को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अंत में अध्यक्ष मनोज कुमार जैन एवं संच. ालक सुशील कुमार जैन ने सभी व्यापारियों का आभार व्यकत करते हुए बैठक के समापन की घोषणा की। बैठक में सुरेश जैन, नीरज जैन, विजय गोयल, संदीप गोयल, सुनील जैन, अजय जैन, मुकेश तायल, हंस कुमार, सुभाष जैन, राजीव अग्रवाल, प्रमोद अग्रवाल, सुनील जैन, अथर्व मोहन गोयल सहित अनेक व्यापारीगण मौजूद रहे।

# बॉडी मेकर में कैफ सिद्दीकी ने गोल्ड मैडल जीता

**बुढ़ाना।** कस्बे के एक जिम के कोच सुहेल सिद्दीकी के एक और शिष्य बुढ़ाना कस्बा निवासी कैफ सिद्दीकी ने गोल्ड मेडल जीतकर बुढ़ाना कस्बे का नाम रोशनघ किया है। जिसकी कस्बेवासियों के द्वारा जमकर सराहना की जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कस्बे के बॉडी मेकर जिम के कोच सुहेल सिद्दीकी की मेहनत जाया नहीं जाती। उन्होंने मोहम्मद केफ सिद्दीकी की तैयारी कराई हुई थी। जिसमें मोहम्मद कैफ ने बीते कल जनपद मेरठ में हुए एक भ्वय कम्पीटीशन में भाग लिया। जिसमें उन्होंने जनपद मेरठ के कस्बा किठौर का खिताब जीता। मोहम्मद कैफ ने 50-60 किलो की रेंज में फर्स्ट रैंक हासिल की। बुढाना कस्बे के काफी लोगों को जब यह मालूम हुआ कि बुढ़ाना कस्बे के कैफ



सिद्दीकी बाड़ी मेकर में प्रथम स्थान पर आए हैं तो बुढाना कस्बे में खुशी की लहर दौड़ गई और विजेता मोहम्मद कैफ सिद्दीकी को बधाई देने वाले लोगों का तांता लगा रहा और उनको विजयी होने पर शुभकामनाएं दी। मौहम्मद कैफ सिद्दिकी का मंगलवार के दिन जिम में आयोजित एक सादे समारोह में पहुंचने पर कस्बे के काफी लोगों के द्वारा फूल मालाओं से स्वागत किया गया और यह भी कहा गया कि वह इसी तरह से जगत में बुढ़ाना कस्बे का नाम को रोशन करते रहें।

# भू-माफिया के विरुद्ध एसडीएम ने दिए जांच के निर्देश

**बुढ़ाना।** भाजपा नेता आदेश त्यागी ने बीते दिनों डीएम से मुलाकात कर बताया था कि बुढ़ाना की खसरा संख्या 2777 सरकारी जमीन पर कुछ भू माफियाओ ने अवैध कब्जा कर रखा है। जिस पर डीएम ने अवैध कब्जा हटवाने का आश्वासन दिया था।

इसके बाद शिकायतकर्ता ने एडीएम प्रशासन से मुलाकात कर उन्हें मामले से अवगत कराया था कि बुढाना मे करीब करोड़ों रुपए की 30 बीघा सरकारी जमीन पर एक ही परिवार के लोगों ने अवैध कब्जा कर रखा है। जिस पर अधिकारी द्वारा जल्द अवैध कब्जा हटवाने का आश्वासन दिया गया था। अब आदेश त्यागी ने लिखित में शिकायती पत्र देते हुए एसडीएम मोनालिसा जौहरी को बताया कि खसरा संख्या 2777 सरकारी भूमि पर भूमाफियाओं ने अवैध कब्जा कर रखा है।घ मामला बुढ़ाना कस्बे का है। जहां कुछ भूमाफिया सालों से सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा करते आ रहे हैं। जिसकी शिकायत समय समय पर बुढ़ाना के जागरूक लोगों द्वारा होती रही है। उसके बाद भी अभी तक कोई कठोर कार्यवाही नहीं होने से भू माफियाओ के हौसले बुलंद हैं। श्री त्यागी ने उच्चाधिकारियों के संज्ञान में मामला पहुंचाने के बाद मंगलवार को एसडीएम को बताया कि कस्बे में नगर पंचायत बुढ़ाना द्वारा बनाए गए रोडवेज बस अढे के पास खसरा संख्या 2777 सरकारी जमीन रकबा करीब 30 बीघा जिसकी कीमत करोड़ों रुपए है। जिस पर अब्दुल आदि भू माफियाओ ने अवैध कब्जे कर रखे हैं। इन व्यकितयों ने सरकारी, अन्य जमीनों व तालाब आदि पर भी अवैध कब्जे कर रखे हैं। ये व्यकित योजना बनाकर सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जे करते हैं। पहले तो कुछ दिनों तक अवैध कब्जे करके ये भू माफिया वहां पर चारदीवारी बनाते हैं। अगर जमीन आबादी से बाहर की हो तो उस पर यह व्यकित खेती बाड़ी करने लगते हैं। जिससे सबको यकीन हो जाए कि ये जमीन इन्हीं की है और इसके बाद उसी जमीन को सीधे-साधे व्यकित को बेचकर एक करोड़ की धनराशि वसूलते हैं। कस्बे की भोली भाली जनता इनके चंगुल में फंसती है। अभी हाल ही में इन लोगों ने कुछ खाली पड़ी सरक. ारी जमीन पर अवैध कब्जा कर चार दीवारी बनाई है और भोले भाले लोगों को फंसाकर 10 से 15 हजार रुपए प्रति वर्ग गज के हिसाब से सरकारी जमीन को बेच रहे हैं। जिसकी शिकायत लोगों द्वारा कई महीनो से लगातार संबंधित अधिक. ारों को की जा रही है लेकिन राजनी. तिक संरक्षण के चलते यह लोग अधिकारियों पर दबाव डलवाते हैं इसीलिए अधिकारियों के द्वारा इन पर अभी तक धवस्तिकरण की कार्यवाही नहीं की गई। जिससे इनके हौसले बुलंद हैं। इन भू माफियाओं से सरकारी जमीन को बचाने के लिए इनके द्वारा किए गए अवैध कब्जो का जल्द ध्वस्तिकरण करने के साथ ही इन पर भू माफियाओ की धारा में मुकदमा दर्ज कर इनके खिलाफ कठोर कानूनी कार्यवाही करने की मांग शिकायतकर्ता ने अधिकारियों से की है। जिस पर एसडीएम ने अवैध कब्जा हटाकर आवश्यक कार्यवाही करने के आदेश संबंधित अधिकारी को दिए हैं।

शाह टाइम्स

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**

**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# ऊंचागांव समिति पर यूरिया वितरण के दौरान किसानों का हंगामा



**समिति पर एक माह पश्चात यूरिया पहुंचने की सूचना पर उमड़ पड़ी किसानों की भीड़, मौके पर पहुंची पुलिस ने हंगामा कर रहे किसानों को समझा-बुझाकर किया शांत**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** ऊंचागांव सहकारी समिति पर यूरिया खाद वितरण के दौरान किसानों ने जमकर हंगामा किया। इस दौरान पुलिस बल को मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभालना पड़ा। समिति पर करीब एक माह बाद किसानों को यूरिया उपलब्ध हुआ है।

मंगलवार को क्षेत्र के ऊंचागांव में स्थित बहुद्देश्ईय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समितिद्धबी-पैक्सत्र में यूरिया वितरण का कार्य किया जा रहा था। यूरिया उपलब्ध होने की जानक.ारी मिलने पर आसपास के गांवों से सैंकड़ों किसान ट्रैक्टर व बुग्गी आदि साधन लेकर समिति पर पहुंच गए। यूरिया प्राप्त करने की आपाधापी में अव्यवस्था की स्थिति पैदा हो गई, जिस पर किसानों ने हंगामा शुरू कर दिया। हंगामा बढ़ता देख समिति के कर्मचारियों के हाथ-पांव फूल गए। उन्होंने मामले की सूचना पुलिस को दी, जिस पर तीतरवाड़ा चौकी प्रभारी एसआई राकेश कुमार गौतम पुलिस बल के साथ में मौके पर पहुंचे। जहां पर उन्होंने स्थिति को संभालते हुए हंगामा कर रहे किसानों को समझा-बुझाकर शांत किया। बाद में पुलिस ने लाइन लगवाकर किसानों को यूरिया वितरित कराया। गांव भूरा में भी यूरिया वितरण के दौरान किसानों की भारी भीड़ नजर आई। विदित रहे कि विगत गुरुवार को ब्लॉक क्षेत्र के गांव शेखूपुरा में स्थित समिति पर यूरिया वितरण के दौरान किसानों के दो गुटों में हिंसक झड़प हो चुकी है। वहीं, ऊंचागांव समिति पर सम्बद्ध सचिव सरिता कश्यप ने बताया कि करीब एक माह बाद 500 बैग यूरिया उपलब्ध हुआ है, जिसमें से मंगलवार को लगभग 150 किसानों को यूरिया वितरित किया गया है। पुलिस की मौजूदगी में यूरिया वितरित कराया गया है। उधर, तीतरवाड़ा चौकी प्रभारी ने बताया कि किसानों के हंगामे की सूचना पर पुलिस टीम के साथ में वह मौके पर पहुंचे थे। किसानों को समझा-बुझाकर शांतिपूर्ण तरीके से यूरिया वितरित कराया गया है।

# डा. हिमानी अग्रवाल आज सुनेंगी समस्याएं



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिला प्रोबेशन अधिकारी शामली ने अवगत कराया कि महिला उत्पीड़न की रोकथाम व पीडित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाए जाने हेतु दिनांक 9 जुलाई, 2025 को पूर्वान्ह 11 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में डॉ. हिमानी अग्रवाल, सदस्य, उ.प्र. राज्य महिला आयोग, महिला जनसुनवाई करेगी और मौके पर संबंधित अधिकारियों से शिकायत का निस्तारण कराया जाएगा। अत: सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त जनसुनवाई कार्यक्रम में समय से उपस्थित होकर माद्र सदस्य, उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग, को महिलाओं से संबंधित समस्याओं से अवगत करा सकते हैं जिसका मौके पर त्वरित निस्तारण किया जाएगा। अत: उक्त बैठक के आयोजन हेतु जिला प्रशासन की ओर से सत्एन्द्र सिंह, अपर जिला.धिकारी (वित्त एवं राजस्व), शामली को नामित किया गया है। 10.7.2025 को पूर्वान्ह 11 बजे से ब्लाक शामली स्थित सभागार में सदस्य राज्य महिला की अध्यक्षता में जनपद में महिलाओं से संबंधित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं एवं महिला जनसुनवाई कार्यक्रम/चौपाल आयोजित की जाएगी। इस अवसर पर सभी संबंधित विभागीय अधिकारी मौजूद रहेंगे।

## एक नजर

### लाला लाजपत राय इंटर कॉलेज में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** थानाभवन स्थित लाला लाजपत राय इंटर कॉलेज में आज श्वन महोत्सव सप्ताहश के अंतर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य चन्द्रेश्वर प्रसाद द्वारा किया गया। विद्यालय परिसर में अमरूद, आंवला, शीशम, जामुन सहित कई प्रकार के फलदार और छायादार वृक्षों का रोपण किया गया। कार्यक्रम में पर्यावरण समिति के सदस्य लवलेश कुमार, खेल शिक्षक राजीव कुमार, संस्कृत प्रवक्ता शिवराम, लोकेश कुमार, गंगाराम मौर्य, कृष्णमोहन, विपुल शुक्ल सहित अनेक शिक्षक व छात्र उपस्थित रहे। प्रधानाचार्य प्रसाद ने उपस्थित छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए वृक्षों के महत्व पर प्रकाश डाला और उनके संरक्षण हेतु प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि ष्वृक्ष हमारे जीवन का आधार हैं, इनका संरक्षण करना हमारा कर्तव्य है। छात्रों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए पर्यावरण बचाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाना और हरित वातावरण को बढ़ावा देना रहा। कार्यक्रम का समापन उत्साह और पर्यावरण संरक्षण के संकल्प के साथ किया गया।

### एक अभियुक्त गिरफ्तार

**शामली।** बाबरी क्षेत्रान्तर्गत नाबालिग के साथ छेड़छाड़ करने के मामले में पीडिता के परिजन द्वारा थाना बाबरी पर लिखित तहरीर दी गई थी । दाखिला तहरीर के आधार पर थाना बाबरी पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था। पुलिस अधीक्षक शामली रामसेवक गौतम के आद.ेशानुसार चलाए जा रहे महिलाओं के विरूद्ध अपराध की रोकथाम एवं महिला अपराधों से संबंधित वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी थानाभवन के निकट पर्यवेक्षण में थाना बाबरी पुलिस द्वारा नाबालिग के साथ छेड़छाड़ करने के मामले में एकअभियुक्त को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है । गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना बाबरी पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त सद्दाम पुत्र इस्लाम निवासी ग्राम बाबरी थाना बाबरी जनपद शामली है।

### कोर्ट ने एक अभियुक्त को सुनाई सजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** वर्ष 2000 में अभियुक्त श्योराज पुत्र बनवारी निवासी हरनाली थाना थानाभवन जनपद शामली के विरुद्ध थाना थानाभवन पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। इसी क्रम में न्यायालय सीजेजेडी/जेएम शामली द्वारा अभियुक्त उपरोक्त को दोषी पाते हुए जेल में बिताई गई अवधी व 1,000/-रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है । अर्थदण्ड अदा न करने पर 5 दिवस अतिरिक्त कारावास की सजा का प्रावधान किया गया है।

### रंगदारी मांगने में एक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शाकिब पुत्र फारूख निवासी ग्राम बुंटा गढीपुख्ता जनपद शामली जो कि आनन्द हॉस्पिटल शामली में मैनेजर है। 20 अप्रैल को आनन्द हॉस्पिटल में हरेन्द्र शर्मा ने अपने साथियों के साथ हॉस्पिटल में घुसकर अपने आप को किसान यूनियान का पदाधिकारी बताकर गाली गलौज व मारपीट करने तथा हॉस्पिटल के मैनेजर को डरा धमका कर रूपए लिए गए व प्रतिमाह रंगदारी देने के सम्बन्ध में थाना कोतवाली शामली पर लिखित तहरीर दी गई थी । दाखिला तहरीर के आधार पर थाना कोतवाली शामली पर सुसंगत धारा में अभियोग पंजीकृत किया गया था। इसी क्रम में थाना कोतवाली शामली पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत आनन्द हॉस्पिटल शामली में गाली गलौज, मारपीट करने व हॉस्पिटल के मैनेजर को डरा धमका कर रूपए लेने व रंगदारी मांगने के मामले में वांछित एक अभियुक्त को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है । गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना कोतवाली शामली पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है तथा अभियुक्त हरेन्द्र शर्मा को पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। गिरफ्तार अभियुक्त विपिन पुत्र धीर सिंह निवासी ग्राम पिण्डौरा थाना झिंझाना शामली हाल पता गली नं-1 मौहल्ला वेद विहार थाना आदर्शमण्डी जनपद शामली है।

### जय सीताराम किसान इंटर कॉलेज में किया गया पौधारोपण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** कस्बे के जय सीता राम किसान इंटर कॉलेज में वृक्षारोपण अभियान चलाया गया। जिसके अन्तर्गत प्रधानाचार्य रन सिंह ने छात्राओं के साथ मिलकर कॉलेज प्रांगण में पौधे लगाए। मंगलवार को जयसीता राम किसान इंटर कॉलेज में छात्र छात्राओं तथा अध्यापको द्वारा पौधारोपण किया गया। इस मौके पर प्रधानाचार्य रन सिंह ने कहा कि आज हम पैड पौधे नहीं लगाएंगे तो आने वाली नस्लें हमे कोसेगी। उन्हें शुद्ध वायु देने के लिए प्रत्एक व्यक्ति को अपने जीवन काल में अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिए। इस अवसर पर छात्र छात्राओं के साथ स्कूल स्टाफ उपस्थित रहा।

# हिन्दी भाषियों के साथ मारपीट मामले में सख्त कार्रवाई की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊन।** शिवसेना कार्यकर्ताओ द्वारा मनसे प्रमुख राज ठाकरे व उद्धव ठाकरे द्वारा हिन्दी भाषियों के साथ मारपीट करने व हिंदी भाषा का विरोध करने के विरोध में उनके खिलाफ सख्त कार्यवाही की मांग हेतु तहसील ऊन में विरोध प्रदर्शन किया और प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन तहस.ीलदार ऊन को सौंपा गया।

सहारनपुर मंडल के मंडल महासचिव बालिस्टर छांचियान के नेतृत्व मे कार्यकर्ताओ ने गत सप्ताह मनसे प्रमुख राज ठाकरे व शिवसेना उद्धव गुट प्रमुख उद्धव ठाकरे ने एक साथ हिंदी भाषा के विरोध करने पर प्रदर्शन किया उन्होने कहा कि यह अत्यंत शर्मनाक एवं चिंताजनक विषय है महाराष्ट्र में हिंदी भाषा के बात करने वाले लोगों को मारा जा रहा है ए कैसा देशप्रेम है ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त धाराओं में मुकदमे दर्ज कर जेल में डाला जाना चाहिए हिंदुस्तान में रहकर हिन्दुओं से नफरत बर्दाश्त से बाहर है यह लोकतांत्रिक व्यवस्था को भंग करने और संविधान के अधिकारों की भी धज्जियां उड़ाई जा रही है। कार्यकर्ताओं ने पीएम को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार गौरव सांगवान को सौंपा जिसमें उद्धव ठाकरे बैराज ठाकरे के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है ज्ञापन देने वालों में राजकुमार, संदीप खोखर, मास्टर ब्रजेश कुमार, दीपक कुमार, सचिन कुमार, कृष्ण कुमार, मुकेश कुमार, लोकेंद्र कुमार,अमन कुमार , उत्तम कुमार, अरविंद, मेनपाल, अरुण कुमार, गौरव, दीपांशु, दीपक कुमार आदि उपस्थित रहे।

# भव्य शोभायात्रा की रूपरेखा की तैयार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** राष्ट्रीय उपाध्याय योगी चेतना मंच सेवा समिति संगठन के पदाधिकारियों की मीटिंग मौहल्ला अटल बिहार शामली में नगर अध्यक्ष विनोद उपाध्याय के आवास पर हुई मीटिंग में 10 जुलाई को महायोगी गुरुगौरक्ष नाथ की भव्य शोभायात्रा को लेकर विचार विमर्श कर रूप रेखा तैयार की।

मीटिंग की अध्यक्षता अशोक उपाध्याय व संचालन नगर अध्यक्ष विनोद उपाध्याय ने किया मीटिंग में निर्णय हुआ कि 10 जुलाई को शामली में शाम 4 बजे शोभा यात्रा निकाली जाएगी, जबकि सुबह 10 बजे गांव भिक्की देह में महायोगी गुरूगौरक्ष नाथ की मूर्ति स्थापना की परिक्रमा यात्रा निकाली जाएगी राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय उपाध्याय ने



कहा कि शामली में शिव गोरक्षनाथ मंदिर सेवा समिति शामली के तत्वधान में 10 जुलाई 2025 को शामली में महायोगी बाबा गुरूगौरक्ष नाथ जी की भव्य शोभायात्रा शिव गोरखनाथ मंदिर रेलपार से बुढ़ाना रोड बाईपास हनुमान धाम होते हुए, शिव चौक,गुरुद्वारा से पंजाबी रघुनाथ मंदिर पर संपन्न होगी कमेठी अध्यक्ष रामकुमार उपाध्याय व सचिव दुष्यंत उपाध्याय ने बताया कि 10 जुलाई को प्रात: 8 बजे गोरक्षनाथ मंदिर रेलपार में हवन होगा व दोपहर 12 बजे भंडारा होगा, भव्य शोभायात्रा समापन के बाद रात्रि 8 बजे प्रसाद वितरण होगा।

राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय उपाध्याय ने बताया कि शामली में महायोगी गुरूगौरक्ष नाथ की ए भव्य शोभायात्रा 24 वी बार निकाली जा रही है , इस भव्य यात्रा में समाज के गणमान्य व्यक्ति, नारी शक्ति ,नोजवान बड़े उत्साह के साथ बड़ी संख्या में भाग लेंगे नगर अध्यक्ष विनोद उपाध्याय ने सभी से आ]वान किया भव्य शोभायात्रा में सभी बढ़ चढ़ कर हिस्सा ले, आज अटल विहार में समाज के लोगो को आने का निमंत्रण दिया। इस अवसर पर समाज सेवी सतपाल उपाध्याय,विकास उपाध्याय, संरक्षक आचार्य धर्मपाल भारद्वाज,नरेशकुमार , कृष्णपाल, राजकुमार उपाध्याय, दुष्यंत गौड़, कमल उपाध्याय, विनोद उपाध्याय, संदीप उपाध्याय,सलेक उपाध्याय, मास्टर पवन उपाध्याय, अशोक उपाध्याय, प्रदेश सचिव रोबिन उपाध्याय आदि रहे।

# धरने पर बैठे सभासदों ने किया भूख हड़ताल का ऐलान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** नपा चेयरमैन के खिलाफ धरने पर बैठे तीन सभासदों ने भूख हड़ताल पर जाने का ऐलान कर दिया है। वहीं, पालिका प्रांगण में चल रहा सभासदों का धरना निरन्तर पांचवे दिन भी जारी रहा। इस दौरान कस्बे की महिलाओं ने भी धरनास्थल पर पहुंचकर अपना समर्थन दिया।

नगरपालिका परिषद के कुछ सभासद विगत शुक्रवार से पालिका प्रांगण में धरने पर बैठे है। धरनारत सभासद पालिका चेयरमैन शमशाद अहमद अंसारी पर निरकुंशता, तानाशाही व हठधर्मिता के गम्भीर आरोप लगा रहे है। सभासदों का धरना मंगलवार को पांचवे दिन भी निरन्तर जारी रहा। इस दौरान वार्ड संख्या-21 से धरनारत सभासद शाहिद हसन, वार्ड-04 से राजपाल सिंह व वार्ड-25 से उम्मेद राणा ने बुधवार से भूख हड़ताल पर जाने की घोषणा की है। उधर, कस्बे के विभिन्न वार्डों से पहुंचे सुमन, मोम.ीना, निशा, प्रमोद, तौसीफ, आसिफ आदि ने भी धरनास्थल पर पहुंचकर अपना समर्थन दिया है। धरनारत सभासदों ने अपनी मांगे पूरी होने तक धरना जारी रखने का ऐलान कर रखा है। धरने पर सभासद तौसीफ चौधरी, फुरकान अली, साजिद अली, राशिद बागबान, उम्मेद राणा, शाहिद हसन, राजपाल सिंह, फिरोज खान, सालिम चौधरी, बलवान सिंह, हारुण कुरैशी, बासिद राणा आदि मौजूद रहे।



## बिना नम्बर प्लेट खड़ी तीन बाइकें सीज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** कस्बे में कांवड़ यात्रा को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। यात्रा को शांतिपूर्ण व व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से चौसाना पुलिस लगातार क्षेत्र में गश्त कर रही है। इसी क्रम में मंगलवार को बाजार में बिना नम्बर प्लेट खड़ी तीन बाइकें पुलिस की नजर में आ गईं। चौकी प्रभारी ज्ञानेंद्र सिंह के नेतृत्व में टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए तीनों बाइकों को सीज कर चालान कर दिया। चौकी प्रभारी ने बताया कि गश्त के दौरान जब बाजार क्षेत्र में वाहनों की जांच की जा रही थी, तभी तीन बाइकें संदिग्ध स्थिति में बिना नम्बर प्लेट के खड़ी मिलीं। उन्होंने कहा कि कांवड़ यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा असामाजिक गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बिना नम्बर प्लेट के वाहन अपराध की दृष्टि से भी संदिग्ध माने जाते हैं, जिससे सुरक्षा व्यवस्था को खतरा हो सकता है। चौकी प्रभारी ज्ञानेंद्र सिंह ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि सभी लोग अपने वाहनों पर वैध नम्बर प्लेट लगवाएं और यातायात नियमों का पालन करें।







# मोहर्रम पर सुन्नी समुदाय के लोगों ने खेला पटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जलालाबाद।** जलालाबाद में मोहर्रम के मौके पर सुन्नी समुदाय द्वारा प्राचीन शास्त्र कला का प्रदर्शन करते हुए जुलूस निकाला गया इस दौरान खिलाड़ियों ने हैरतअंगेज खेल का प्रदर्शन कर लोगों को दांतों तले उंगली दबाने पर मजबूर कर दिया। इमाम हुसैन और उनके परिवार की शहादत को याद करते हुए जलालाबाद के अखाड़ा उस्ताद शरीफ खां मरहूम के खलीफाओं की देखरेख में पट्टा जुलूस निक.ालकर प्राचीन शस्त्र कला का प्रदर्शन किया गया। खलिफाओ के नेतृत्व में जुलूस उस्ताद शरीफ खान के आवास पर पहुंचा जहां पर उस्ताद शरीफ के पौत्र आतिफ जमाल और फाहद जमाल ने अखाड़ा के खलीफाओं को पगड़ी बांधकर सम्मानित किया। पट्टे और शास्त्र कला का प्रारम्भ कस्बे के नीलगरान चौक से हुआ। शस्त्र कला का प्रदर्शन करते हुए एक विशाल जूलूस निकाला गया। उदघाटन थानाभवन विधायक अशरफ अली खा ने फीता काटकर किया जूलूस में अखाड़ा मोहम्मद शरीफ खान मरहूम व उस्ताद हनीफ खा उर्फ भूरू खां मरहूम के अखाड़े के उस्ताद आतिफ जमाल खान,फाहद जमाल खान, अहमद, मोहम्मद अजीम, शहजाद खान, फुरकान कुरैशी, खलीफ रूखसार, कैफ खान व शार्गिदो ने जूलूस मे प्राचीन शस्त्र कला लाठी डन्डे,भाला,परसा, आदि का हैरतगेंज युद्व कला का कुशल प्रदर्शन कर लोगो को दांतो तले उंगली दबाने के लिए मजबुर कर दिया। जूलूस असलम खान के संच.ालन मे कटेहरा बाजार, सगाजीपुरा, खैरादियान,भाई जान चौक,बम्बा चौक, कुरैशियान चौक,पुराना बस स्टैण्ड,पाल मार्किट, होते हुए वापस नीलगरान चौक पर आकर सम्पन्न हुआ जहां पर युद्व कला कौशल का प्रर्दशन करने वाले सर्वश्रेठ खिलाडीयो की जौडी को शील्ड व मैडल देकर सम्मानित किया गया,व साथ ही अन्य खिलाडियो इजहार-आबिद, परवेज-बिलाल,मोबीन, शुऐब, मोनू, वरीश, आरिश, सोनू, अहसान, रिहान ,सुफियान, बिलाल खान, सुफियान खान अनस खान, जुनैद, मोनू, अबुजर खान, आदि ने अपनी प्राचीन शस्त्र कला से देखने वालो को दांतो तले उंगली दबाने पर मजबूर कर दिया इस अवसर पर बडी संख्या मे लोग शामिल रहे। जुलूस के दौरान भारी पुलिस बल मौजूद रहा नगर पंचायत द्वारा इस अवसर पर विशेष सफाई अभियान चलाया गया।

# प्रबंध निदेशक ने विद्युत अधिकारियों की ली बैठक, दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

**कांवड़ यात्रा की तैयारियों को लेकर प्रबन्ध निदेशक ने दिए सख्त निर्देश, खराब राजस्व वसूली पर 11 अवर अभियन्ताओं को चार्ज शीट, 1 उपखंड अधिकारी को चार्जशीट व 2 उपखण्ड अधिकारियों को चेतावनी नोटिस निर्गत करने के आदेश**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** प्रबन्ध निदेशक, ईशा दुहन (आई.ए.एस) ने जनपद शामली में मुख्य विकास अधिकारी सभागार में राजस्व वसूली, विद्युत आपूर्ति एवं कांवड़ यात्रा की तैयारी आदि वाणिज्यिक एवं तकनीकी बिन्दुओं पर समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की।

बैठक में प्रबन्ध निदेशक ने कहा कि सभी सम्मानित उपभोक्ताओं को निर्बाध विद्युत आपूर्ति करने एवं बेहतर सुविधाएं देने के लिए अधिक.ारी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करें। प्रबन्ध निदेशक ने बताया कि सुचारु रूप से निर्बाध विद्युत आपूर्ति एवं बेहतर सुविधाओं का लाभ सभी विद्युत उपभोक्ताओं को देने के लिए युद्ध स्तर पर कार्य किया जा रहा है। बैठक में कांवड़ यात्रा को लेकर प्रबन्ध निदेशक ने अधिकारियों को विद्युत सुरक्षा के मद्देनजर सभी आवश्यक प्रबन्ध करने के निर्देश दिए। प्रबन्ध निदेशक ने कहा है कि समस्त पोषकों पर निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। कांवड़ यात्रा मार्ग के अन्तर्गत आने वाले 33 के.वी, 11 के.वी. व एल.टी. विद्युत लाईनों की पेट्रोलिंग आवश्यक रूप से की जाए। प्रबन्ध निदेशक ने कहा कि ढीले तारों की समुचित सैगिंग, जर्जर तारों को बदलने तथा आवश्कतानुसार लाईनों की गार्डिंग का कार्य शीघ्र पूर्ण किया जाए। कांवड़ शिविरों में नियमानुसार अस्थाई विद्युत संयोजन प्राथमिकता पर दिए जाएं। प्रबन्ध निदेशक में राजस्व वसूली पर समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि राजस्व वसूली में वृद्धि हेतु सार्थक प्रयास किए जाएं। उन्होंने कहा राजस्व वसूली का कार्य युद्ध स्तर पर किया जाए कन्ज्यूमर टर्नअप बढ़ाकर राजस्व वसूली में तेजी लाई जाए। प्रबन्ध निदेशक ने कहा कि डिफाल्टर उपभोक्ताओं के संयोजन सख्ती से विच्छेदित किए जाएं और उपभोक्ताओं को बकाया बिल जमा करने के लिए प्रेरित किया जाए।

बैठक में राजस्व वसूली की समीक्षा करने के उपरान्त राजस्व वसूली लक्ष्य के सापेक्ष खराब स्थिति मिली, जिस पर प्रबन्ध निदेशक द्वारा अप्रसन्नता व्यक्त की गई। इस सम्बन्ध में सौरभ कुमार सक्सेना, अवर अभियन्ता 33/11 के.वी. विद्युत उपकेन्द्र हरड फतेहपुर/नोजल, जोखन सिंह, अवर अभियन्ता 33/11 के.वी. विद्युत उपकेन्द्र भूरा अन्तर्गत विद्युत वितरण खण्ड-कैराना, नितीश कुमार, अवर अभियन्ता 33/11 के.वी. विद्युत उपकेन्द्र-सिम्भालका अन्तर्गत विद्युत वितरण खंड-कैराना, रविन्द्र सिंह, अवर अभियन्ता 33/11 के.वी. विद्युत उपकेन्द्र-मंसूरा अन्तर्गत विद्युत वितरण खण्ड-कैराना, सुरजीत कुमार, अवर अभियन्ता 33/11 के.वी. विद्युत उपकेन्द्र झिंझाना अन्तर्गत विद्युत वितरण खंड-कैराना, इरफान अहमद, अवर अभियन्ता 33/11 के.वी. विद्युत उपकेन्द्र-किवाना अन्तर्गत विद्युत वितरण खण्ड-शामली, नितिन कुमार, अवर अभियन्ता 33/11 के.वी. विद्युत उपकेन्द्र लांक अन्तर्गत विद्युत वितरण खण्ड-शामली, अनिल कुमार पटेल, अवर अभियन्ता 33/11 के.वी. विद्युत उपकेन्द्र आदर्श मण्डी अन्तर्गत विद्युत वितरण खण्ड-शामली, सौरभ कुमार, अवर अभियन्ता 33/11 के.वी. विद्युत उपकेन्द्र-खेड़ी करमू अन्तर्गत विद्युत वितरण खण्ड-शामली, रवि वर्मा, अवर अभियन्ता 33/11 के.वी. विद्युत उपकेन्द्र जन्थेड़ी अन्तर्गत विद्युत वितरण खण्ड-कैराना, विजय शंकर कुशवाहा, अवर अभियन्ता 33/11 के.वी. विद्युत उपकेन्द्र कांधला रूरल अन्तर्गत विद्युत वितरण खण्ड-द्वितीय, शामली को चार्ज शीट निर्गत करने के आदेश दिए गए इसके अतिरिक्त अमित कुमार गुप्ता, उपखण्ड अधिकारी, विद्युत वितरण उपखण्ड-तृतीय, अन्तर्गत विद्युत वितरण खण्ड-कैराना को चार्जशीट निर्गत करने के निर्देश दिए गए। अमित कुमार शाक्य, उपखण्ड अधिकारी, विद्युत, वितरण उपखण्ड-प्रथम, अन्तर्गत विद्युत वितरण खण्ड-कैराना एवं जीतेन्द्र कुमार, उपखण्ड अधिकारी, विद्युत वितरण उपखण्ड-द्वितीय, अन्तर्गत विद्युत वितरण खण्ड-कैराना को चेतावनी निर्गत करने के निर्देश दिए गए। जनपद शामली में आयोजित समीक्षा बैठक में जाते समय, निदेशक तकनीकी एन.के मिश्र द्वारा मुजफ्फरनगर-शामली हाईवे पर बनत में नगर पंचायत के निकट स्थित ट्रांसफार्मर की बेरीकेटिंग, विद्युत लाइनों की गार्डिंग आदि का निरीक्षण किया। मुजफ्फरनगर-शामली रोड पर स्थित विद्युत पोलों पर पिन्नी लगाने के कार्य, विद्युत लाइनों की गार्डिंग आदि का मुआयना किया। मौके पर निदेशक तकनीकी ने कहा कि कावड़ मार्ग पर समस्त पोषकों पर निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। लाइनों की पेट्रोलिंग करते हुए कावड़ यात्रा मार्ग के अनुरक्षण का कार्य शीघ्र पूरा किया जाए। बनत नगर पंचायत में स्थित ट्रांसफार्मर, विद्युत लाईनों आदि का निरीक्षण करने के उपरान्त निद.ेशक तकनीकी द्वारा मुजफ्फरनगर-शामली रोड पर, विशाल मेगा मार्ट के निगट स्थित विद्युत लाईनों की गार्डिंग, विद्युत पोलों को पिन्नी से कवर करने आदि का निरीक्षण किया। इसके पश्चात निदेशक तकनीकी ने मुजफ्फरनगर-शामली रोड पर स्थित पंजाबी कॉलोनी के निकट ट्रांसफार्मर की बैरिकेडिंग, गार्डिंग आदि का निरीक्षण किया और अधिकारियों को निर्देश दिए कि कांवड़ यात्रा को सफल बनाने के लिए व्यवस्थाओं में कोई कमी न रहे। बैठक के दौरान संजय जैन, निदेशक (वाणिज्य), एन.के. मिश्र निदेशक, पवन कुमार मुख्य अभियन्ता मुजफ्फरनगर नगर, क्षेत्र मुजफ्फरनगर, विरेन्द्र सिंह, अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण मण्डल शामली, समस्त अधिशासी अभियन्ता (वितरण) उपखंड अधिकारी एवं अवर अभियन्ता स्तर तक के अधिकारी/कर्मचारियों ने बैठक में प्रतिभाग किया।



# 16 साल से शिक्षकों की बाट जोहता पलठेड़ी उच्च प्राथमिक विद्यालय




## तीन पद खाली, एक अध्यापिका के भरोसे चल रहा पूरा स्कूल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़ीपुख्ता।** बच्चों का भविष्य संवारे या रजिस्टरों के बोझ तले दब जाए यह सवाल इन दिनों ग्राम पंचायत पलठेड़ी के उच्च प्राथमिक विद्यालय पर उठना लाजमी है। 2009 में बने इस विद्यालय को 16 वर्ष पूरे हो चुके हैं, मगर आज भी यहां शिक्षा के मूलभूत ढांचे की गंभीर कमी बनी हुई है।

विद्यालय में इस समय कक्षा 6 से 8 तक के लिए मात्र एक महिला शिक्षक, मती अंशु तोमर, कार्यरत हैं। यह भी उल्लेखनीय है कि इनकी स्थाई नियुक्ति वर्ष 2021 में हुई थी। उससे पहले करीब 12 वर्षों तक शिक्षण कार्य केवल अस्थाई व्यवस्थाओं और आसपास के स्कूलों से भेजे गए शिक्षकों के सहारे किसी तरह चलता रहा।

ग्रामीणों का कहना है शिक्षा का अधिकार अधिनियम और बेसिक शिक्षा परिषद की नियमावली के अनुसार उच्च प्राथमिक विद्यालयों द्धकक्षा 6.8ऋ में विज्ञान-गणित, सामाजिक अध्ययन और भाषा के तीन सहायक अध्यापकों की अनिवार्य नियुक्ति होनी चाहिए। साथ ही, जहां छात्र संख्या 100 से अधिक हो, वहां एक प्रधानाध्यापक की भी स्वीकृति होती है। फिलहाल पलठेड़ी विद्यालय में 102 छात्र पंजीकृत हैं और नए दाखिले जारी हैं, बावजूद इसके तीन पद रिक्त हैं और शिक्षण कार्य केवल एक अध्यापक के कंधों पर टिका है। ग्रामीणों का कहना है कि एकमात्र अध्यापक को बच्चों को पढ़ाने के साथ-साथ प्रशासनिक और रजिस्टर संबंधी काम भी खुद ही निपटाना पड़ता है, जिससे पढ़ाई का स्तर प्रभावित हो रहा है। हाल ही में प्राथमिक विद्यालयों से कुछ शिक्षकों की नियुक्ति उच्च प्राथमिक विद्यालयों में की गई, लेकिन पलठेड़ी को फिर भी कोई शिक्षक नहीं मिला। इससे नाराज ग्रामीणों ने सवाल उठाया हैकृक्या पलठेड़ी के बच्चों पर शिक्षा का अधिकार अधिनियम लागू नहीं होता?



2010 से 2015 तक ग्राम पंचायत पलठेड़ी का प्रधान रहते हुए मैंने कई बार अधिकारियों से मिलकर अध्यापकों की मांग उठाई। मेरे प्रयासों से कुछ अस्थाई शिक्षक तो मिले, लेकिन स्थाई नियुक्ति आज तक नहीं हो सकी। आज भी यह मांग जारी है।

**शरीफ अहमद चौधरी,**
**पूर्व प्रधान, ग्राम पलठेड़ी**



2021 में ग्राम प्रधान बनने के बाद मैंने लगातार उच्च प्राथमिक विद्यालय पलठेड़ी में अध्यापकों की नियुक्ति के लिए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शामली एवं जिलाधिकारी शामली को पत्र लिखे। मेरी मांग पर पहली बार विद्यालय को एक स्थाई अध्यापक मिला, लेकिन यह बेहद अपर्याप्त है। 102 छात्रों के लिए कम से कम तीन अध्यापक तो होने ही चाहिएं।

**अफसाना बिलाल चौधरी,**
**वर्तमान ग्राम प्रधान, पलठेड़ी**

## जेई पर किसानों से अमर्यादित व्यवहार करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** रालोद नेता राजन जावला ने अधीक्षण अभियंता को शिकायती पत्र देकर जेई पर किसानों से अमर्यादित व्यवहार करने का आरोप लगाया। बताया कि डांगरौल बिजलीघर के अंतर्गत गांव डांगरोल व राजपुर छाजपुर, गांव कनियान बिजलीघर के अंतर्गत गांव कनियान व भनेड़ा के दोनो बिजलीघरो पर जेई हरीश कुमार कार्यरत हैं।

जेई का व्यवहार किसान व मजदूर के साथ व्यवहार अमर्यादित रहता है। जेई के द्वारा लगातार उपभोक्ताओ को परेशान किया जाता है और जब किसानों के द्वारा जेई से फोन पर बात करना का प्रयास किया जाता है तो किसानों को धमकाता है। उन्होने मांग की कि तत्काल जेईई हरीश कुमार को दोनों बिजलीघरो से हटाया जाए।

## हादसे में फेरी करने वाले व्यक्ति की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** मेरठ करनाल हाईवे स्थित गांव काला माजरा गेट पर गैस के चूल्हे की फेरी करने वाले व्यक्ति की बाइक में अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे व्यक्ति की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। सूचना मिलने पर परिजनों में शोक की लहर दौड़ गई। मृतक पत्नी सहित दो पुत्र तथा दो पुत्री को रोता बिलखता छोड़ गया है।

मंगलवार की दोपहर बाद बाइक पर गैस के चूल्हे की फेरी करने वाले मुकीम पुत्र यासीन उम्र 46 वर्ष की बाइक में करनाल हाईवे स्थित गांव काला माजरा के गेट के सामने अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से व्यक्ति गंभीर घायल हो गया। पुलिस ने घायल को हॉस्पिटल में भर्ती कराया, जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।




पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज दिया है। परिजनों ने बताया कि वह काफी समय से कपड़े तथा गैस के चूल्हे की फेरी कर परिवार का पालन पोषण कर रहा था। मंगलवार को भी वह बिडौली क्षेत्र में फेरी करने के लिए गया था। मृतक अपने पीछे पत्नी सहित दो पुत्र तथा दो पुत्री को रोता बिलखता छोड़ गया है। परि. जनों की ओर से अभी तक किसी के खिलाफ कोई तहरीर नहीं दी गई है।

## गीता सत्संग भवन में संकीर्तन का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** सदगुरु और भगवान पर भरोसा करने वालों की चिंता स्वयं प्रभु करते हैं। भगवान पर समर्पण करके देखो पछतावा नहीं रहेगा। धार्मिक भक्त समाज के तत्वाधान में सोमवार शाम गीता सत्संग भवन में सत्संग संकीर्तन का आयोजन किया गया। धार्मिक भक्त समाज के संस्थापक और संत स्वरूपानंद गिरी गुरु पूर्णिमा उत्सव को मनाने के लिए महेंद्र गढ़ से हर वर्ष की भांति यहां पहुंचे हैं। जो कस्बे में ही प्रवास कर रहे हैं।





सत्संग में प्रवचन करते हुए संत स्वरूपानंद गिरी ने भक्तों को समर्पण और सतगुरु की महिमा को समझाया। उन्होंने कहा सदगुरु और परमात्मा पर भरोसा करते हुए भक्त को हमेशा उनकी आज्ञा का पालन और उनके प्रति समर्पण रखना चाहिए। जिससे उनका कल्याण संभव है।

संत ने फरमाया संतो और सद्‌गुरु की कृपा के लिए उनकी आज्ञा पालन करना उतना ही जरूरी है। जैसे अच्छी गृहस्थी चलाने के लिए पति पत्नी को एक दूसरे की बात को मानकर अनुकूल जीवन जीना पड़ता है। विपरीत परिस्थितियों में घर में कलह और अशांति ही पैदा होनी है। संत ने फरमाया जीवन में सद्‌गुरु के मिलने से मनुष्य का अहंकार नष्ट हो जाता है। सत्संग में भक्त समाज के महिला और पुरुष दोनों मंडलों के सदस्य विजय गुप्ता , डॉ राकेश शर्मा , डॉ अशोक विश्वास , डा मधु सुदन, कैलाश चन्द , नीरज मित्तल , प्रेम चन्द वर्मा आदि उपस्थित रहे।

## ट्रांसफार्मर पर ओवर लोड से झुलस रहा मोहल्ला, छह महीने से कम वोल्टेज बनी आफत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़ीपुख्ता।** क्षेत्र के गांव गढ़ी अब्दुल्ला खां के एक मोहल्ले में इन दिनों बिजली की अनदेखी ने जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया है। स्थानीय निवासीयो ने कई बार शिकायतें कर चुके हैं, लेकिन समाधान तो दूर, सुनवाई तक नहीं हो रही।

ग्रामीणों के अनुसार मोहल्ले में 100 किलोवाट का ट्रांसफार्मर रखा हुआ है, जिस पर लगभग 180 से अधिक उपभोक्ताओं के कनेक्शन जुड़े हुए हैं। ट्रांसफार्मर पर ज्यादा लोड होने के कारण वोल्टेज इतना कम आता है कि पंखा तक चलाना मुश्किल हो गया है। स्थिति यह है कि



गर्मी में बच्चे, बुजुर्ग और मरीज बुरी तरह परेशान हैं। छात्र भी सही से अपनी पढ़ाई नहीं कर पा रहे। ट्रांसफार्मर तीन या चार दिन के बाद खराब हो जाता है जिसके कारण मोहल्ले वास्को को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। मौहल्लेवासियो का आरोप है कि छह माह से एसडीओ, जेई और शामली के एक्शन को शिकायती पत्र दिए गए, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 और जिलाधिकारी शामली को भी शिकायत दी गई।

बावजूद इसके समस्या जस की तस बनी हुई है। मंगलवार को ट्रांसफार्मर एक बार फिर से ठप हो गया। पूरे मोहल्ले में अंधेरा छा गया और पेयजल से लेकर जरूरी उपकरण सब ठप हो गए जो हर तीसरे चौथे दिन यह समस्या बनी हुई है। इस दौरान विजय सैनी, राकेश सैनी, जॉनी कुमार सैनी, दिलशाद अंसारी, विकास सैनी, शालू कुमार, संदीप कुमार, आशू, हंस कुमार समेत तमाम मोहल्ले वालों ने जल्द समाधान की मांग की है।

## राजेश सुनपेडिया बने पश्चिमी व्यापारी एकता मंडल के शामली जिलाध्यक्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के युवा व्यापारी राजेश सुनपेडिया को पश्चिमी व्यापारी एकता मंडल का शामली जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। इस अवसर पर संगठन के पदाधिका. रियों ने राजेश सुनपेडिया का फूल मालाएं पहनाकर बधाई दी।

मंगलवार को पश्चिमी व्यापारी एकता मंडल की एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में संगठन के प्रदेश मंडल अध्यक्ष संजय वर्मा ने शहर के युवा व्यापारी राजेश सुनपेडिया को संगठन का शामली जिलाध्यक्ष मनोनीत किया जिसका सभी ने सर्वसम्मति से समर्थन किया। इस अवसर पर मुजफ्फरनगर जिलाध्यक्ष हिमांशु वर्मा, मुजफ्फरनगर शहर अध्यक्ष वीशू वर्मा ने राजेश सुनपेडिया का फूल मालाएं पहनाकर व मनोनयन पत्र प्रदान कर उन्हें बधाई दी। राजेश सुनपेडिया ने अपने मनोनयन पर आभार व्यक्त करते हुए संगठन को और मजबूत बनाने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि जल्द ही जनपद शामली में व्यापार मंडल की एक मजबूत टीम गठित की जाएगी जो निस्वार्थ व्यापारी हक और व्यापारी हित के लिए कार्य करेगी। इस अवसर पर सर्राफा व्यापारी धर्मवीर प्रधान, अनिल सोनी, शिवम सुनपेडिया सहित अन्य पदाधिकारी भी मौजूद थे।

## अनंगपुर में मकान तोड़े जाने के निर्णय पर जताया आक्रोश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** कलस्यान गुर्जर खाप के युवाओं ने तहसील मुख्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने एसडीएम कैराना को संबोधित ज्ञापन-पत्र नायब तहसीलदार को सौंपकर दिल्ली बॉर्डर के समीप बसे हरियाणा के ऐतिहासिक गांव अनंग. पुर तंवर में मकान तोड़े जाने पर गहरा आक्रोश व्यक्त किया है। साथ ही, देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मामले में हस्तक्षेप करके कार्यवाही को रोके जाने की मांग की है।

मंगलवार को कैराना क्षेत्र के कलस्यान गुर्जर खाप के युवा भारी संख्या में तहसील मुख्यालय पर पहुंचे। जहां पर उन्होंने नारेबाजी करते हुए जमकर प्रदर्शन किया। इसके बाद, एसडीएम कैराना को संबोधित ज्ञापन-पत्र नायब तहसीलदार सतीश




यादव को सौंपा। बताया कि हरियाणा के जनपद फरीदाबाद में स्थित गांव अनंगपुर तंवर सैंकड़ों वर्षों से दिल्ली बॉर्डर के समीप बसा है। गांव में करीब तीन सौ मकान बने हुए है, जिनमें गुर्जर समाज के लोगो समेत 36 बिरादरी के लोग वास करते है। ए लोग सैंकड़ों वर्षों से यहां बसे हुए है। ज्ञापन-पत्र में बताया कि एक तुगल. की फरमान जारी करके यहां बने मकानों को जबरदस्ती तोड़े जाने का कार्य किया जा रहा है। इन मकानों को वन विभाग की भूमि पर बने होने की बात कही जा रही है। मकान टूटने के कारण मासूम बच्चे और महिलाएं सड़कों पर आ गए है। अनेकों लोगो को हार्ट अटैक आ चुके है। इससे देशभर में रोष व्याप्त है। ज्ञापन-पत्र में देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मामले में हस्तक्षेप करते हुए मकान तोड़े जाने की कार्यवाही पर अविलंब रोक लगाने की मांग की गई है। इस दौरान विलियम प्रधान, सूरज चौहान, बिजेन्द्र शेखूपुरा, सौरव बुच्चाखेड़ी, फारुख मण्डावर, जहांगीर गंदराऊ, रूपेश चौहान, दीपक जगनपुर, सतीश चौहान, अक्षय, मोहित, योगेश, ऋतिक आदि युवा मौजूद रहे।

## शिक्षकों को संघ की सदस्यता ग्रहण कराई

**शामली।** मंगलवार को उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ ठकुराई गुट के पदाधिकारियों ने कई स्कूलों में दौरा कर शिक्षकों से संपर्क कर शिक्षकों को संघ की सदस्यता ग्रहण कराई। जिलाध्यक्ष रजनीश कुमार, जिला मंत्री जिया उल हक अंसारी, कार्यकारी मंत्री देवेंद्र कुमार तथा कार्यकारी अध्यक्ष सुनील शर्मा की टीम सदस्यता तथा शिक्षकों से संवाद के लिए लाला इंद्र प्रकाश इंटर कॉलेज बाबरी, आरडी इंटर कॉलेज सिक्का, लाला लाजपत राय इंटर कॉलेज थानाभवन, लाला लाजपत राय कन्या इंटर कॉलेज थानाभवन, किसान इंटर कॉलेज थानाभवन, पब्लिक इंटर कॉलेज जलालाबाद तथा जवाहर लाल नेहरू इंटर कॉलेज गढ़ी पुख्ता में संपर्क किया तथा शिक्षकों को संघ की सदस्यता ग्रहण कराई। जिलाध्यक्ष कैप्टन रजनीश कुमार ने शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि अपने हितों की रक्षा के लिए संगठन बहुत आवश्यक है क्योंकि संगठन में वह शक्ति होती है जिसके आगे शासन और प्रशासन को भी झुकना पड़ता है। आज सरकार की नीतियों के कारण हमारे पूर्वजों द्वारा हासिल की गई बहुत सी उपलब्धियां हम से छिन चुकी है। जिनमें मुख्यत: पुरानी पेंशन को खत्म करना, लिपिक तथा चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को आउटसोर्सिंग से भरा जाना है। यदि हम इसी प्रकार उदास. ीन रहे तो बची खुची उपलब्धियां भी छिन जाएगी।

## एक नजर

### तहसील में 15वें दिन भी रहा धरना जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊन।** विद्युत विभाग के द्वारा किए गए मुकदमे व जुर्माने को लेकर शहीद भगत सिंह युवा समिति के कार्यकर्ताओं ने तहसील कार्यालय पर 15वें दिन भी धरना जारी रखा। मंगलवार को शिव सेना के सहारनपुर मंडल महासचिव बालिस्टर सिंह ने कार्यकर्ताओं के साथ पहुंच कर धरने में समर्थन किया और उन्होंने कहा कि विधुत विभाग द्वारा समझौता करने के बाद मुकदमा करना व किसानों पर जुर्माना के नोटिस भेजना गलत है । वही समिति कार्यकर्ताओं का कहना है कि कल तहसील में महापंचायत की जाएगी और जब तक विद्युत विभाग समझौते के अनुसार मुकदमे व जुर्माने के नोटिस वापस नहीं लेता तब तक धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। धरना प्रदर्शन में दीपक, रविन्द्र,सभासद दीपक जितेंद्र,सत्यवान,अमित कुमार,राजन,गौरव, मुकेश, उत्तम, सुशील, बबलू कुमार, यशपाल, सुरेंद्र, नीरज पहलवान अरविंद, राजेंद्र, प्रमोद, नीरज चौधरीआदि शामिल रहे।

### वाईपी सिंह का आगमन आज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** वाईपी सिंह, अध्यक्ष,यूपीसिडको यू.पी. स्टेट कॉन्स्ट्रक्शन एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेन्ट कॉरपोरेशन, उ.प्र. सरकार, दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री उ.प्र. सरकार द्वारा दिनांक 9 जुलाई, 2025 को प्रात: 9:30 बजे आगमन ऑर्किड होटल कैराना रोड शामली के पश्चात 10:15 बजे आगमन जवाहर नवोदय विद्यालय भैंसवाल शामली में 10:15 बजे से 11:45 तक एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम में निमित पौधारोपण करेंगे। इसके उपरांत 11:55 बजे आगमन क्रिटिकल केयर यूनिट जिला संयुक्त चिकित्सालय शामली में 12:00 बजे से 1:00 बजे तक एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के निमित पौधारोपण करेंगे। इसके बाद 1:10 बजे आगमन ऑर्किड होटल कैराना रोड़, शामली के पश्चात वहां से प्रस्थान जे-200, सेक्टर-25, जलवायु विहार, नोएडा।

### कांवड़ यात्रा के मद्देनजर एसडीएम व सीओ ने आहुत की बैठक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** मंगलवार को एसडीएम कैराना निधि भारद्वाज व सीओ श्यामसिंह ने कोतवाली प्रांगण में बैठक आहूत की, जिमसें कांवड़ मार्ग पर लगने वाले सेवा शिविर व ढाबा संचालक तथा जनप्रतिनिधि शामिल हुए। इस दौरान एसडीएम ने कहा कि श्रावण मास की कांवड़ यात्रा लगभग प्रारंभ हो चुकी है। ऐसे में शासन के निर्देशों के मद्देनजर कांवड़ यात्रा को शांतिपूर्ण एवं सकुशल तरीके से सम्पन्न कराना पुलिस-प्रशासन की प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने कहा कि कांवड़ मार्ग पर लगने वाले सेवा शिविरों व ढाबों आदि में वितरित किए जाने वाले खाद्य पदार्थ गुणवत्तापूर्ण होने चाहिए। इन स्थानों पर पुलिस-प्रशासन की ओर से निरन्तर मॉनिटरिंग की जाएगी। किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नही की जाएगी। एसडीएम ने सेवा शिविर व ढाबा संचालकों को साफ-सफाई पर भी विशेष ध्यान देने को कहा है। सीओ ने कहा कि कांवड़ मार्ग पर उच्चाधिकारियों के दिशा-निर्देशों के अनुरूप कांवड़ियों की सुरक्षा के लिए पुख्ता बंदोबस्त किए गए है। कांवड़ यात्रा पर जिला मुख्यालय से भी निरन्तर निगरानी की जाएगी। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक धर्मेन्द्र सिंह ने कहा कि कांवड़ यात्रा लाखों लोगों की आस्था का पर्व है। इसे सकुशल सम्पन्न कराना सभी का उत्तरदायित्व बनता है। उन्होंने कांवड़ यात्रा के दौरान साम्प्रदायिक सौहार्द की शानदार नजीर पेश करने की अपील की है। साथ ही, माहौल बिगाड़ने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफ सख्त कार्यवाही अमल में लाए जाने की चेतावनी भी दी है। इस अवसर पर ईओ कैराना समीर कश्यप, इमामगेट पुलिस चौकी प्रभारी एसआई राहुल देशवाल आदि मौजूद रहे।

### ब्राह्मण समाज के लोगों ने जानलेवा हमले की निंदा की



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** ब्राह्मण समाज के लोगों ने डीएम कार्यालय में ज्ञापन देकर इटावा जनपद में ब्राह्मण समाज के लोगों पर हुए जानलेवा हमले में कार्यवाही करने की मांग की है। मंगलवार को दिए ज्ञापन में उन्होने कहा कि हाल ही में उत्तर प्रदेश के इटावा जनपद में ब्राह्मण समाज के एक गांव पर जिस प्रकार से निर्मम हमला किया गया, वह अत्यंत निदनीय, अमानवीय और समाज में भय एवं असंतोष उत्पन्न करने वाला कृत्य है। इस हमले ने न केवल पीड़ित गांव के व्यक्तियो को शारीरिक एवं मानसिक क्षति पहुंचाई है, बल्कि सम्पूर्ण ब्राह्मण समाज की गरिमा और सुरक्षा को लेकर गंभीर प्रश्न खड़े कर दिए हैं। यह कृत्य सामाजिक सौहार्द्र को बिगाड़ने की साजिश प्रतीत होती है, जिसे किसी भी रूप में सहन नहीं किया जा सकता। उन्होने मांग की कि उत्तर प्रदेश सरकार को इस विषय में अवगत कराते हुए दोषियों के विरुद्ध तत्काल और कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करवाई जाए। पीड़ित व्यक्ति एवं उनके परिवार को उचित सुरक्षा और आर्थिक सहायता प्रदान की जाए। ऐसे आपरा. धिक तत्वों पर कठोर धाराओं के तहत कार्रवाई की जाए। भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए सभी जनपदों में सतर्कता और प्रभावी उपाय किए जाएं। इस अवसर पर रामनिवास शर्मा, अमित प्रधान, योगराज, रामतीर्थ शर्मा, उमेश, देशपाल, सागर, अरविन्द प्रधान आदि मौजूद रहे।

## बैडमिंटन में दिखाया हुनर

**शामली।** मंगलवार को शहर के बीएसएम विद्यालय के प्रांगण में इंटर हाउस बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विद्यालय के सभी हाउसों के विद्यार्थीयों ने अपने शानदार प्रदर्शन से सभी को प्रभावित किया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के प्रधानाचार्य राहुल चौधरी, मैनेजर छाया सिंह, चेयरमैन सूर्यवीर सिंह और उप प्रधानाचार्या आशु पंडित द्वार द्वीप प्रज्ज्वलन के साथ की गई। इस प्रतियोगिता में तीनों कैटिगरी के विद्यार्थियों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। प्रथम कैटिगरी में कक्षा 3 से 5 तक, द्वितीय कैटिगरी में कक्षा 6 से 8 तक व तृतीय कैटिगरी में कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। हर एक वर्ग में मुकाबला रोमांचक और प्रेरणादायक रहा। प्रथम कैटिगरी में बालक वर्ग से एक्सप्लोरर्स हाउस के वंश और अक्षित ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान इनोवेटर हाउस के कार्तिक और सक्षम व तृतीय स्थान वॉरियर्स हाउस के युग और अमृत ने प्राप्त किया। वहीं कैटिगरी ए बालिका वर्ग से वॉरियर हाउस की वाणी और वान्या ने प्रथम स्थान, इनोवेटर हाउस से महिमा और आराध्या ने द्वितीय स्थान और एवेंजर्स हाउस से वेदिका और परी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कैटिगरी बी कक्षा 6 से कक्षा 8 तक के बालक व बालिकाओं के मध्य रही। बालिका वर्ग से इनोवेटर हाउस की वैष्णवी और वंशिका प्रथम स्थान पर, अवेंजर हाउस की पलक और रूही द्वितीय स्थान पर, वॉरियर हाउस की हंसी और मान्या तृतीय स्थान पर रही। बालक वर्ग में अवेंजर हाउस के मनित और अंश प्रथम स्थान पर, इनोवेटर हाउस से विनायक और दक्ष द्वितीय स्थान पर तथा वॉरियर्स हाउस से आरव और त्रिश तृतीय स्थान पर रहे।

## तकनीकी कार्यशाला का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के सैंट आरसी कांवेट स्कूल में दो दिवसीय तकनीकी कार्यशाला का आयोजन किया गया। तकनीकी कार्यशाला में हरिद्वार की तकनीकी फाउंडेशन ऑफ इंडिया के मैनेजर इंजीनियर मनीष कुमार की सात इंजीनियर की टीम ने छात्र-छात्राओं को हवा के दबाव के सिद्धांत बताए गए।

मंगलवार को इंजीनियर विपिन, इंजीनियर सागर, इंजीनियर अभिराम, इंजीनियर रिया, इंजी. नियर जानवी, इंजीनियर भावना, इंजीनियर उमा की टीम ने प्लास्टिक ग्लास, बैटरी, बैटरी कनेक्टर, मोटर फैन, प्लास्टिक पाइप की सहायता से वैक्यूम क्लीनर का कार्यशील मॉडल बनवाकर सेक्शन और वैक्यूम प्रेशर के विषय में समझाते हुए बताया वैक्यूम क्लीनर हवा के दबाव के सिद्धांत पर काम करता है। वैक्यूम क्लीनर में एक मोटर पंखे को घुमाकर मशीन के अंदर का दबाव कम कर देती है।

जिससे हवा अंदर की तरफ आती है और अपने साथ धूल और कचरा भी ले आती है। इसका उपयोग बड़े-बड़े कार्यालयों, ऑफिस, अस्पतालों, घरों आदि में सफाई के लिए किया जाता है। इसके अतिरिक्त इंजीनियर टीम ने कक्षा 2 के विद्यार्थियों को पेपर शीट, प्लास्टिक स्ट्रॉ, राउंड फोम, डबल साइडेड टेप व वेल्क्रो की सहायता से दीवार घड़ी बनवाकर इसकी कार्यविधि व प्रकारों के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि घड़ी एक ऐसा उपकरण है जो समय बताती है।

कुछ डिजिटल घड़ियां और स्मार्ट वॉच तारीख, तापमान व अलार्म जैसी अन्य जानकारी भी प्रदान करती है। कुछ घड़ी दीवार पर टांगी जाती है।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मेरा नाम (MINU RANI) मीनू रानी था। मैंने अब अपना नाम प्रियंका (PRIYANKA) रख लिया है। मुझे भविष्य में इसी नाम से जाना-पहचाना व पुकारा जाए।
प्रियंका पत्नी स्वर्गीय विपिन कुमार
निवासी-मोहल्ला गुम्बद कस्बा
कैराना जिला शामली

# डीजे की तेज आवाज को लेकर हुई मारपीट में एक पक्ष के पांच युवकों को भेजा जेल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** नमाज के समय धार्मिक स्थल के सामने डीजे की तेज आवाज को लेकर दो अलग-अलग समुदायों के युवकों में कहासुनी के बाद हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने 12 नामजद युवकों सहित 10-15 अज्ञात के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुक. दमा दर्ज कर एक पक्ष के पांच युवकों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

रविवार शाम को गांव अमरपुर गढ़ी में बारात के दौरान डीजे की तेज आवाज को लेकर हुए विवाद में पुलिस ने मांगेराम की शिकायत पर असजद, नावेद, हम्माद, सादान, उजेब, आसिफ, जहांगीर, फहीम, सादिद, अबुजर, भूरा और माज सहित 10-15 अज्ञात के खिलाफ आरोप लगाया था कि उन्होंने बारात में घुसकर लाठी-डंडो व भालो से हमला कर जाति सूचक शब्दों का प्रयोग कर वंश एवं एवं पंकज को घायल कर दिया था। पुलिस ने आरो. पियों के खिलाफ धारा 191(2)/115(2)/352/189(4) बीएनएस व 3 (1) द, ध एससी / एसटी एक्ट में सोमवार को मामला दर्ज कर लिया।

पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सागर जैन ने बताया कि मो. अबुजर, असजद, इसरार, सादिक और फहीम को देवबंद स्थित शुगर मिल के पास से गिरफ्तार कर लिया। जिन्हें न्यायालय में पेश किया गया और वहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।



# ठगी के शिकार व्यक्ति को वापिस दिलाई रकम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** साइबर ठगी की घटनाए रूकने का नाम नहीं ले रही रहै। आये दिन कोई न कोई व्यक्ति ठगी का शिकार हो रहा है। साइबर ठगी की शिकायत पर मामला दर्ज कर रकम को बैंक खाते में सीज़ कराने के बाद ठगी के शिकार अब्दुल अलीम खान को रकम वापस दिलाई।

कोतवाली साइबर सेल ने ठगी का शिकार हुए मोहल्ला मटकोटा निवासी अब्दुल अलीम खान की 50 हजार रुपये की रकम वापस कराई है। 18 अप्रैल को अलीम ने साइबर ठगी की शिकायत पुलिस में दर्ज कराई थी। जिसके बाद कार्रवाई करते हुए पुलिस ने उक्त रकम को बैंक खाते में सीज करा दिया था मंगलवार को रकम वापस मिलने पर अलीम ने पुलिस का आभार जताया है।

# व्यापारियों ने जीएसटी को लेकर वित्त मंत्री को भेजा ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** जीएसटी समेत विभिन्न समस्याओं से सम्बंधित आठ सूत्रीय ज्ञापन उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल उत्तर प्रदेश से जुड़े व्यापारियों ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को भेजा।

उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के नगर अध्यक्ष दीपक गर्ग व श्रम प्रकोष्ठ के अध्यक्ष दिलशाल चार्ली के नेतृत्व में व्यापारियों ने वित्त मंत्री के नाम ज्ञापन एसडीएम युवराज सिंह को सौंपा। इसमें उन्होंने बताया कि जीएसटी विभाग के अधिकारियों द्वारा कि जा रही कार्रवाई से व्यापारी अत्यंत कठिनाईयों से गुजर रहे हैं। जीएसटी आर फाईल (1) करते समय बी (2) व बी (2) के लिए एचएसएन समरी अलग-अलग मांगी जा रही हैं। जिस पर रोक लगाई जानी जरुरी है। जबकि सेंट्रल जीएसटी कार्यालय की ओर से पांच वर्षों कि सूचनाएं व दस्तावेज 15 दिनों का समय देकर मांगे जा रहे हैं। साथ ही फिजिकल ऑडिट के लिए टीमें बनाकर व्यापारियों के कार्यालय पर भेजी जा रही हैं।



उन्होंने कहा कि इस तरह की कार्रवाई कर व्यापारियों का उत्पीड़न किया जा रहा है। सचल दस्तों के द्वारा पूरा टैक्स जमा होने के बाद भी तकनीकी आधार पर (मानवीय भूल) अनावश्यक कमियां निकाल कर जुर्माना जमा कराया जा रहा है। उन्होंने व्यापारी हित में सभी समस्याओं का समाधान कराने की मांग की है। इस मौके पर सतीश त्यागी, गोपाल माहेश्वरी, राजू महेश्व. री, सुनील कुमार, अंकित गुप्ता, मनीष गर्ग, मोनू बंसल, भारत भटनागर, शादाब आदि मौजूद रहे।

# पति की जहर के सेवन से संदिग्ध मौत के मामले में जांच की शुरू

**देवबन्द।** प्रेम विवाह के बाद पति की जहर के सेवन से संदिग्ध हुई मौत के बाद पुलिस ने मृतक की बहन की शिकायत के आधार पर भाभी एवं उसके प्रेमी के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर घटना की जांच शुरू कर दी है। देहरादून निवासी विशाल सिंघल उर्फ विशू ने तीन साल पूर्व देवबंद निवासी कशिश के साथ प्रेम विवाह किया था। जिसकी बीती तीन जुलाई को किसी जहरीले पद्धार्थ के सेवन के चलते मुजफ्फरनगर में उपचार के दौरान मौत हो गई थी। मृतक विशाल की बहन नंदनी व अपर्णा गोयल ने अपने अन्य परिजनों के साथ देवबंद कोतवाली पहुंच अपनी भाभी पर अवैध संबंधों के चलते भाई की हत्या का आरोप लगाते हुए बताया कि भाई ने बीती दो जुलाई को अपनी पत्नी को किसी अन्य युवक के साथ आपत्ति जनक स्थिति में देख लिया था। जिसके बाद उसके साथ मारपीट कर जहर देकर उसकी हत्या करदी गई। पुलिस ने बहन नंदनी की शिकायत पर भाभी कशिश और उसके मनीष उर्फ गोला के खिलाफ हत्या के आरोप में मामला दर्ज कर लिया। एसपी देहात सागर जैन ने बताया कि तीन जुलाई को मुजफ्फरनगर से युवक के जहरीले पद्धार्थ के सेवन के चलते मौत की सूचना मिली थी। जिसका मुजफ्फरनगर में ही पोस्टमार्टम किया गया। बताया कि शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है। कहा कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। हालांकि अभी कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है।

# स्कूलों को बंद, शराब के ठेके खोले जा रहे हैं: सिंह

**देवबन्द।** आसपा के मंडल प्रभारी डीपी सिंह ने आजाद समाज पार्टी द्वारा आयोजित जाति तोड़ो समाज जोड़ो कार्यक्रम में कहा कि सरकार का रवैया समाज के प्रति ठीक नहीं है। स्कूलों को बंद कर शराब के ठेके खोले जा रहे हैं। जिस कारण बच्चे शिक्षा से दूर हो रहे हैं।

ऊंचागांव में आयोजित आजाद समाज पार्टी द्वारा जाति तोड़ो समाज जोड़ो कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में पहुंचे डीपी सिंह ने कहा कि सरकार के रवैये ने सोचने पर मजबूर कर दिया है कि समाज की युवा पीढ़ी का भविष्य क्या होगा। जगह जगह सरकार स्कूल बंद कर रही है। जिस कारण बच्चे स्कूलों और शिक्षा से दूर हो रहे हैं। इस अभाव में रोजगार व सरकारी नौकरियों में रिक्तियां न के बराबर रह गई है। उन्होंने कहा कि रोजगार के साथ शिक्षा का सांविधानिक अधिकार हमने कोई नहीं छीन सकता। इसके लिए हर स्तर पर लड़ा जाएगा। आसपा के जिला उपाध्यक्ष रमेश राज गौतम ने कहा कि हमे बाबा साहेब के बताए रास्तों पर चलकर जिम्मेदारी वाले पदों पर जाकर समाज के कल्याण के लिए कार्य करने होंगे। साथ ही समाज को एक रखने की दिशा में कार्य करने होंगे। कहा कि पार्टी संस्थापक चंद्रशेखर आजाद हमारे लिए प्रेरणा स्रोत है। हमें उनके हाथों को मजबूत करते हुए जाति धर्म के खेल से उठकर राष्ट्र के निर्माण के लिए कार्य करना है। इस मौके पर सचिन खुराना, प्रवीण, पंकज, सलमान, कारी नौशाद, तीरथपाल, डॉ. परविंदर, मोनू आदि मौजूद रहे।



# अध्यापकों को किया सम्मानित

**देवबन्द।** हज यात्रा से वापस आए एवं स्थानांतरण अध्यापकों को प्रशस्ति पत्र एवं गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया।

सहारनपुर हाईवे स्थित सर्वोदय ज्ञान पब्लिक स्कूल में आयोजित सम्मान समारोह में हज यात्रा से वापस आए एवं स्थानांतरण कर अन्य जनपद मे जाने वाले अध्यापकों का माल्यार्पण कर उन्हें प्रशस्ति पत्र एवं गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर स्कूल के प्रभारी शिवकुमार सैनी ने कहा कि समाज मे अध्यापक का स्थान सदैव सर्वोपरि रहेगा क्यांकि समाज को सही दिशा देना, युवा पीढ़ी को देश के उज्जवल भविष्य के लिए तैयार करना, सत्य एवं अहिंसा के मार्ग पर चलने की शिक्षा देना अध्यापक का महत्वपूर्ण दायित्व हैं। इसलिए उन्हें हमेशा आलोचना, मानसिक आदि चुनौतीयों के लिए हर समय तैयार रहना चाहिए। सम्मान समारोह में शिव कुमार सैनी, शादाब खान, मोहम्मद अहसान, इस्लाम उर रहमान,मंसर अजीम उस्मानी, मुंफेत अली,रजनीश कुमार,श्याम धीर,पूजा चौधरी, शाइस्ता परवीन, जैनब जुबैरी, सीमा, अफशां साबिर, हुमा जमाल का मलायार्पण, कर उन्हें प्रशस्ति पत्र व गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रभात कुमार यादव, मोहम्मद असद सिद्दीकी, मोहम्मद उस्मान, तौसीफ अहमद कुरैशी, प्रदीप शर्मा, आनंद शर्मा, मोहित त्यागी, अमीर हसन, अहतशाम उल हक सिद्दीकी, नययर उल इस्लाम, असजद अली,राहुल ( देहली )मनोज कुमार,मोहम्मद सरवर,सचिन माहेश्वरी, जिले सिंह,मोहम्मद उवैस, मंजूर हसन, बब्लू, गुलशन अंसारी, अबाना बेगम, मंजा परवीन, सीमा जमाल, रूबी, इमराना सिद्दीकी, रिजवाना सिद्दीकी, संगीता, मंजुल, रीना, राजेश, रेणु मोहम्मद वजाहत शाह, नजम अहमद सिद्दीकी, खुर्शीद अहमद सिद्दीकी, शाह फैसल मसूदी, नबील मसूदी आदि शामिल रहे।




# जनसंघ के संस्थापक का भाजपाइयों ने मनाया जन्मदिन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जन्म दिवस पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

भारतीय जनता पार्टी भागूवाला मंडल के कार्यकर्ताओं ने महामंत्री सचिन देशवाल के साहनपुर स्थित प्रतिष्ठान पर भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जन्म दिवस मनाया। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता चौधरी ईशम सिंह ने उनके जीवन वृत पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वास्तव में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के सपनों को साकार करने का काम कर रहे हैं। कश्मीर से धारा 370 हटाकर देश में ऐतिहासिक कार्य किया है। इस अवसर पर उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र के सम्मुख पुष्प अर्पित कर अपनी अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर चौधरी ईशम सिंह, महामंत्री सचिन देशवाल, जिला प्रतिनिधि अरविंद विश्वकर्मा, अजीम अहमद, महबूब मलिक, शक्ति केंद्र संयोजक सचिन नामदेव, संजीव, राहुल शर्मा, बूथ अध्यक्ष सुमित चौधरी, सुरेंद्र चौहान, रोहित राजपूत, मयंक राजपूत, अजय पंडित आदि उपस्थित रहे।

# पीड़ित को नहीं मिला इंसाफ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** नगर के मोहल्ला इंदु चौधरीयान निवासी वीरेंद्र सिंह पुत्र घसीटा सिंह ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि 29 जून 2025 की रात्रि में चोरों द्वारा उसकी ई-रिक्शा घर के पास से चोरी कर ली गई थी। पीड़ित ने घटना की तत्काल सूचना स्थानीय थाने में दी लेकिन उसका कहना है कि पुलिस ने अब तक कोई मुकदमा दर्ज नहीं किय,ा बल्कि उसे केवल झूठी तसल्ली देकर वापस भेज दिया। पीड़ित वीरेंद्र सिंह का आरोप है कि थाने से बार-बार चक्कर काटने के बावजूद उसकी न तो सुनवाई हुई और न ही चोरी की गई ई-रिक्शा का अब तक कोई सुराग लगा है। इस लापरवाही के चलते वह दर-दर की ठोकरें खा रहा है और मानसिक रूप से बेहद परेशान है। पीड़ित का कहना है कि मेरे पास उन सीसीटीवी कैमरे की फुटेज भी मौजूद है जब चोर चोरी कर कर मेरी ई रिक्शा लेकर जा रहा था। जिसे पुलिस को मैंने कई बार दिखाया, उसके बाद भी मेरी कोई सुनवाई नहीं हुई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पुलिस की इस तरह की उदास. ीनता से आम जनता का कानून व्यवस्था से भरोसा उठता जा रहा है। पीड़ित ने उच्चाधिकारियों से न्याय की गुहार लगाने का मन बनाया है।

# आवारा पशुओं पर लगाम लगाने व स्पीड ब्रेकर बनवाने की मांग

**नजीबाबाद।** भारतीय किसान यूनियन कृषि क्रांति अराजनैतिक के जिला अध्यक्ष विमल कुमार ने राष्ट्रीय अध्यक्ष इंतजार मूसा के दिशा निर्देश पर कार्यकर्ताओं के साथ तहसील पहुंचकर एसडीएम को एक ज्ञापन दिया। ज्ञापन में शहर में बढ़ रहे आवारा पशुओं, कुत्तों आदि से लोगों को निजात दिलो की मांग की गई। बाजार आने वाली महिलाओं के लिए नगर में पालिका से शौचालय बनवाने, कृषि उत्पादन मंडी समिति के गेट के सामने चलने वाले तेज स्पीड वाहनों से दुर्घटना रोकने के लिए स्पीड ब्रेकर बनवाने आदि की मांगें की गई।

# पाइप लाइन लीकेज की समस्या का समाधान

## कुछ ही घंटों में पाइप लाइन की मरम्मत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** नगर के मुरादाबाद रोड स्थित थाने वाले चौराहे के पास अचानक पानी की मुख्य सप्लाई पाइप लाइन में लीकेज हो जाने से क्षेत्र में जल आपूर्ति बाधित हो गई थी लेकिन इस गंभीर समस्या के समाधान में नगर पालिका प्रशासन ने तत्परता दिखाई और कुछ ही घंटों में पाइप लाइन की मरम्मत कर पानी की सप्लाई पुन: सुचारु कर दी गई।

इस कार्य को सफलतापूर्वक अंजाम देने में अधिशासी अधिकारी विजेंद्र सिंह पाल की नेतृत्व क्षमता और विजन ने अहम भूमिका निभाई। ईओ की पहचान एक कुशल जवाबदेह और धरातल पर काम करने वाले अधिकारी के रूप में होती है। वे स्योहारा के विकास कार्यों को लेकर निरंतर सक्रिय रहते हैं और जनता की समस्याओं के प्रति संवेदनशील हैं। वहीं चेयरमैन फैसल वारसी के मार्गदर्शन में नगर पालिका टीम ने सजगता से कार्य किया। चेयरमैन वारसी ने इस मुद्दे को गंभीरता से लेते हुए तुरंत संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्य में कोई देरी न हो और आमजन को जल संकट न झेलना पड़े। इस पूरी प्रक्रिया में चांदनी मैडम का नाम विशेष उल्लेखनीय है। उन्होंने न केवल मौके पर पहुंचकर कार्य की देखरेख की बल्कि श्रमिकों और तकनीकी टीम को समन्वय के साथ कार्य करने में सहायता प्रदान की। उनकी तत्परता कार्य के प्रति निष्ठा और जिम्मेदारी की भावना सराहनीय है। चांदनी मैडम नगर पालिका की उन कर्मठ महिला कर्मचारियों में से हैं जो स्योहारा नगर की गरिमा को अपने कर्तव्यों से ऊंचा उठाने में लगी हुई हैं। स्थानीय नागरिकों ने इस त्वरित कार्यवाही की सराहना की और नगर पालिका की सक्रियता को धन्यवाद दिया। नागरिकों का कहना है कि यदि प्रशासन इसी तरह से सजग रहे तो नगर के विकास में कोई कमी नहीं रहेगी।

बताते चलें कि थाने वाले चौराहे पर करीब एक वर्ष से नगर पालिका की पाइपलाइन टूटी पड़ी है, जिसकी वजह से हर रोज हजारों लीटर पानी बर्बाद होता है तो वहीं लोगों के घरों में गंदा पानी और कीड़े तक पहुंच रहे हैं। नगर पालिका प्रशासन को व पालिका अध्यक्ष को इस ओर भी ध्यान देते हुए इस पाइपलाइन को भी सही कराना चाहिए ताकि नगर के लोगों को स्वच्छ और सही पानी मिल सके और हर रोज बर्बाद हो रहे हजारों लीटर पानी को बचाया जा सके।



# मंडल महामंत्री के जन्मदिन पर आम खाओ कार्यक्रम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** मंडल महामंत्री के जन्मदिन पर आम खाओ पार्टी का आयोजन किया गया।

भाजपा नेता अंकित राजपूत ने आज अपने पैतृक ग्राम पदारथपुर में अपने आम के बाग में भारतीय जनता पार्टी भागूवाला मंडल के महामंत्री कपिल राजपूत के जन्मदिन के अवसर पर पार्टी कार्यकर्ताओं को आमंत्रित किया तथा उनका जन्मदिन मनाया। साथ ही सबको मौसम के ताजे फल के रुप में आम खिलाए।

इस अवसर पर भाजपा नेता चौधरी ईशम सिंह ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से हमें अपनी संस्कृति, पौधारोपण, बागवानी एवं पौधों को लगाने एवं पालने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण की रक्षा सुरक्षा में पेड़ों और बाग बगीचों का महत्वपूर्ण स्थान है।

हम सबको अधिक से अधिक पौधे लगाकर उनका लालन पालन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिस तरह से अंकित राजपूत के पूर्वजों ने इस आम के बाग को लगाया, पाल पोस कर बड़ा किया, जिसके हम फल खा रहे हैं। इस तरह से हम भी अपनी आने वाली पीढ़ियों के लिए पेड़ पौधे, बाग लगाएं ताकि हमारे आने वाली पीढ़ियां फल खाएं।

हमें याद करते रहें और इसी तरह बाग में आने वाली पीढ़ियां जन्मदिन, अन्य शुभ कार्यक्रम अपने बाग बगीचों में मनायें। सभी ने आम खाकर मंडल महामंत्री को जन्मदिन की बधाई दी और अंकित राजपूत का आभार प्रकट किया।

कार्यक्रम में अंकित राजपूत, मंडल अध्यक्ष कमल सैनी, पूर्व अध्यक्ष राजकुमार प्रजापति, जिला प्रतिनिधि अरविंद विश्वकर्मा, चौधरी ईशम सिंह, सभासद नगर पालिका परिषद नजीबाबाद इन्दू राजपूत, अतुल रोहिल्ला, राजन राजपूत, हिमांशु तायल, मोनू वर्मा, जाहिद हुसैन, सुमित गुर्जर, सचिन देशवाल, गोपीचंद, कपिल राजपूत आदि उपस्थित रहे।

## एक नजर

### जीएसटी के नकली अधिकारी ने ठगा

**नजीबाबाद।** जीएसटी के नकली अधिकारी द्वारा एक व्यापारी को ठगने की घटना के बाद शहर के बाजार में इस नकली अधिकारी को एक बार फिर बाजार में घूमता देखकर व्यापारियों में हड़कंप मच गया। बताया जाता है कि पूर्व में स्टेशन रोड के चूड़ी व्यापारी से नकली जीएसटी अधिकारी ने 6000 रुपए ठग लिये थे। यह घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई थी। व्यापारी से हजारों रुपए हड़पने वाले इस जीएसटी के नकली अधिकारी को दोबारा से नजीबाबाद के बाजार में देखा गया, जिससे बाजार के व्यापारियों में हड़कंप मच गया। चर्चा है कि हरिद्वार रोड स्थित टेंपो स्टैंड के निकट बाजार में उक्त नकली अधिकारी सफेद रंग की पर्दे लगी हुई बोलेरो गाड़ी से घूम कर व्यापारियों को ठगने का काम कर रहा है। नकली जीएसटी अधिकारी को व्यापारी पकड़ने के प्रयास में जुटे हुए है।

### भाकियू का धरने को समर्थन



**चांदपुर।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत तहसील चांदपुर जिला बिजनौर कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में एकत्र होकर देवल गुरुद्वारा साहिब पहुंचे जहाँ उन्होंने देवल गुरुद्वारा साहिब पर गलत तरीके से चल रहे हाईवे निर्माण को लेकर चल रहे अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन मे अपना पूर्ण समर्थन दिया। इस मौके पर सहसपुर ब्लॉक जिला मुजफ्फरनगर से ब्लॉक अध्यक्ष जितेंद्र बालियां, सत्येंद्र प्रधान प्रदेश महासचिव, रईसुद्दीन जिला महासचिव, विजेंद्र प्रधान, बबलू, सौरभ, जितेंद्र प्रमुख साहब व तहसील चांदपुर से जिला उपाध्यक्ष जसवंत सिंह नामधारी, जिला उपाध्यक्ष मो. याकूब, ब्लॉक उपाध्यक्ष शेख मोहम्मद आशिक उर्फ बब्बू एवं भारतीय किसान यूनियन के जिम्मेदार नेता व मीडिया प्रभारी मोहम्मद हनीफ, काफी संख्या में भारतीय किसान यूनियन कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। यह जानकारी देते हुए मीडिया प्रभारी मोहम्मद हनीफ ने बताया कि जब तक किसान यूनियन की मांग पूरी नहीं होगी, तब तक धरना प्रदर्शन समाप्त नहीं होगा।

### पेट की बीमारियों की जानकारी दी

**नजीबाबाद।** नीमा नजीबाबाद की ओर से होटल वालिया में सीएमई की मीटिंग का आयोजन किया गया, जिसमें लीवर व पेट रोगों से सम्बंधित विभिन्न प्रकार की बीमारियों व सर्जरी के बारे में पूर्ण रूप से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में मुरादाबाद के मशहूर डॉक्टर मौहम्मद रियाजी ने पैन क्रियाज की देखभाल व सर्जरी की आवश्यकता के लिए विषय में सम्पूर्ण जानकारी दी। साथ ही उन्होंने बताया कि साफ सफाई व बेहर खान पान से भी कई बीमारियों से बचा जा सकता है। मीटिंग की अध्यक्षता नीमा नजीबाबाद के अध्यक्ष डा. सुलेमान ने की। कार्यक्र में गेस्ट्रो सर्जन डा. मौहम्मद रियाज को स्मृति चिनह देकर व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर डा. मौ. शाकिर रजा, डा. उस्मान, डा. शरीफ अहमद, डा. नाजिमद, डा. उबादुर्रहमान, डा. सतीश शर्मा, डा. पवन अग्रवाल, डा. एके गुप्ता, डा. दिलशाद, डा. रियाज, डा. फुरकान, डा. वसीम, डा. हारून, डा. शम्शुल इस्लाम, डा. मुस्तकीम, डा. युसूफ, डा. समीर, डा. औसाफ, डा. जहांगीर, डा. फिरोज खान, डा. रशादुल हक, डा. नसीम, डा. नाजिम मंजूर, डा. सरफराज आलम, डा. फैजान आलम, डा. वकील, डा. सौरभ आदि मौजूद रहे।

### सीएचसी पर सफाई व्यवस्था रही दुरुस्त



**नहटौर।** नगीना क्षेत्र के गांव हुरनंगला के भारतीय जनता पार्टी के संगठन मंत्री धर्मपाल सिंह की माता के निधन होने पर उनके परिवार से मिलने के लिए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के कार्यक्रम तय होने पर जिला प्रशासन ने तैयारी युद्ध स्तर पर प्रारंभ कर दी थी। इसी के तहत नहटौर ब्लॉक व सीएचसी का रविवार को जिलाधिकारी बिजनौर जसजीत कौर, पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा,उप जिलाधिकारी धामपुर रितु रानी, सीओ धामपुर अभय सिंह पांडे नगर पालिका ईओ ओम गिरी,खंड विकास अधिकारी प्रताप सिंह ने ब्लॉक व सीएचसी पहुंचे थे और सफाई अभियान चलवाया था। मुख्यमत्री के रुकने के लिए सीएचसी व ब्लॉक कार्यालय पर स्वास्थ्य सेवाओं सहित दो सैफ हाउस बनाए गए थे। जिसमें स्वास्थ्य सेवाओं को रखा गया था। इसी क्रम में सोमवार को लखनऊ से मुख्यमंत्री के सुरक्षा के ब्लैक कमांडो की टीम ने ब्लॉक व सीएचसी का स्थलीय निरीक्षण करके व्यवस्था को देखा था। ब्लॉक परिसर में तहसील प्रशासन की ओर से नायब तहस. ीलदार विजय कुमार व सुरक्षा की दृष्टि से थानाध्यक्ष शेरकोट मय फोर्स के कार्यालयों पर प्रात: से ही तैनात रहे। मुख्यमंत्री गांव हुरनंगला में आने के बाद अपने गंतव्य के लिए रवाना हो गए। जिस पर प्रशासनिक अधिकारियो ने राहत की सांस ली।

### झोलाछाप के खिलाफ कार्यवाही की मांग

**नजीबाबाद।** नगर के मौहल्ला मेहंदीबाग निवासी भाजपा कार्यकर्ता कदीर मंसूरी ने सीएम पोर्टल पर भेजी शिकायत में क्षेत्र के एक झोलाछाप डॉक्टर के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। शिकायत में कहा गया है कि नजीबाबाद के ग्राम गढ़मलपुर में एक झोलाछाप डॉक्टर मरीजों के जीवन से खिलवाड़ कर रहा है। इस डॉक्टर के पास कोई भी डिग्री नहीं है। आरोप है कि उक्त डॉक्टर अपनी जेब भरने के चक्कर में दवा के नाम पर भी मरीजों से अधिक पैसा वसूल रहा है।

## खेल विशेष

### अंतर्राष्ट्रीय अफगान अंपायर बिस्मिल्लाह जान शिनवारी का निधन



**काबुल, वार्ता।** अंतर्राष्ट्रीय अंपायर बिस्मिल्लाह जान शिनवारी का निधन हो गया है जिससे अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट समुदाय शोक में डूब गया है। आईसीसी के अंतर्राष्ट्रीय अंपायर पैनल के सदस्य, शिनवारी ने 25 वनडे और 21 टी-20 मैचों में अंपायरिंग की, उन्होंने दिसंबर 2017 में शारजाह में अफगानिस्तान और आयरलैंड के बीच एकदिवसीय मैच की देखरेख करते हुए अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया। अफ़ग़ानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने मंगलवार को अपनी श्रद्धांजलि पोस्ट की। ''एसीबी के नेतृत्व, कर्मचारी और पूरा अफगानअटलान परिवार अफगानिस्तान के एलीट अंपायरिंग पैनल के सम्मानित सदस्य बिस्मिल्लाह जान शिनवारी के निधन से बहुत स्तब्ध और दुखी है। हम बहुत दुख के साथ शिनवारी के बीमारी के बाद निधन की खबर साझा कर रहे हैं। बिस्मिल्लाह जान अफगान क्रिकेट के महान सेवक थे। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड उनके परिवार, दोस्तों और पूरे अफगान क्रिकेट बिरादरी के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना और गहरी सहानुभूति व्यक्त करता है। आईसीसी के चेयरमैन जय शाह ने बिस्मिल्लाह के निधन पर शोक व्यक्त किया और उनके परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कह कि 'खेल में उनका योगदान बहुत बड़ा था और क्रिकेट समुदाय उन्हें बहुत याद करेगा। हम इस नुकसान से बहुत दुखी हैं और उनके परिवार और प्रियजनों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हैं।

# भारत को लॉर्ड्स में तेजी और उछाल से मात देने को बेताब इंग्लैंड

**लंदन, वार्ता।** इंग्लैंड ने इस सप्ताह लॉर्ड्स में होने वाले तीसरे टेस्ट के लिए तेज और उछाल भरी 'जीवंत पिच' की मांग की है। इस मैच में जोप्रफा आर्चर और गस ऐटकिंसन की वापसी हो सकती है। इसके साथ ही वे भारत से एजबस्टन में मिली 336 रन की बुरी हार से भी उबरना चाहते हैं।

इंग्लैंड के कोच ब्रेंडन मैकुलम का मानना है कि एजबस्टन में तैयार की गई 'उपमहाद्वीप जैसी' पिच और टॉस पर गेंदबा. जी चुनने का इंग्लैंड का फैसला भारत के पक्ष में गया। वे गुरुवार से शुरू हो रहे तीसरे टेस्ट में घरेलू हालात का बेहतर फायदा उठाने की कोशिश करेंगे। वे अपने तेज गेंदबाजी आक्रमण में बदलाव करने पर भी विचार कर रहे हैं क्योंकि इन गेंदबाजों को पिछले दो टेस्ट के दौरान मैदान पर काफी मेहनत करनी पड़ी है। पिछले महीने लॉर्ड्स में हुए विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के दौरान तेज गेंदबाजों का दबदबा दिखा था, जहां पैट कमिंस और कैगिसो रबाडा को अच्छी सीम मूवमेंट मिली थी। मैकुलम ने भी ऐसी ही पिच की मांग की है, जिसमें थोड़ी रफ्तार, उछाल और मूवमेंट हो। उन्होंने कह कि यह मैच शानदार होगा, लेकिन अगर पिच में जान रही तो यह और भी जबरदस्त होगा। 2018 में लॉर्ड्स की हरियाली भरी पिच पर भारत बुरी तरह फंस गया था, लेकिन चार साल पहले टीम ने यहां पर एक रोमांचक टेस्ट मैच भी जीता था। भारत बर्मिंघम में आराम दिए गए जसप्रीत बुमराह की वापसी का इंतजार कर रहा है। वह भी एक अलग तरह की पिच की उम्मीद कर रहा है।

उनके कप्तान शुभमन गिल ने कह कि देखते हैं लॉर्ड्स में हमें कैसी पिच मिलती है। मेरा अंदाजा है कि यह सपाट नहीं होगी। आर्चर ने दूसरे टेस्ट से पहले इंग्लैंड के साथ अभ्यास किया था और पूरी तरह से गेंदबाजी भी की थी। वह पिछले महीने ससेक्स के लिए प्रथम श्रेणी क्रिकेट में लौटे और

**● ब्रेंडन मैकुलम का मानना है कि एजबेस्टन में तैयार की गई पिच और टॉस पर गेंदबाजी चुनने का इंग्लैंड का फैसला भारत के पक्ष में गया**

धीरे-धीरे अपना वर्कलोड बढ़ा रहे हैं। को. हनी और पीठ की चोटों के चलते वह फरवरी 2021 से टेस्ट क्रिकेट से बाहर हैं। मैकुलम ने इशारा दिया है कि वह वापसी कर सकते हैं। उन्होंने कह कि 'वह (आर्चर) चयन के लिए उपलब्ध रहेंगे। हमारे तेज गेंदबाज लगातार दो टेस्ट खेल चुके हैं और अब हमें मुख्य मैदान पर जाना है। हम इस मैच के बाद हम स्थिति का आकलन करेंगे। वहीं जोफ्रा फिट हैं, मज़बूत हैं, खेलने के लिए तैयार हैं और वह चयन के दायरे में होंगे। यह हमारे लिए एक उत्साहजनक खबर है। वह टीम के साथ रहकर काफी खुश हैं और उनका टीम के साथ होना शानदार है।



# भारतीय अंडर-15 कुश्ती टीमों का बिश्केक में शानदार प्रदर्शन

**● भारतीय दल ने 6 स्वर्ण, 1 रजत और 1 कांस्य सहित 8 पदक जीते**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय अंडर-15 कुश्ती टीमों ने 4 से 7 जुलाई तक बिश्केक (किर्गिस्तान) में आयोजित 2025 अंडर-15 एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन किया, जिसमें फ्री स्टाइल, ग्रीको रोमन और महिला कुश्ती श्रेणियों में प्रतिस्पर्धा की गई।

भारत ने फ्री स्टाइल कुश्ती में टीम चैंपियन का खिताब जीता भारतीय अंडर-15 फ्री स्टाइल कुश्ती टीम कुल 203 अंक हासिल करके टीम चैंपियन बनी, जबकि जापान 166 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहा। भारतीय दल ने 6 स्वर्ण, 1 रजत और 1 कांस्य सहित 8 पदक जीते और प्रतियोगिता में अपना दबदबा बनाए रखा। फ्री स्टाइल में पदकों की होड़ की शुरुआत वंश अहलावत से हुई, जिन्होंने रोमांचक मुकाबले में अपने जापानी प्रतिद्वंद्वी को 9-8 के स्कोर से हराकर भारत के लिए पहला स्वर्ण पदक जीता। उनकी जीत से प्रेरित होकर, टीम ने अनुकरणीय भावना दिखाई। आर्यन (44 किग्रा) ने तकनीकी श्रेष्ठता (16-6) से किर्गिज पहलवान को हराया प्रथमेश सूर्यकांत पाटिल ने अपने उज्बेक प्रतिद्वंद्वी को 7-4 से हराया। रोहित मान ने ताजिकिस्तान पर 10-0 की तकनीकी श्रेष्ठता से जीत हासिल की। सचिन (68 किग्रा) ने अपने उज्बेक प्रतिद्वंद्वी को हराकर जीत हासिल की। कार्तिक (85 किग्रा) ने कजाकिस्तान को 3-1 से हराकर जीत हासिल की। भारतीय महिला पहलवानों ने टीम उपविजेता का खिताब जीता। महिला कुश्ती टीम शानदार प्रदर्शन करते हुए 202 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रही, जो जापान से थोड़ा पीछे है।

# सूची में शीर्ष स्थान के करीब पहुंची दीप्ति



**● दीप्ति शर्मा आईसीसी महिला टी-20 रैंकिंग में शीर्ष स्थान से आठ रेटिंग अंक दूर हैं**

**दुबई, वार्ता।** भारतीय स्पिनर दीप्ति शर्मा टी-20 क्रिकेट में नंबर 1 गेंदबाज बनने के करीब पहुंच गई हैं। वह आईसीसी महिला टी-20 खिलाड़ी रैंकिंग में शीर्ष स्थान से आठ रेटिंग अंक दूर हैं। दीप्ति पिछले छह वर्षों में अधिकांश समय टी-20 गेंदबाजों की रैंकिंग में शीर्ष 10 में रही हैं, लेकिन 27 वर्षीय दीप्ति कभी भी शीर्ष स्थान पर नहीं रही हैं, जबकि हाल के दिनों में उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया है। टी-20 रैंकिंग में नवीनतम अपडेट में दीप्ति ने एक स्थान की छलांग लगाई है और ऑस्ट्रेलिया की तेज गें. दबाज एनाबेल सदरलैंड को पछाड़कर रैंकिंग में दूसरा स्थान हासिल किया है। दाएं हाथ की यह गेंदबाज अब रैंकिंग में शीर्ष पर मौजूद पाकिस्तान की सादिया इकबाल से केवल आठ रेटिंग अंक पीछे है।

दीप्ति ने इंग्लैंड के खिलाफ भारत की पांच मैचों की टी-20 सीरीज के तीसरे मैच में तीन विकेट लेने के बाद अपनी रैंकिंग में सुधार किया है। सीरीज के अंतिम दो मुक. ाबलों में कुछ बेहतरीन प्रदर्शन के साथ यह ऑफ स्पिनर अपनी पाकिस्तानी प्रतिद्वंद्वी से शीर्ष स्थान हासिल कर सकती है। टीम की साथी अरुंधति रेड्डी भी रैंकिंग में सुधार कर रही हैं। इंग्लैंड के खिलाफ ओवल में सीरीज के सबसे हालिया मैच में तीन विकेट लेने के बाद इस तेज गेंदबाज ने 11 पायदान की छलांग लगाई है और टी-20 गेंदबाजों की सूची में 43वें स्थान पर पहुंच गई हैं।

इंग्लैंड की कई गेंदबाजों ने भी लंदन के प्रतिष्ठित मैदान पर पांच रन से मिली जीत के बाद रैंकिंग में सुधार किया है। तेज गेंदबाज इस्सी वोंग (तीन पायदान ऊपर चढ़कर 57वें स्थान पर) और लॉरेन फाइलर (21 पायदान ऊपर चढ़कर 68वें स्थान पर) दो सबसे बड़ी छलांग लगाने वाली गेंदबाज हैं। वहीं तेज गें. दबाज लॉरेन बेल ने रैंकिंग में चौथा स्थान बरकरार रखा है। आईसीसी की रिपोर्ट के अनुसार, ऑस्ट्रेलिया की बेथ मूनी टी-20 बल्लेबाजों की रैंकिंग में शीर्ष पर अपनी मामूली बढ़त बनाए हुए हैं, हालांकि इंग्लैंड और भारत के खिलाड़ियों द्वारा अपनी मौजूदा श्रृंखला में कुछ बेहतरीन प्रदर्शन के बाद शीर्ष 10 के बाहर कुछ बदलाव हुए हैं।

भारत की डायनेमो जेमिमा रोड्रिग्स ब्रिस्टल में श्रृंखला के दूसरे मैच में अर्द्धशतक बनाने के बाद दो स्थान की बढ़त हासिल कर 12वें स्थान पर पहुंच गई हैं, जबकि सलामी बल्लेबाज डैनी वायट-हॉज और सोफिया डंकले ओवल में अपनी शानदार साझेदारी के बाद इंग्लैंड के दृष्टिकोण से बड़ी विजेता हैं। दोनों ने इंग्लैंड की जीत में मदद करने के लिए अच्छे समय में शुरुआती विकेट के लिए 137 रन जोड़े, जिसके परिणामस्वरूप वायट-हॉज टी-20 बल्लेबाजों की रैंकिंग में तीन स्थान के सुधार के साथ 14वें स्थान पर पहुंच गई ।

डंकले चार स्थान की बढ़त के साथ उसी सूची में 26वें स्थान पर पहुंच गई। इंग्लैंड की प्रमुख स्पिनर सोफी एक्लेस्टोन को भी कुछ लाभ हुआ है।

### जिम्बाब्वे खिलाड़ी पर आईसीसी आचार संहिता के उल्लंघन के लिए लगा जुर्माना

**बुलावायो, वार्ता।** जिम्बाब्वे के कुंडाई माटिगिमु को द. अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टेस्ट के दौरान आईसीसी आचार संहिता के लेवल 1 का उल्लंघन करने के लिए दंडित किया गया। कुंडाई माटिगिमु पर बुलावायो में द. अफ्रीका के खिलाफ चल रहे दूसरे टेस्ट के पहले दिन आईसीसी आचार संहिता के लेवल 1 के उल्लंघन के लिए मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। यह घटना द. अफ्रीका की पहली पारी के 72वें ओवर के दौरान हुई, जब माटिगिमु ने अपने फॉलो-थ्रू में एक गेंद को फील्ड किया और बल्लेबाज लुआन- डी प्रीटोरियस की ओर फेंका, जो काफी नजदीक से उनकी कलाई पर लगी। घटना के आधार पर, मैटिगिमु को खिलाड़ियों और खिलाड़ी सहायक कर्मियों के लिए आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2-9 का उल्लंघन करने का दोषी पाया गया।

# भारत के खिलाफ वनडे सीरीज में ब्रंट करेगी इंग्लैंड की कप्तानी

**● नैट सिवर ब्रंट दूसरे टी-20 में बल्लेबाजी के दौरान चोटिल हो गई थीं**

**लंदन, वार्ता।** ग्रोइन इंजरी से जूझ रहीं नैट सिवर-ब्रंट भारत के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए चयनित 15 सदस्यीय इंग्लैंड की टीम की अगुवाई करती दिखेंगी। नैट सिवर-ब्रंट दूसरे टी-20 में बल्लेबाजी के दौरान चोटिल हो गई थीं जिसके बाद शेष सीरीज के लिए टैमी बोमॉन्ट को टीम की कमान सौंपी गई थी।

हालांकि चयनकर्ताओं को उम्मीद है कि पहले वनडे से पहले सिवर-ब्रंट फिट हो जाएंगी। इंग्लैंड की वनडे टीम में सोफी एक्लस्टोन की भी वापसी हुई है जो कि सीजन की शुरुआत में चोट से रिकवरी के चलते वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे सीरीज का हिस्सा नहीं बन पाई थीं, एक्लस्टोन को सारा ग्लेन की जगह टीम में शामिल किया गया है। माइया बाउचर जिन्हें सिवर-ब्रंट के रिप्लेसमेंट के तौर पर टी-20 सीरीज़ के लिए बुलावा आया था, उन्हें भी वनडे टीम में शामिल किया गया है। लॉरेन फाइलर जिन्होंने शुक्रवार को स्मृति मंधाना और जेमिमाह रॉड्रिग्स के अहम विकेट चटकाते हुए इंग्लैंड की जीत में अहम भूमिका अदा की उन्हें जनवरी में हुए एशेज टूर के बाद पहली बार इंग्लैंड की वनडे टीम में शामिल किया गया है। टी-20 सीरीज में अब तक भारतीय टीम ने इंग्लैंड टीम को काफी परेशानी में डाला है। भारत पहले दो मैच जीतकर इस समय पांच मैचों की सीरीज में 2-1 से आगे है। हालांकि द ओवल में खेले गए तीसरे मैच में नियमित कप्तान सिवर-ब्रंट की अनुपस्थिति में इंग्लैंड ने भारत को एक करीबी मुक़ाबले में शिकस्त दी। भारत और इंग्लैंड के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज खेली जाएगी जिसका आग़ाज़ 16 जुलाई को साउथम्पटन में होगा। सीरीज का दूसरा मैच 19 जुलाई को लॉर्ड्स और जबकि अंतिम मैच 22 जुलाई को चेस्टर-ली-स्ट्रीट में खेला जाएगा।

**इंग्लैंड टीम:** नैट सिवर-ब्रंट (कप्तान), एम आरलट, टैमी, लॉरेन बेल, माइया बाउचर, एलिस कैप्सी, केट क्रॉस, एलिस डेविड्सन, चार्ली, सोफिया, सोफी, लॉरेन, एमी, एमा लैंब, लिंसी स्मिथ।

# सलमान अली आगा बांग्लादेश के खिलाफ टी-20 सीरीज में पाकिस्तान की अगुवाई करेंगे

**इस्लामाबाद, वार्ता।** पाकिस्तान ने बांग्लादेश के खिलाफ आगामी तीन मैचों की टी-20 सीरीज के लिए अपनी 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। यह सीरीज इस महीने के आखिर में मीरपुर में खेली जाएगी। पूर्व मुख्य खिलाड़ी बाबर, रिजवान और शाहीन शाह टीम से बाहर रहने वाले उल्लेखनीय खिलाड़ियों में शामिल हैं। फहीम अशरफ और फखर टी-20 टीम में वापस आ गए हैं। अशरफ ने आखिरी बार 2023 में न्यूजीलैंड के खिलाफ टी-20 मैच खेला था, जबकि जमान ने इस प्रारूप में पिछली बार 2024 में हिस्सा लिया था। इस बीच, अहमद दानियाल ने पीएसएल 2025 में शानदार प्रदर्शन के दम पर राष्ट्रीय टीम में पहली बार जगह बनाई है। तेज



गेंदबाजों में, नसीम शाह और मोहम्मद वसीम जूनियर अभी भी अपनी-अपनी चोटों से उबर रहे हैं, जबकि हारिस रऊफ यूएसए में एमएलसी 2025 में खेलते समय चोटिल हो गए हैं।

**पाक टीम:** सलमान अली आगा (कप्तान), अबरार अहमद, अहमद दानियाल, फहीम अशरफ, फखर, हसन नवाज, हुसैन तलत, खुशदिल, अब्बास अफरीदी, हारिस, मोहम्मद नवाज, फरहान, अयूब, सलमान मिर्जा, सुफियान मोकिम।

# सिनर, स्वियाटेक और बेन शेल्टर विंबलडन के क्वार्टरफाइनल में

**● हाल के वर्षों में विंबलडन में सबसे आश्चर्यजनक बदलावों में से एक में, सिनर क्वार्टर फाइनल में पहुंचे**

**लंदन, वार्ता।** शीर्ष वरीयता प्राप्त जानिक सिनर, नंबर एक महिला खिलाड़ी इगा स्वियाटेक और बेन शेल्टन ने अपने-अपने मुकाबले जीतकर विम्बलडन टेनिस प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है।

हाल के वर्षों में विंबलडन में सबसे आश्चर्यजनक बदलावों में से एक में, सिनर क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए, जब ग्रिगोर दिमित्रोव को दो सेट से आगे होने के बावजूद मैच के बीच में ही रिटायर होना पड़ा। यह ड्रामा पहले ही गेम में शुरू हो गया, जब शीर्ष वरीयता प्राप्त सिनर नियमित स्लाइड के दौरान फिसल गए और उनकी कोहनी में चोट लग गई। हालांकि उन्होंने खेलना जारी रखा, लेकिन उनकी खास सर्विस लय ने उनका साथ छोड़ दिया और मैच जल्दी ही दिमित्रोव के पक्ष में झुक गया। बुल्गारियाई खिलाड़ी ने बढ़त हासिल की, पहले दो सेटों में जीत हासिल की और 2014 के बाद से अपने पहले विंबलडन क्वार्टर फाइनल में पहुंचने के लिए तैयार दिखाई दिए। लेकिन जैसे ही दिमित्रोव एक प्रसिद्ध जीत के करीब पहुंचे, आपदा आ गई। तीसरे सेट में 2-2 की बराबरी पर, नंबर 19 सीड खिलाड़ी ने अचानक अपने दाहिने पेक्टोरल मसल को जकड़ लिया और दर्द से कराहते हुए घास पर गिर पड़ा। हालांकि उसने अभी-अभी सर्विस की थी, लेकिन वह लगभग रोने लगा था। उपचार का प्रयास किया गया, लेकिन यह स्पष्ट हो गया कि वह आगे नहीं खेल सकता। अपनी सर्विसिंग आर्म को मुश्किल से उठा पाने के कारण, दिमित्रोव को रिटायर होना पड़ा, ग्रैंड स्लैम में यह उसका लगातार पांचवां मध्य-मैच रिटायरमेंट था। मैच की शुरुआत बहुत ही जोश के साथ हुई थी, क्योंकि दिमित्रोव ने छह मिनट के शुरुआती गेम में सर्विस को बरकरार रखा। सिनर, जिनकी सर्विस पहले तीन राउंड में 36 सर्विस गेम तक बिना टूटे रही, ने तुरंत ही परेशानी के लक्षण दिखाए। दूसरे सेट की शुरुआत में, उन्होंने पहले आठ अंक गंवा दिए और 2-3 पर मेडिकल टाइमआउट की जरूरत पड़ी। एक दर्द निवारक और मालिश ने कुछ समय के लिए मदद की, लेकिन दिमित्रोव ने अपना दबदबा बनाए रखा।


### वर्ल्ड पुलिस एंड फायर गेम्स में अंकित ने 86 किलो भार-वर्ग में जीता रजत पदक

**सोनीपत, वार्ता।** ब्रिटेन के बर्मिंघम शहर में वर्ल्ड पुलिस एंड फायर गेम्स का आयोजन किया गया जिसमें हरियाणा के सोनीपत के लिटल एंजल्स बॉक्सिंग एकेडमी के अंकित दहिया ने 86 किलो भारवर्ग में खेलते हुए भारत के लिए रजत पदक जीता। बॉक्सिंग कोच रो. हतास कुमार ने बताया कि अंकित दहिया ने क्वार्टरफाइनल मुक़ाबले में कनाडा के टेलर बेयर्ड को 0-5 के स्कोर से हराकर अपने सेमीफाइनल मुक़ाबले में मैक्सिको के जेवियर अलेजांद्रो को 5-0 के स्कोर से हराकर रजत पदक जीतकर अपने देश व एकेडमी का नाम रोशन किया। अंकित दहिया ने इससे पहले लखनऊ में आयोजित ऑल इंडिया पुलिस गेम्स में भी स्वर्ण पदक जीतकर अपनी एकेडमी का नाम रोशन किया हैं।

# मैं जोकोविच-अल्काराज को फाइनल में देखना पसंद करूंगा: विराट

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय क्रिकेटर विराट कोहली ने कहा है कि वह नोवाक जोकोविच और कार्लोस अल्काराज को विम्बलडन के फाइनल में देखना पसंद करेंगे और उन्हें उम्मीद है कि नोवाक यह मैच जीतेंगे।

विराट ने स्टार स्पोर्ट्स और जियोहॉटस्टार विंबलडन 2025 के विशेषज्ञ, दिग्गज विजय अमृतराज से विशेष बातचीत की, जो 7 जुलाई को नोवाक जोकोविच और एलेक्स डी मिनौर के बीच मुकाबला देखने के लिए अनुष्का शर्मा के साथ मौजूद थे। कोहली ने हाल के वर्षों में विंबलडन खेलों में भाग लेने के अपने अनुभव और अपने वर्तमान पसंदीदा टेनिस खिलाड़ी के बारे में बताया। विराट कोहली ने अपने पसंदीदा पुरुष एकल खिलाड़ी के बारे में कह कि मैं पिछले कुछ समय से नोवाक



**● नोवाक निश्चित रूप से सभी समय के महानतम खिलाड़ियों में से एक के रूप में चर्चा में है**

जोकोविच के संपर्क में हूं। हमने संदेशों का आदान-प्रदान किया है, और वह बहुत दयालु रहे हैं। मैं नोवाक जोकोविच और कार्लोस अल्काराज को फाइनल में देखना पसंद करूंगा - और मुझे उम्मीद है कि नोवाक यह मैच जीतेंगे। पूर्व भारतीय टेस्ट कप्तान ने कहा कि यह उनके करियर के इस चरण में एक बहुत बड़ी उपलब्धि होगी। वह निश्चित रूप से सभी समय के महानतम खिलाड़ियों में से एक के रूप में चर्चा में हैं। यदि महानतम नहीं हैं - सबसे अधिक ग्रैंड स्लैम खिताब के साथ। वह वास्तव में अपनी कड़ी मेहनत के लिए इसके हकदार हैं। मुझे वास्तव में उम्मीद है कि वह फाइनल में कार्लोस से खेलेंगे और जीतेंगे। विराट कोहली ने विंबलडन में भाग लेने के अपने पहले अनुभव पर कहा कि यहां फिर से आना बहुत अच्छा लग रहा है। अनुष्का और मैं 2015 में आए थे। यह शानदार सेंटर कोर्ट में होने का हमारा पहला अनुभव था।

# युवा खिलाड़ियों से जुड़ने और उन्हें प्रोत्साहित करने की धोनी की क्षमता वाकई खास है: रोहित

**नई दिल्ली, वार्ता।** 7 शेड्स ऑफ एमएस धोनी' नामक नए शो में, जियोहॉटस्टार ने क्रिकेटरों और विशेषज्ञों, जैसे विराट कोहली, रोहित शर्मा, जोस बटलर, मैथ्यू हेडन, संजय मांजरेकर और आकाश चोपड़ा से दिल को छू लेने वाले किस्से और दुर्लभ जानकारियां साझा कीं। उन्होंने अपने अनुभव, अविस्मरणीय पल और खेल और अपने जीवन पर धोनी के स्थायी प्रभाव को साझा किया।

जियो हॉटस्टार के विशेष शो '7 शेड्स ऑफ एमएस धोनी' पर विशेष रूप से बोलते हुए, स्टार भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली ने आईसीसी क्रिकेट विश्व कप 2019 के दौरान एमएस धोनी की शांत उपस्थिति और स्थायी नेतृत्व पर विचार किया। विराट ने कहा कि उनका सबसे बड़ा कौशल सबसे कठिन क्षणों में अपना संयम बनाए रखना है। यही कारण है कि वह इतने अच्छे हैं, क्योंकि वह दबाव में सही निर्णय लेने में सक्षम हैं। वह हमेशा शांत और संयमित रहते हैं और वह खुद को उस मानसिक स्थिति में आने देते हैं,



**● माही हमेशा शांत और संयमित रहते हैं और वह खुद को उस मानसिक स्थिति में आपने देते हैं, जहां वह महत्वपूर्ण निर्णय ले सकते हैं**

जहां वह सबसे महत्वपूर्ण निर्णय ले सकते हैं। उनसे सीखने के लिए बहुत कुछ है। जब मैं भारतीय टीम में आया, तो वह मेरे कप्तान थे और वह हमेशा मेरे कप्तान रहेंगे। धोनी के स्थायी प्रभाव पर, भारत के बल्लेबाज रोहित शर्मा ने आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप 2021 के दौरान ड्रेसिंग रूम में एमएसडी की मौजूदगी के बारे में बात की। रोहित ने कहा कि मेरे अपने दृष्टिकोण से, 2007 में, मैंने वास्तव में उनके नेतृत्व में अपना विश्व कप डेब्यू किया था। तब से, हमारा सफर बहुत लंबा रहा और हमने साथ में बहुत क्रिकेट खेला। युवाओं से जुड़ने और उन्हें प्रोत्साहित करने की उनकी क्षमता, चाहे खेल की स्थिति हो या खिलाड़ी का प्रदर्शन, वास्तव में कुछ खास है। वह हमेशा एक खिलाड़ी के आसपास एक शांत माहौल बनाने की को. शिश करते हैं, ताकि वे असुरक्षित महसूस न करें। मेरा मानना है कि यह एक बेहद महत्वपूर्ण गुण है। इंग्लैंड के पूर्व व्हाइट-बॉल कप्तान जोस बटलर ने 2019 में विश्व कप के दौरान धोनी की जमकर तारीफ की बटलर ने कहा,ह्एक साथी विकेटकीपर के रूप में, वह मेरे लिए एक आदर्श रहे हैं। मिस्टर कूल। मुझे हमेशा मैदान पर उनका व्यक्तित्व पसंद रहा है( जब वह बल्लेबाजी करते हैं तो वह बहुत शांत और नियंत्रण में दिखते हैं। स्टंप के पीछे उनके हाथ बिजली की तरह तेज हैं, और उन्हें खेल को गहराई तक ले जाना पसंद है।

# खून से लाल हुआ छपार हाइवे: दम्पति व बच्चे की मौत

## हरियाणा से हरिद्वार गंगा स्नान को जा रहे श्रद्धालुओं की कार ट्रक से भिड़ी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर/छपार।** दिल्ली देहरादून हाईवे छपार क्षेत्र की सड़के आए दिन इंसानी लहू से रंग रही है। विगत दिवस पांच श्रद्धालु की दर्दनाक मौत हुई थी अभी पुलिस इसकी सही तरह लिखापढ़ी भी नहीं कर पाई थी कि सोमवार की देर रात टोल प्लाजा के निकट वैगनआर कार व ट्रक की भीषड भिडंत में कार के पूरी तरह परखच्चे उड गए और उसमें सवार एक दम्पत्ति व उसके मासूम बेटे की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि गाडी चला रहा मृतक का साथीव उसकी पत्नी व मासूम बच्चा मेरठ के अस्पताल में जिन्दगी और मौत के बीच जूझ रहे है। पुलिस द्वारा कराए गए पोस्टमार्टम के बाद परिजन गमगीन माहौल में शव को अपने साथ ले गए।



**मृतक अभिषेक, पत्नी पूजा व बेटे का फाइल फोटो।**

हरियाणा राज्य के जनपद गुडगांव राठीवास थाना बिलासपुर निवासी 28 वर्षीय अभिषेक पुत्र विजय सिंह अपनी 26 वर्षीय पत्नी पूजा, चार वर्षीय बेटे इशान व अपने साथी तीस वर्षीय सुमित पुत्र चेतराम, सुमित की पत्नी कविता व पांच वर्ष के बच्चे के साथ अपने गांव से हरिद्वार गंगा स्नान के लिए निकले थे। अभिषेक वीआरएल नाम की प्राइवेट कम्पनी में काम करता था और अभिषेक का साथी सुमित भी इसी कम्पनी में नौकरी कर परिवार का पालन पोषण कर रहा है। जैसे ही उक्त श्रद्धालु गांव से चलकर छपार क्षेत्र टोल के नजदीक पहुंचे तो अचानक उनकी भिडंत एक ट्रक से हो गई। क्षतिग्रस्त कार को देखकर अंदाजा हो रहा है कि कार की गति बहुत तेज थी क्योकि घटना के बाद कार के पूरे तरह परखच्चे उड गए, जबकि गाडी में सवार लोगों की चीख-पुकार शुरू होने लगी। घटना के बाद इधर से गुजर रहे कांवडिए व कुछ लोग मौके परपहुंचे और उन्होने घटना की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस व भीड ने मेहनत व मशक्कत के बादे खून से लथपथ अभिषेक उसकी पत्नी पूजा, बेटे इशान का शव कार से बाहर निकाला। इस समय सुमित उसकी पत्नी कविता व बच्चे की सांसे चल रही थी। पुलिस ने सभी को जिला अस्पताल लाकर भर्ती कराया,लेकिन हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हे मृत घोषित कर दिया। काफी समय तक तीनों शव अज्ञात में रहे। पुलिस द्वारा की गई छानबीन क बाद मोबाइल व कागजों के आधार पर मृतकों व घायलों की शिनाख्त हो सकी। पुलिस द्वारा दी गई सूचना के बाद परिवार के लोग रोते बिलखते अस्पताल पहुंचे।

पुलिस ने मंगलवार को तीनों शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया और शवों को परिजनों के सुपुर्द कर दिया। कुल मिलाकर दिल्ली देहरादून हाईवे के छपार क्षेत्र में इंसानी लहू से सन रही सड़कों को देखकर आम लोगों में भी भय का वातारण है। बता दे कि विगत दिवस भी जयपुर के पांच श्रद्धालु की कार नीचे गिरने से मौत हो गई थी और इससे पहले आधा दर्जन युवक काल का ग्रास बन गए थे।

बीती रात भी एक भयानक घटना में लोगों के दिल में दहशत पैदा कर दी। फिलहाल पुलिस ने ट्रक को अपने कब्जे में कर लिया और कार्यवाही शुरू कर दी।

# बेकाबू ट्रक ने बाइक सवार मिस्त्री को कुचला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** सुरेन्द्र कुमार पुत्र रामकिशन ग्राम खलवाडा थाना जानसठ ने खतौली पुलिस को तहरीर देकर बताया की उसका पुत्र विकास कुमार पुत्र सुरेन्द्र कुमार जो चिनाई का काम करता था। पांच जुलाई की शाम को खतौली से चिनाई का काम करके वापस अपने घर खलवाडा अपनी मोटर साईकिल पर सवार होकर लोट रहा था। इस दौरान विकास कुमार जैसे ही बाइक लेकर ग्राम रसूलपुर कैलोरा नदी के पुल के पास पहुंचा तो मीरापुर की और से बडी तेजी और लापरवाही से ट्रक आ रहा था। जिसने गलत साईड पर आकर मेरे पुत्र को सामने से बाइक में टक्कर मार दी। इस हादसे में विकास गम्भीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद गांव के चमन लाल पुत्र रामधान जिससे राहगिरो व पुलिस की मदद से मेरे पुत्र को एम्बुलेन्स से अस्पताल में भर्ती कराया तथा मुझे घटना की जानकारी दी। वही चिकत्सकों घायल विकास की नाजुक हालत को देखते हुए उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। जिसके बाद अस्पताल पहुंचे परिजन घायल विकास को मोदिपपूर एसडीएस ग्लोबल हस्पिटल मेरठ में ले गये। जहा पर चिकत्सकों ने विकास को उपचार के दौरान मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत से उसके परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने युवक के शव को अस्पताल से गांव ले जाकर उसका गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार कर दिया है। सुरेंद्र ने पुलिस को बताया की में अन्तिम क्रियाक्रम मे लगा हुआ था। अब मै रिपोर्ट लिखवाने आया हू। मेरी रिपोर्ट लिखकर ट्रक चालक के खिलाफ कानूनी कार्यवाही से की जाए। पुलिस ने पीडित की शिकायत पर ट्रक चालक की तलाश शुरू कर दी है।

## कांवड़ देखने गए बालक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**तितावी।** मंगलवार शाम लालूखेड़ी बस स्टैंड के पास हादसे में एक बालक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। हादसे से परिवार में कोहराम मचा है। तितावी थाना क्षेत्र के गांव लालूखेडी निवासी रामेश्वर का दस वर्षीय पुत्र विनीत मंगलवार शाम लगभग साढ़े पांच बजे कांवड देखने के लिए लालूखेडी बस स्टैंड पर आया था। इसी दौरान विनीत सड़क पार करने लगा। तभी तेज रफ्तार बाइक ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद विनीत सड़क पर जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद बाइक चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने घायल बालक को बघरा स्थित सीएससी पर भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बालक की मौत से की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया दिया।

# ट्यूबवैल में उतरे करंट से किसान की दर्दनाक मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** मंडी क्षेत्र के गांव जट मुझेडा में ट्यूबवैल में उतरे करंट से एक कास्तकार की दर्दनाक मौत हो गई। किसान का शव कई घंटे तक ट्यूबवैल के कोठे में पडा रहा। बेटे व ग्रामीणों ने काफी देर बाद उसकी तलाश की और खेतों के बाद वह ट्यूवबैल पर पहुंचे तो शव को देखकर बेटा बिलख उठा। कुछ ही देर में मृतक का परिवार मौके पर पहुंच गया और ग्रामीणों की भीड भी यहां इकट्ठा हो गई। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के समीपवर्ती गांव जट मुझेडा निवासी 56 वर्षीय सोहनवीर पुत्र अतर सिंह 60 बीघा खेती का काश्तकार था। सोमवार की दोपहर वह खेत में काम करने गया था करीब साढ़े तीन बजे सोहनवीर का बेटा नितिन खाने को कहने के लिए खेत पर पहुंचा, लेकिन सोहनवीर यहां नहीं मिला जिसके बाद नितिन व खेत में काम कर रहे हरपाल आदि ने उसकी तलाश शुरू की तो ट्यूबवैल के कोठे में सोहनवीर का शव पड़ा हुआ मिला। कुछ ही देर में यह खबर पूरे गांव में फैल गई। रोते-बिलखते परिजनों के साथ ग्रामीण मौके पर पहुंचे और नई मंडी थाने की पुलिस ने भी मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। पुलिस ने शव का पंचनामा भरा और पीएम के लिए भेज दिया। इस घटना से किसान के परिवार में कोहराम मचा हुआ है और गांव में भी शोक छाया हुआ है।

# डॉ. तनेजा अभूतपूर्व उपलब्धियों के लिए सम्मानित

**मुजफ्फरनगर।** भारतवर्ष की IMA की सबसे बड़ी शाखा दिल्ली मेडिकल एसोसिएशन द्वारा डॉक्टर्स डे के उपलक्ष में आयोजित वार्षिक अधिवेशन में प्रत्येक क्षेत्र से चयनित चिकित्सकों को सम्मानित किया गया। डॉ। एम. के. तनेजा भारत के एक वरिष्ठतम नाक, कान व गला रोग विशेषज्ञ हैं जो चिकित्सा के क्षेत्र में कई वर्षो से कार्यरत हैं। के. जी मेडिकल कॉलेज लखनऊ से एम.बी. बी. एस., डी.एल. ओ., एम. एस. (ई. एन टी) है। डॉ. तनेजा पूर्व में आल इंडिया ई. एन. टी. डॉक्टर्स एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा सार्क देशो के महासचिव और वर्तमान में सार्क देशो के उपाध्यक्ष मनोनीत है। डॉ. तनेजा की उपलब्धियों का वर्णन करते हुए दिल्ली आईएमए के सचिव ने बताया कि डॉ. तनेजा गत कई वर्षो से Indian Journal of Otology का संपादन कर रहे हैं तथा उनके द्वारा कई शोध प्रपत्र प्रकाशित है तथा कई बार उनके शोध का उल्लेख अन्य शोध में संदर्भित हुआ। डॉ. तनेजा Indian Society of Otology के संस्थापक तथा बगैर निशान कान के छेद से पर्दा लगाने के लिए उत्तरी भारत में जाने जाते हैं। इस विधि के ऑपरेशन द्वारा सैकड़ो नौजवानो को मेडिकल में rejection के बाद पुलिस और फौज में फिटनेस प्राप्त हुई है। दूरस्थ क्षेत्र में कार्य करने वाले चिकित्सक की भारत में एक अतुलनीय उपलब्धि है। फलस्वरूप उन्हें विशिष्ठ चिकित्सा रत्न सम्मान से नवाजा गया है। डॉ. तनेजा का कार्य सराहनीय है एवं मुजफ्फरनगर जनपद उनके जीवन में और अधिक सफलता, उन्नति की कामना करता है।




# एसडी इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में एलुमनाई टॉक का आयोजन

**मुजफ्फरनगर।** जानसठ रोड स्थित एस.डी. कॉलेज ऑफ इंजी. नियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, मुजफ्फरनगर में छात्र-छात्राओं के लिये एक प्रेरणादायक एलुमनाई टॉक का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में वर्ष 2003 बैच की पूर्व छात्रा पारुल जैन जो वर्तमान में टीसीएस, हैदराबाद में बिजनेस कंसल्टेंट के पद पर कार्यरत हैं, ने बतौर मुख्य वक्ता भाग लिया।

पारूल जैन ने छात्रों को करियर प्लानिंग, इंडस्ट्री की आवश्यकताओं और कॉर्पोरेट कल्चर के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि कैसे



टीसीएस जैसी प्रतिष्ठित कंपनियों में कार्य करने के लिए विद्यार्थियों को तकनीकी ज्ञान के साथ-साथ सॉफ्ट स्किल्स पर भी ध्यान देना चाहिए। उन्होने अपने छात्र जीवन से लेकर वर्तमान सफलता तक की यात्रा साझा की। उन्होंने बताया कि किस प्रकार कॉलेज में मिली तकनीकी शिक्षा, शिक्षकों का मार्गदर्शन एवं निरंतर प्रयासों ने उन्हें आज इस मुकाम तक पहुँचाया। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज के सचिव-अनुभव कुमार ने अपने संदेश में कहा कि पूर्व छात्रों का संस्थान से जुड़ाव नए विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने सुश्री पारुल जैन का धन्यवाद किया और कहा कि उनका अनुभव छात्रों को आगे बढ़ने की दिशा में सही मार्गदर्शन प्रदान करेगा। उन्होने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य कॉलेज के वर्तमान विद्यार्थियों को अपने ही संस्थान के सफल पूर्व छात्रों से जोड़ना है, ताकि वे उनके अनुभवों से सीख लेकर अपने करियर को बेहतर दिशा दे सकें। साथ ही यह मंच छात्रों को इंडस्ट्री में चल रहे नवीनतम रुझानों, आवश्यक कौशलों और पेशेवर व्यवहार के बारे में वास्तविक जानकारी प्रदान करता है। निदेशक-डॉ. सिद्धार्थ शर्मा ने पारूल जैन को धन्यवाद देते हुये अपने संबोधन में कहा कि हमारे पूर्व छात्रों की सफलता कॉलेज की गुणवत्ता और मूल्यों को दर्शाती है। पारुल जैन जैसे पूर्व छात्रों का यहां आना लाभकारी है। समापन प्रश्नोत्तर सत्र व धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, छात्रों ने पारुल जैन से करियर संबंधित सवाल पूछे।

# प्याज का खाना परोसे जाने पर कांवड़ियों का बवाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पुरकाजी।** आधी रात को सब्जी में प्याज मिलने पर कांवडियों ने ढाबे पर जमकर की तोड फोड व मारपीट फलौदा हाईवे पर वैष्णव देव मिलन ढाबे पर खाने में प्याज मिलने पर कांवडियों ने जमकर तोडफोड करते हुए बवाल मचाया। यहां एक कर्मचारी वह एक कांवडिया के भी हाथ में चोट लगी है।

पुरकाजी फलौदा हाईवे कट पर ग्राम फलौदा के कुलदीप त्यागी का देव मिलन ढाबा है जो उन्होंने धीरज पुत्र आसाराम ग्राम बढेडी राजपूताना बहादराबाद उत्तराखंड को किराए पर दे रखा है सोमवार की रात्रि एक बजे देव मिलन ढाबे पर कांवडिये खाना खाने के लिए रुके थे। कांवडियों के खाने में दाल में प्याज





निकल गई जिस पर कांवडियां आग बबूला हो गए और ढाबे में जमकर तोडफोड की। घटना की जैसे ही जानकारी मिली तो बराबर से भी कुछ कांवडिये तोडफोड में शामिल हो गए। कावडियों द्वारा ढाबे के शीशे काउंटर, फ्रिज, पंखे, कुर्सियां, बर्तन, सभी जरूरी सामान तोड दिए गए इस दौरान बर्तन धोने का काम करने वाला पिंटू कुमार पुत्र धर्मपाल निवासी मोहम्मदपुर लालू खेडी शामली घायल हो गया। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर कांवडियों को समझा बूझकर शांत किया। इस घटना में एक कांवडिये वंशु पुत्र सुंदर ग्राम सरूरपुर मेरठ के हाथ में चोट लग गई है, जिसे पुलिस प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पुरकाजी लेकर आई और उपचार के बाद कांवडियों को रवाना कर दिया।



**मुजफ्फरनगर: उद्धव राज के पोस्टर जलाते शिव सेना व क्रांति सेना कार्यकर्ता।**

# उद्धव-राज के पोस्टर की चप्पलों से की पिटाई

## शिवसेना व क्रांति सेना कार्यकर्ताओं ने पोस्टर जलाकर निकाला जुलूस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** महाराष्ट्र में हिंदी भाषियों पर कथित हमलों के विरोध में शिवसेना, क्रांति सेना और युवा सेना के कार्यकर्ताओं ने संयुक्त रूप से विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने महाराष्ट्र के राजनेताओं उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे के पोस्टरों को चप्पलों से पीटा और आग के हवाले कर अपना रोष प्रकट किया।

शिवसेना जिला प्रमुख बिट्टू सिखेड़ा, क्रांति सेना महानगर अध्यक्ष देवेंद्र चौहान और युवा जिला अध्यक्ष हेमंत शर्मा के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने आनंद भवन शिव मंदिर से शिव चौक तक जुलूस निकाला। इस दौरान दोनों ठाकरे भाइयों को हिंदू विरोधी बताते हुए प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि वे सत्ता की लालसा में हिंदी भाषियों के खिलाफ भड़काऊ राजनीति कर रहे हैं। बिट्टू सिखेड़ा ने कहा कि उद्धव और राज ठाकरे की हिंदू विरोधी मानसिकता उजागर हो चुकी है। उनका कथित हिंदुत्व सिर्फ सत्ता प्राप्ति का माध्यम था। अब महाराष्ट्र से बाहर उनका कोई प्रभाव नहीं बचा है। प्रदर्शनकारियों ने केंद्र सरकार से मांग की कि देश विरोधी गतिविधियों के लिए दोनों नेताओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होने कहा कि यदि कठोर कदम नहीं उठाए गए, तो उनकी क्षेत्रवाद आधारित नीतियां राष्ट्रीय एकता व सुरक्षा को गंभीर खतरा पहुंचा सकती हैं। यहां संजीव वर्मा, नरेंद्र ठाकुर, उज्ज्वल पंडित, ललित रहेला, भुवन मिश्रा, योगेंद्र सैनी, बाबूराम, शैलेंद्र विश्वकर्मा, आशीष मिश्रा, सुनील प्रजापति अभिषेक शर्मा, रितिक धीमान, मुकुल प्रजापति, शिवम पाल रहे।




# बारह साल की मेहनत के बाद प्रशांत ने पास की सीए परीक्षा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** शहर के केशवपुरी निवासी प्रशांत सैनी ने सीए की परीक्षा में सफलता हासिल की है। उन्होंने यह सफलता 12 साल के निरंतर प्रयास में प्राप्त की। प्रशांत सैनी ने हाई स्कूल और इंटर की परीक्षा डीएवी इंटर कॉलेज से पास की। 2013 में उन्होंने सीए की तैयारी प्रारंभ की।

2016 में असफलता के बाद वह निराश हो गए। 2024 में उन्होंने एक बार फिर दिल्ली पहुंचकर तैयारी की और निरंतर प्रयास से फाइनल रिजल्ट प्राप्त किया। प्रशांत सैनी ने बताया कि उनका सपना सीए बनने का था। उसके माता-पिता के सहयोग से यह सपना पूरा हो गया है। प्रशांत की



सफलता से पूरे परिवार में खुशी का माहौल है। प्रशांत के पिता अनिल कुमार ने बताया कि यह सफलता प्रशांत की मेहनत की है।

# हरियाणा सरकार के विरोध में उतरा गुर्जर समाज

## अनंगपुर गांव में चल रही कार्यवाही पर जताया आक्रोश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** राष्ट्रीय युवा गुर्जर स्वाभिमान संघर्ष समिति ने हरियाणा के फरीदाबाद जिले स्थित अनंगपुर गांव में चल रही प्रशासनिक कार्रवाई पर कड़ा विरोध दर्ज कराया है। समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविन्द्र भाटी की ओर से उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम एक ज्ञापन एसडीएम सदर को सौंपा और हरियाणा सरकार द्वारा कराई जा रही इस कार्रवाई को अवैध और समाज विरोधी बताते हुए गांव को बचाने के लिए प्रयास करने की मांग की गई।

राष्ट्रीय युवा गुर्जर स्वाभिमान संघर्ष समिति के जिला अध्यक्ष पौरस गुर्जर के नेतृत्व में मंगलवार को गुर्जर समाज के लोगों ने कलेक्ट्रेट स्थित डीएम कार्यालय पहुंचकर हरियाणा सरकार के खिलापफ प्रदर्शन किया। इस दौरान समिति पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम सम्बोधित ज्ञापन एसडीएम सदर निकिता शर्मा को सौंपा। इसमें पौरस गुर्जर ने बताया कि अनंगपुर गांव सैकड़ों वर्षो से बसा हुआ है और वहां के निवासी शांतिपूर्ण ढंग से अपना जीवन यापन कर रहे हैं। समिति ने आरोप लगाया कि सरकार गांव को अवैध बताकर जबरन खाली करवा रही है, जो सरासर अन्याय है।

भाजपा की सरकार भी पिछले 10 वर्षों में कोई स्पष्ट निर्णय नहीं ले सकी। आरोप लगाया कि यह कार्रवाई सीधे तौर पर गुर्जर समाज को निशाना बनाने के लिए की जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव के समय गुर्जर समाज को भरोसे में लेकर सत्ता हासिल की जाती है, लेकिन बाद में उनके साथ दमनकारी रवैया अपनाया जाता है। पारस गुर्जर ने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन ने यह कार्रवाई नहीं रोकी, तो देशभर में गुर्जर समाज महापंचायत बुलाकर सड़कों पर उतरने को मजबूर होगा। उन्होंने कहा कि अनंगपुर गांव केवल एक बसावट नहीं, बल्कि गुर्जर समाज की ऐतिहासिक धरोहर है, जिसे किसी भी कीमत पर मिटने नहीं दिया जाएगा। समिति ने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया है कि वे इस विषय में हस्तक्षेप कर हरियाणा के अनंगपुर गांव को उजाड़ने की हरियाणा सरकार की कार्रवाई को तत्काल प्रभाव से रुकवाएं और गुर्जर समाज का सम्मान बचाने का काम करें।



# सम्पादकीय

बुधवार, 9 जुलाई 2025

# टैरिफ वॉर तेज

सोमवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने बांग्लादेश, जापान समेत 14 देशों पर टैरिफ बढ़ाने का ऐलान किया है। साथ ही समय सीमा में भी इजाफा किया। जैसाकि हम जानते हैं कि ट्रम्प ने टैरिफ को लेकर नौ जुलाई डेडलाइन बताई थी, जो अब एक अगस्त तक के लिए बढ़ा दी गई है। इन 14 देशों में भारत शामिल नहीं है। भारत की बातचीत बराबर चल रही है और ऐसी खबरें आ रही हैं कि अमेरिका व भारत ट्रेड डील करने के बेहद करीब पहुंच गए हैं, लेकिन यह भी कहा जा रहा है कि अगर एक अगस्त से पहले समझौता नहीं हुआ तो भारत पर 26 प्रतिशत टैरिफ लागू हो सकता है।

केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने भारत का रुख स्पष्ट करते हुए कहा है कि भारत राष्ट्रीय हितों को सबसे ऊपर रखेगा। मतलब साफ है कि भारत अपने हितों के अनुसार ही अमेरिका से व्यापारिक डील करेगा। अब तक अमेरिका ने सिर्फ ब्रिटेन और वियतनाम के साथ दो शुरुआती डील की हैं। अमेरिका ने म्यांमार पर 40 प्रतिशत टैरिफ लगाया है जो एक अगस्त से लागू होगा, जबकि जापान, साउथ कोरिया पर 25 प्रतिशत है। ये आंकड़े दर्शाते हैं कि ट्रम्प टैरिफ को लेकर बेहद गंभीर हैं और किसी भी सीमा तक जा सकते हैं। ब्रिक्स से जुड़े देशों को वह चेतावनी दे चुके हैं और कह चुके हैं कि अगर ब्रिक्स देशों ने अमेरिका के हितों को चोट पहुंचाई, तो वे उन पर अतिरिक्त टैरिफ लगाएंगे। मतलब साफ है कि ट्रम्प सारे हथकंडे अपना रहे हैं। उनका व्यवहार भी स्थिर नहीं है वह कब क्या कर दें कुछ नहीं कहा जा सकता। ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में इजरायल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू की मेजबानी करते हुए जो पत्रकारों से बात की, वह उनके व्यवहार को बताने के लिए काफी है। उनका कहना था कि अमेरिका ने ब्रिटेन और चीन के साथ समझौता किया है। भारत के साथ वह व्यापार समझौते पर पहुंचने के करीब है, लेकिन यह कहते हुए वह दावा करने से नहीं चूके कि उनकी सरकार ने भारत–पाक के बीच बहुत बड़ी लड़ाई रुकवा दी थी। यह दावा पहले ही वह 14 से अधिक बार कर चुके हैं और यह सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। मजे की बात यह है कि वह इस संघर्ष को रुकवाने में जिस धमकी का इस्तेमाल कर रहे हैं वह व्यापार की है। उनके अनुसार व्यापार ही वह शक्ति है जिसके बल पर उन्होंने भारत–पाक के बीच संघर्ष रुकवाया था। चीन ने भी ट्रम्प के रवैये की आलोचना की है, जिस तरह वह व्यापार को लेकर देशों से बात कर रहे हैं। चीन उससे नाखुश है। चीन का कहना है कि वह किसी भी प्रकार के टैरिफ और ट्रेड वॉर का विरोध करता है। टैरिफ लगाने के नाम पर धमकाना अथवा गैर जरूरी दबाव डालने का हर रास्ते पर विरोध करने की बात चीन ने कही है। अब देखना यह है कि डोनाल्ड ट्रम्प अपनी सोच को किस तरह आगे बढ़ाते हैं, लेकिन अब तक जो अमेरिकी राष्ट्रपति की जो छवि बनी है वह कोई विशेष उत्साह नहीं जगाती। उनके फैसलों से दुनिया में उथल पुथल ही अधिक मचती दिखाई दे रही है। सबसे बड़ी दिक्कत तो उनका व्यवहार है, जो किसी के समझ में नहीं आ रहा है। अब देखना है कि एक अगस्त के बाद किस तरह के समझौते सामने आते हैं।

## न्यायपालिका में कार्यपालिका का दखल नहीं होना चाहिए



डा.बीआर आंबेडकर ने संविधान सर्वोपरि की बात की थी, उनका मानना था कि न्यायपालि.का को कार्यपालिका के हस्तक्षेप से मुक्त होना चाहिए, यानी न्यायपालिका में कार्यपालिका का दखल नहीं होना चाहिए, आंबेडकर ने कहा था कि हम सभी संविधान की सर्वोच्चता में विश्वास करते हैं, जो शांति और युद्ध के दौरान देश को एकजुट रखेगा, संविधान तीनों अंगों कार्यपालिका, विधायिका और न्यायपालिका को अधिकार देता है, न्यायपालिका को नागरिकों के अधिकारों के प्रहरी और संरक्षक के रूप में काम करना चाहिए, आंबेडकर ने यह भी कहा था कि संविधान स्थिर नहीं रह सकता, इसे जैविक होना चाहिए और निरंतर विकसित होना चाहिए।

**–भूषण रामकृष्ण गवई, मुख्य न्यायाधीश**

# ई डीएनए की मदद से हवा में बिखरे जीवन की पहचान

कल्पना कीजिए कि आप किसी जंगल या शहर की सड़क पर चल रहे हैं और आपको दूर–दूर तक किसी जीव या इंसान का नामोनिशान तक न दिखे, फिर भी वैज्ञानिक यह बता दें कि वहां से कौन–कौन से जीव गुजरे चुके हैं, कौन से वायरस मौजूद थे और यह भी बता दें कि वहां से गुजरने वाले लोग किस मूल के हैं और यदि यह कहा जाए कि यह कोई कोरी कल्पना नहीं, बल्कि हकीकत है तो? यह संभव हुआ है पर्यावरणीय डीएनए (ई–डीएनए) का विश्लेषण करने की एक नई तकनीक नैनोपोर सिक्वेंसिंग से। शोधकर्ताओं ने इसका इस्तेमाल किसी क्षेत्र में मौजूद जैव–विविधता की तस्वीर पेश करने में किया है।


गौरतलब है कि हर सजीव, चाहे वह इंसान हो, जानवर हों या वनस्पतियां, अपने आसपास के वातावरण में त्वचा की झिल्ली, लार, बाल या को.शिकाओं जैसे बहुत बारीक कण छोड़ते रहते हैं, जिनमें उनका डीएनए होता है। वैज्ञानिक इन कणों को मिट्टी, पानी या हवा से इकट्ठा कर यह पता लगा सकते हैं कि वहां कौन–कौन से जीव मौजूद हैं या थे। इस तरह प्राप्त डीएनए को पर्यावरणीय डीएनए या ई–डीएनए कहते हैं। पहले वैज्ञानिक मेटाबारकोडिंग नामक तकनीक से ई–डीएनए का अध्ययन करते थे। इससे यह पता चलता था कि किस तरह के जीव वहां थे, लेकिन यह तरीका धीमा, महंगा और सीमित जानकारी वाला था। फिर आई शॉटगन सिक्वेंसिंग तकनीक। इसमें किसी खास डीएनए को ढूंढने की बजाय नमूने के सम्पूर्ण डीएनए के छोटे–छोटे टुकड़ों का अनुक्रमण किया जाता है और उन्हें किसी पजल की तरह कंप्यूटर की मदद से जोड़कर पहचान की जाती है।

अब, एक नई तकनीक (नैनोपोर सिक्वेंसिंग) विकसित की गई है। इसकी मदद से वैज्ञानिक एक बार में डीएनए की लंबी श्रंखला पढ़ सकते हैं। इससे नतीजे और भी सटीक मिलते हैं और तो और यह तकनीक न सिर्फ तेज और सस्ती है, बल्कि इतनी कॉम्पैक्ट है कि इसे लैपटॉप से जोड़ा जा सकता है। इस तकनीक को आजमाने के लिए वैज्ञानिकों ने अप्रैल 2023 में फ्लोरिडा के वॉशिंगटन ओक्स गार्डन्स स्टेट पार्क में हवा के नमूने इकट्ठा किए। उन नमूनो में डीएनए का विश्लेषण करके बताया कि वहां एक जंगली बिल्ली (बॉबकैट), एक जहरीला सांप, चमगादड़, मच्छर, एक पक्षी (ऑस्प्रे), और अफ्रीकी, यूरा.पीय और एशियाई मूल के इंसान मौजूद थे। दिलचस्प बात यह है कि उन्होंने वहां इनमें से कोई जीव नहीं देखा था।

इसी तरह का एक अध्ययन आयरलैंड की राजधानी डबलिन की हवा के नमूने लेकर भी किया गया। यहां वैज्ञानिकों को इंसानों की ज्यादा विविध जेनेटिक जानकारी मिली। उन्हें 221 प्रकार के इंसानी वायरस और बैक्टीरिया के डीएनए मिले जो फ्लोरिडा के मुकाबले 7 गुना अधिक थे। वैज्ञानिकों के अनुसार, यह तकनीक जंगलों और शहरों में जैव विविधता की निगरानी करने में काफी उपयोगी है। इसके अलावा, बाहरी और संकटग्रस्त प्रजातियों पर नजर रखने, बीमारियां फैलाने वाले वायरस या बैक्टीरिया की पहचान करने और बिना संपर्क के इंसानी उपस्थिति तथा वंश का अध्ययन करने में भी मददगार होगी। इससे किसी भी जगह पर मौजूद जीवन की एक पूरी तस्वीर सिर्फ हवा के विश्लेषण से मिल सकती है, लेकिन इसके साथ एक चिंता भी है। यदि वैज्ञानिक हवा से इंसानी डीएनए पहचान सकते हैं, तो इसका इस्तेमाल किसी व्यक्ति पर नजर रखने के लिए भी किया जा सकता है। हालांकि अब तक के अध्ययनों में सिर्फ सामान्य वंश की जानकारी मिली है, किसी व्यक्ति विशेष की नहीं। लेकिन भविष्य में यह तकनीक इतनी विकसित हो सकती है कि व्यक्ति विशेष की जानकारी भी दे सके। कानून विशेषज्ञ नताली राम का कहना है कि सरकारें या निजी कंपनियां इस तकनीक का इस्तेमाल बड़े पैमाने पर निगरानी के लिए कर सकती हैं। एक प्राइवेट कंपनी तो ऐसे छोटे ई–डीएनए स्कैनर बना रही है जो चुपचाप किसी कमरे में वायरस या इंसानी डीएनए की निगरानी कर सकता है।

हालांकि, यह तकनीक है तो बहुत रोमांचक, लेकिन अभी इस पर कफी काम किया जाना बाकी है। उदाहरण के तौर पर, वैज्ञानिकों को फ्लोरिडा के समुद्री पानी में काऊपॉक्स वायरस के डीएनए के अंश मिले हैं, जबकि वहां ऐसा वायरस पाया ही नहीं जाता है। इससे यह सवाल उठता है कि कहीं इतने छोटे डीएनए अंश झूठी या भ्रामक जानकारी तो नहीं दे रहे? वैज्ञानिकों को ऐसे नतीजों को बहुत सोच–समझकर देखना चाहिए, क्योंकि सिर्फ डीएनए का मौजूद होना यह नहीं साबित करता कि वह जीव वास्तव में वहीं है या वह सक्रिय है।

**–स्रोत फीचर्स**



## अमेरिकी बच्चों की सेहत पर 'महा' रिपोर्ट

मेक अमेरिका हेल्दी अगैन (महा - MAHA) आयोग ने हाल ही में अमरीकी बच्चों की सेहत को लेकर एक रिपोर्ट जारी की है। रिपोर्ट में अमरीकी बच्चों में तेजी से बढ़ते जीर्ण रोगों पर चिंता व्यक्त की गई है। आयोग ने कहा है कि अमेरिका में बच्चों की सेहत पर सर्वाधिक असर अल्ट्रा–प्रोसेस्ड खानपान, हवा, पानी व भोजन के जरिए रसायनों से संपर्क, सुस्त जीवन शैली, मोबाइल–लैपटॉप स्क्रीन पर बिताए गए समय और चिकित्सकीय हस्तक्षेप के अतिरेक का हुआ है। रिपोर्ट में कहा गया है कि स्वास्थ्य सम्बंधी अधिकांश शोध फिलहाल कॉर्पोरेट प्रभाव में किया जा रहा है जिसे बदलने की जरूरत है। रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि 2020 की आहार सम्बंधी सलाहकार समिति में 95 प्रतिशत सदस्यों के कॉर्पोरेट विश्व के साथ वित्तीय सम्बंध थे। रिपोर्ट में कहा गया है कि 1970 के दशक के बाद बचपन में मोटापे की स्थिति में तीन गुना वृद्धि हुई है और आज साढ़े तीन लाख से ज्यादा बच्चे मधुमेह से पीड़ित हैं। तंत्रिका विकास सम्बंधी विकार बढ़ रहे हैं और हर 31 में से 1 बच्चा ऑटिज्म से प्रभावित है। वर्ष 2022 में हर 4 में से 1 किशोर लड़की में अवसाद की घटना हुई थी। आश्चर्यजनक खुलासा यह किया गया है कि फिलहाल किशोरों में मृत्यु का दूसरा सबसे बड़ा कारण खुदकुशी है। रिपोर्ट बताती है कि एलर्जी, आत्म–प्रतिरक्षा रोग वगैरह भी तेजी से बढ़े हैं। और तो और, रिपोर्ट का निष्कर्ष है कि कम से कम 40 प्रतिशत अमरीकी बच्चे किसी–न–किसी एक जीर्ण तकलीफ से ग्रस्त हैं। देखा जाए तो शायद रिपोर्ट के कई निष्कर्ष गलत नहीं हैं, लेकिन विशेषज्ञों ने इसे लेकर कई सवाल भी उठाए हैं। मजेदार बात यह है कि महा रिपोर्ट महज 3 माह में तैयार कर ली गई है और यही आलोचना का प्रमुख बिंदु बना है। कई विशेषज्ञों का मत है कि रिपोर्ट एआई (कृत्रिम बुद्धि) द्वारा तैयार करवाई गई है। इसे लेकर कई अन्य प्रमाण भी प्रस्तुत किए गए हैं। बहरहाल, रिपोर्ट को लेकर अन्य दिक्कतें भी सामने आई हैं। जैसे एक संस्था नॉटअस द्वारा विश्लेषण पर पता चला कि इसमें कई ऐसे अध्ययनों का हवाला दिया गया है जिनका कोई अस्तित्व ही नहीं है। कई मामलों में शोधकर्ताओं के नाम गलत दिए गए हैं, पूरा संदर्भ नहीं दिया गया है। कई शोधकर्ताओं ने स्पष्ट किया है कि उनके जिस शोध पत्र का हवाला दिया गया है, वह अस्तित्व में ही नहीं है। कई मामलों में अध्ययनों के निष्कर्षों को गलत प्रस्तुत किया गया है। जैसे आईकान स्कूल ऑफ मेडिसिन की मरिआना फिगेरो के पर्चे को इस बात के प्रमाण के रूप में उद्धरित किया गया है कि स्क्रीन पर बिताया गया समय बच्चों की नींद में गड़बड़ी पैदा करता है, हालांकि यह अध्ययन कॉलेज के छात्रों पर किया गया था और इसमें नींद का मापन शामिल नहीं था। विशेषज्ञों का मत है कि ट्रम्प सरकार एक ओर तो विज्ञान में सर्वोच्च मानक स्थापित करने की बात कर रही है, वहीं ऐसे फर्जी संदर्भों, गलतबयानी वाली रिपोर्ट के आधार पर भविष्य की योजना बनाने की बात कर रही है।

# सोनमर्ग जहां हर कदम पर बिखरा है सौंदर्य

**सोनमर्ग प्रकृति की गोद में बसा ऐसा पर्यटन स्थल है, जहां हर कदम पर सौंदर्य बिखरा है। चाहे आप रोमांच की तलाश में हों या शांति की, सोनमर्ग आपके हर सपने को साकार करता है। अगर आप वादियों के संगीत को सुनना चाहते हैं और स्वर्ग जैसी जगह का अनुभव करना चाहते हैं, तो सोनमर्ग आपके इंतजार में है।**

जम्मू और कश्मीर राज्य के गंदरबल जिले में स्थित सोनमर्ग जिसका अर्थ है सोने की घाटी एक सुरम्य पर्यटन स्थल है, जो प्राकृतिक सौंदर्य, शांत वातावरण और रोमांचक गति.विधियों का अनूठा संगम प्रस्तुत करता है। समुद्र तल से लगभग 2,800 मीटर की ऊंचाई पर स्थित यह जगह गर्मियों के मौसम में हरे–भरे घास के मैदानों और जाड़ों में बर्फीले चादरों से ढकी होती है।



**प्राकृतिक सौंदर्य की अद्भुत झलक**

सोनमर्ग चारों ओर से बर्फ से ढकी ऊंची–ऊंची चोटियों, देवदार और चीड़ के घने जंगलों तथा कलकल बहती नदियों से घिरा हुआ है। यहां की सबसे प्रसिद्ध नदी है सिंध नदी, जो बर्फीले ग्लेशियरों से निकलती है और यहां के जीवन को जीवन्त बनाती है।

**प्रमुख आकर्षण स्थल**

1. **ठाजीवास ग्लेशियर**– यह सोनमर्ग से लगभग 7 किलोमीटर दूर स्थित है और यहां का सबसे प्रमुख पर्यटन स्थल है। पर्यटक यहां घोड़ों पर सवारी करके जाते हैं और बर्फ में खेलते हैं। गर्मियों में भी यहां बर्फ देखने को मिलती है।

2. **जोजिला पास**– यह दर्रा नगर को लेह–लद्दाख से जोड़ता है। साहसिक पर्यटकों के लिए यह स्थान बेहद रोमांचक है। यह रास्ता ऊंचा, घुमावदार और रोमांच से भरपूर होता है।

3. **बालटाल**– यह अमरनाथ यात्रा का प्रमुख पड़ाव है। सोनमर्ग से लगभग 15 किलोमीटर दूर स्थित यह जगह अमरनाथ गुफा तक ट्रेकिंग के लिए जानी जाती है।

**रोमांच और गतिविधियां**

**ट्रेकिंग**– सोनमर्ग से कई खूबसूरत ट्रेक शुरू होते हैं, जैसे गंगाबल झील ट्रेक, किशनसर और विषनसर झील ट्रेक आदि।

**फिशिंग**– सिंध नदी ट्राउट मछली पकड़ने के लिए प्रसिद्ध है।

**कैम्पिंग**– घास के मैदानों में टेंट लगाकर रात बिताने का अनुभव बेहद खास होता है।

**प्रकृति प्रेमियों के लिए स्वर्ग**

सोनमर्ग उन लोगों के लिए आदर्श स्थान है जो भीड़भाड़ से दूर, शांतिपूर्ण वातावरण में प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद लेना चाहते हैं। फूलों से ढके मैदान, नीले आसमान के नीचे बर्फ से चमकते पहाड़ और पंछियों की मधुर चहचहाहट यह सब किसी चित्रपटल जैसा लगता है।

**कैसे पहुंचें**– हवाई मार्ग– निकटतम हवाई अड्डा नगर (लगभग 80 किमी) है।

**सड़क मार्ग**– नगर से सोनमर्ग तक का सफर टैक्सी या बस से आसानी से किया जा सकता है। यात्रा के दौरान मनोहारी .श्य मन मोह लेते हैं।

**यात्रा का उपयुक्त समय**– मई से सितंबर तक का समय सोनमर्ग घूमने के लिए सबसे अच्छा होता है। सर्दियों में भारी बर्फबारी के कारण रास्ते बंद हो सकते हैं, पर बर्फ प्रेमियों के लिए यह भी एक अनोखा अनुभव हो सकता है।

सोनमर्ग प्रकृति की गोद में बसा ऐसा पर्यटन स्थल है, जहां हर कदम पर सौंदर्य बिखरा है। चाहे आप रोमांच की तलाश में हों या शांति की, सोनमर्ग आपके हर सपने को साकार करता है। अगर आप वादियों के संगीत को सुनना चाहते हैं, तो सोनमर्ग आपके इंतजार में है।

**...साभार प्रभा**

# गुरु जीवन रूपी अंधेरों को मिटाकर उजाला करते हैं



**ललित गर्ग**

भारतीय संस्कृति में गुरु का स्थान सर्वोच्च है–ईश्वर से भी ऊंचा। गुरु न केवल ज्ञानदाता हैं, वे जीवन के वास्तुकार, जीवन–निर्माता एवं संस्कारदाता हैं। वे शिष्य को केवल अक्षरों का ज्ञान नहीं देते, बल्कि आत्मा के स्वरूप से उसका परिचय कराते हुए उसका जीवन–निर्माण करते हैं। वे न केवल अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाते हैं, बल्कि जीवन की दुविधाओं, असमंजसों और भ्रमों को दूर कर उसे सार्थक दिशा देते हैं। ऐसे ही गुरु–तत्व के पूजन का पर्व है–गुरु पूर्णिमा, जो हर वर्ष आषाढ़ शुक्ल पूर्णिमा को श्रद्धा और समर्पण से मनाया जाता है। हिन्दू धर्म की मान्यता के अनुसार इस दिन महर्षि वेदव्यास का जन्म हुआ था, इसलिए इसे व्यास पूर्णिमा भी कहते है। वेदव्यास ने चारों वेदों का संकलन किया, पुराणों की रचना की और महाभारत जैसा अद्वितीय महाकाव्य रचा।

वे न केवल ज्ञान के स्रोत थे, बल्कि आत्मबोध के महामार्गदर्शक भी थे। गुरु पूर्णिमा सन्मार्ग एवं सत–मार्ग पर ले जाने वाले महापुरुषों के पूजन का पव हैं, जिन्होंने अपने त्याग, तपस्या, ज्ञान एवं साधना से न केवल व्यक्ति को बल्कि समाज, देश और दुनिया को भवसागर से पार उतारने की राह प्रदान की है। भारतीय लोकचेतना में सत्य की ओर गति कराने एवं जीवन को जीवंतता देने वाले गुरु को ईश्वर माना गया है। इसीलिए पर्वों, त्यौहारों और उत्सवों की श्रृंखला में गुरु पूर्णिमा का सर्वोपरि महत्व माना गया है। यह अध्यात्म–जगत विशेषत: सनातन धर्म का महत्वपूर्ण उत्सव है, इसे



अध्यात्म जगत की बड़ी घटना के रूप में जाना जाता है। गुरु एक नाम नहीं, एक स्थिति है। वे केवल शरीरधारी व्यक्ति नहीं, एक दिव्य ऊर्जा हैं, जो हमारे भीतर शक्ति, ज्ञान एवं संस्कार को जागृत करती है। कबीरदास ने कहा–गुरु गोविंद दोऊ खड़े, काके लागूं पाए? यह केवल काव्यात्मक अभिव्यक्ति नहीं, बल्कि भारतीय आध्यात्मिक चेतना की वह आधारशिला है, जिस पर जीवन की संपूर्ण संरचना टिकी है। गुरु वही है जो मैं को गलाकर तू में मिला दे, जो अहंकार को मिटाकर आत्मा को उभार दे। यह केवल पूजा का दिन नहीं, आत्म–प्रेरणा का दिवस हैय गुरु के प्रति कृतज्ञता, मार्गदर्शन और जीवन को नया मोड़ देने वाले उस आधारस्तंभ को नमन करने का दिन है। गुरु पूर्णिमा का पर्व विशेष रूप से सनातन धर्म, बौद्ध धर्म, जैन धर्म एवं भारतीय ज्ञान परंपरा में अत्यंत पूज्यनीय है। भारत की मनीषा में गुरु केवल धार्मिक या शैक्षणिक संस्था के सदस्य नहीं हैं, बल्कि वे एक आध्यात्मिक बीज हैं, जो शिष्य के अंतर्मन में चेतना का वृक्ष बनकर प्रस्फुटित होते हैं। गुरु–शिष्य का संबंध केवल औपचारिक नहीं, आत्मिक होता है। शिष्य का अर्थ ही है–जो शीघ्र ग्रहण करे, जो समर्पित हो और गुरु का अर्थ है–गु यानी अंधकार और रु यानी प्रकाश–जो अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाए। प्राचीन गुरुकुल परंपरा में यह संबंध अत्यंत पवित्र और जीवनपर्यंत टिकने वाला होता था। शिष्य केवल विद्या ही नहीं, गुरु के जीवन से भी सीखता था।

चरित्र, संयम, श्रद्धा, विनम्रता और सेवा जैसे गुण गुरु के व्यक्तित्व से शिष्य के भीतर स्वत: उतरते थे। महावीर ने गौतम गणधर को, बुद्ध ने आनंद को, नानक ने अंगद को, कृष्ण ने संदीपनि को और फिर स्वयं अर्जुन को शिष्यत्व प्रदान किया। राम ने गुरु वशिष्ठ और विश्वामित्र से जीवन की मर्यादा सीखी, वहीं कृष्ण ने अर्जुन को युद्धभूमि में कर्मयोग का उपदेश देकर जगतगुरु का दर्जा पाया। ये उदाहरण दिखाते हैं कि सच्चा गुरु केवल ज्ञान नहीं देता–वह जीवन का दृष्टिकोण बदल देता है। आज भौतिकतावादी युग में गुरु के प्रति आस्था में गिरावट आई है। शिक्षा संस्थान सूचना का प्रसार कर रहे हैं, लेकिन जीवन मूल्यों का संचार नहीं कर पा रहे। विद्यार्थियों को डिग्रियां तो मिल रही हैं, पर दिशा नहीं। ज्ञान है, पर विवेक नहींय विज्ञान है, पर आत्मा नहींय बुद्धि है, पर करुणा नहीं। इसका मूल कारण है–जीवन में सच्चे गुरु का अभाव। आज ट्यूटर हैं, टीचर हैं, प्रोफेसर हैं–पर गुरु नदारद हैं। ऐसे में गुरु पूर्णिमा हमें याद दिलाती है कि केवल पढ़ना–पढ़ाना पर्याप्त नहीं है, जीवन जीने की कला सिखाने वाला गुरु चाहिए। गुरु जीवन की धार को नया मोड़ देते हैं। जैसे नदी जब किसी घाट से गुजरती है, तो उसका स्वरूप बदलता है, वैसे ही गुरु का सान्निध्य शिष्य के भीतर नई चेतना, नई दृष्टि और नया जीवन का संचार करता है। वे हितचिंतक, मार्गदर्शक, विकास प्रेरक एवं विघ्नविनाशक होते हैं। उनका जीवन शिष्य के लिए आदर्श बनता है। उनकी सीख जीवन का उद्देश्य बनती है। अनुभवी आचार्यों ने भी गुरु की महत्ता का प्रतिपादन करते हुए लिखा है–गुरु यानी वह अर्हता जो अंधकार में दीप, समुद्र में द्वीप, मरुस्थल में वृक्ष और हिमखण्डों के बीच अग्नि की उपमा को सार्थकता प्रदान कर सके। गुरु केवल उपदेश नहीं देता, वह जीता है। उसकी हर बात, हर चुप्पी, हर दृष्टि, हर मौन एक शिक्षा होती है।

उसका जीवन एक ग्रंथ होता है, जिसकी हर बात शिष्य के जीवन में अमिट छाप छोड़ती है। शास्त्रों में कहा गया है–गुरु बिना गति नहीं, गुरु बिना ज्ञान नहीं, गुरु बिना मोक्ष नहीं। गुरु ही शिष्य के अंतर्मन में आत्मा की चिंगारी प्रज्वलित करता है। आज के समय में सबसे बड़ी चुनौती है–सच्चे गुरु की पहचान। आज ऐसे कई कथित गुरु हैं जो अपने अनुयायियों की संख्या, चमत्कारों और धन–संपत्ति के आधार पर महान कहलाते हैं। वे गुरु नहीं, व्यापारी हैं–जो मोक्ष, आत्मज्ञान, कुण्डलिनी जागरण, रोग निवारण और चमत्कारों के नाम पर लोगों की भावनाओं का दोहन कर रहे हैं। इनसे सावधान रहने की आवश्यकता है। ऐसे अज्ञानी, धन–लोलुप और पाखंडी लोगों ने गुरु परंपरा की छवि को धूमिल किया है। सही कहा गया है–पानी पीजै छान के, गुरु कीजै जान के। सच्चा गुरु न विज्ञापन करता है, न दिखावा। वह न चमत्कार दिखाता है, न भीड़ जुटाता है। वह मौन से शिक्षा देता है, दृष्टि से दिशा देता है और आशीर्वाद से शांति देता है। उसका सान्निध्य ही साधना है, उसकी चरण–वंदना ही ऊर्जा है। गुरु पूर्णिमा हमें स्मरण कराती है कि चातुर्मास काल में जब ईश्वर निद्रा में होते हैं तब गुरु ही हमें मार्ग दिखाते हैं। वे हमारे दु:खों का हरण करते हैं, मोह का निवारण करते हैं और जीवन को नई दृष्टि देते हैं। गुरु का सच्चा सम्मान केवल उनकी मूर्ति पर फूल चढ़ाना नहीं है, बल्कि उनके बताए मार्ग पर चलना है। उनके उपदेशों को आत्मसात करना, अपने जीवन में विनम्रता, सेवा, संयम और समर्पण जैसे गुणों को विकसित करना ही सच्ची गुरु–पूजा है। तुलसीदासजी ने हनुमान चालीसा में लिखा है–जय जय जय हनुमान गोसाईं, कृपा करहु गुरुदेव की नाई। जिनके पास कोई गुरु न हो, वे हनुमानजी को गुरु बना सकते हैं–क्योंकि गुरुत्व एक चेतना है, एक भावना है, एक समर्पण है। पश्चिमी देशों में गुरु का कोई महत्व नहीं है, वहां विज्ञान और विज्ञापन का महत्व है परन्तु भारत में सदियों से गुरु का महत्व रहा है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# अफगान मुद्दे पर भारत ने बनाई दूरी

## संयुक्त राष्ट्र में अफगानिस्तान पर प्रस्ताव के मतदान से अलग रहा भारत

**संयुक्त राष्ट्र/नई दिल्ली।** भारत ने अफगानिस्तान में महिलाओं की दशा और आतंकवाद की स्थिति पर संयुक्त राष्ट्र में एक प्रस्ताव पर मतदान से खुद को अलग रखते हुए कहा है कि अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को यह सुनिश्चित करने का समन्वित प्रयास करना चाहिए ताकि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की ओर से घोषित आतंकवादी संगठन और व्यक्ति अपनी करतूतों के लिए अफगान क्षेत्र का दुरुपयोग न कर सकें।



**भारत एक स्थिर, शांतिपूर्ण और समृद्ध अफगानिस्तान के निर्माण के प्रयासों में सहयोग के लिए प्रतिबद्ध है**

**केवल दंडात्मक कार्रवाई से अफगानिस्तान की स्थिति में सुधार नहीं होगा: पी हरीश**

संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थाई प्रतिनिधि, राजदूत पी हरीश ने प्रस्ताव पर अपने वक्तव्य में 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकवादी हमले की अफगानिस्तान के तालिबान शासकों की ओर से गई कड़ी निंदा का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि भारत एक स्थिर, शांतिपूर्ण और समृद्ध अफगानिस्तान के निर्माण के प्रयासों में सहयोग के लिए प्रतिबद्ध है। हरीश ने यह कहते हुए कि केवल दंडात्मक कार्रवाई से अफगानिस्तान की स्थिति में सुधार नहीं होगा। उन्होंने कहा कि इसी दृष्टिकोण से 'भारत ने इस प्रस्ताव पर मतदान से दूर रहने का फैसला किया है।

उन्होंने दोहराया कि सभी संबंधित हितधारकों के साथ निरंतर जुड़ाव और एक स्थिर, शांतिपूर्ण और समृद्ध अफगानिस्तान की दिशा में अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के प्रयासों के प्रति भारत की प्रतिबद्धता व्यक्त की। भारत के राजदूत ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को यह सुनिश्चित करने के लिए अपने समन्वित प्रयास इस तरह से करने चाहिए कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की ओर से घोषित संस्थायें और व्यक्ति, अलकायदा और उनके सहयोगी, आईएसआईएल और उनके सहयोगी, जिनमें लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद शामिल हैं, अब आतंकवादी गतिविधियों के लिए अफ़गानिस्तान की भूमि का दुरुपयोग न करें। इन समूहों में उनके क्षेत्रीय प्रायोजक भी शामिल हैं, जो उनके संचालन में सहायता करते हैं। उन्होंने अफ़गानिस्तान के लोगों के साथ भारत के ऐतिहासिक संबंधों और उनकी मानवीय और विकास संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने की स्थाई प्रतिबद्धता को दोहराते हुए कहा कि भारत सभी प्रासंगिक हितधारकों के साथ निरंतर जुड़ाव के लिए प्रतिबद्ध है और एक स्थिर, शांतिपूर्ण एवं समृद्ध अफ़गानिस्तान की दिशा में अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के प्रयासों का व्यापक रूप से समर्थन करता है। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने सोमवार को अमेरिका की आपत्तियों पर एक प्रस्ताव पारित किया, जिसमें अफ़गानिस्तान के तालिबान शासकों से महिलाओं और लड़कियों के उत्पीड़न को वापस लेने और सभी आतंकवादी संगठनों को खत्म करने का आह्वान किया गया। ग्यारह पृष्ठ के प्रस्ताव के पक्ष में 116 मत पड़े और भारत, रूस, चीन और ईरान सहित 12 लोगों ने मतदान में हिस्सा नहीं लिया। प्रस्ताव जर्मनी की ओर से प्रायोजित था।



जम्मू। पंजीकरण केंद्र के बाहर पंजीकरण के लिए प्रतीक्षा कर रहे अमरनाथ जाने वाले तीर्थयात्रियों के लिए भोजन तैयार करते हुए।

## ब्रासीलिया पहुंचे पीएम मोदी का शिव तांडव के साथ हुआ स्वागत

**ब्रासीलिया।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पांच देशों के 8 दिवसीय विदेश यात्रा पर हैं। पीएम मोदी मंगलवार को रियो डी जनेरियो से ब्राजील की राजधानी ब्रासीलिया पहुंचे। यहां पर उनका स्वागत शिव तांडव स्तोत्र और भारतीय शास्त्रीय नृत्य से किया गया। प्रधानमंत्री मोदी ने इसे 'यादगार स्वागत' बताया और प्रवासियों की अपनी जड़ों से जुड़े रहने के लिए प्रशंसा की। प्रधानमंत्री मोदी आज ब्राजील के राष्ट्रपति लूला दा सिल्वा के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। ब्रासीलिया पहुंचे पीएम मोदी का एयरपोर्ट पर ब्राजील के रक्षा मंत्री जोस मुसियो मोंटेइरो फिल्हो ने स्वागत किया। यह उनकी पांच देशों की यात्रा का चौथा चरण है। पीएम मोदी के होटल पहुंचने पर भारतीय समुदाय के लोगों ने उनका स्वागत 'भारत माता की जय' के नारों के साथ किया। इसी दौरान पीएम के स्वागत में संगीत और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया।

## केन्या के विरोध प्रदर्शनों में 10 लोगों की मौत, 28 घायल

**नैरोबी।** केन्या में प्रदर्शन के दौरान सोमवार को सुरक्षा अधिकारियों और प्रदर्शनकारियों के बीच हुई झड़प में कम से कम 10 लोगों की गोली लगने से मौत हो गई, जबकि अन्य 29 घायल हो गए। इस घटना में देशभर में अशांति फैल गई है।

**इस घटना में देशभर में अशांति फैल गई है**

एक सरकारी मानवाधिकार संस्था ने यह जानकारी दी है। केन्या राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (केएनसीएचआर) ने देश के 17 काउंटियों में 37 लोगों की गिरफ्तारी के बारे में जानकारी दी है। केएनसीएचआर ने कहा कि लूटपाट और नुकसान के मद्देजर प्रमुख शहरों में व्यवसायिक प्रतिष्ठान बंद रहे। छह काउंटियों में लूटपाट की घटनाएं दर्ज की गई है जबकि मध्य केन्या में संदिग्ध आपराधिक तत्वों द्वारा कुछ सरकारी कार्यालयों में आगजनी की घटनाएं सामने आई हैं। मानवाधिकार संस्था ने एक बयान में कहा कि केएनसीएचआर ने पाया है कि पुलिस उच्च न्यायालय के उस आदेश की लगातार अवहेलना कर रही है, जिसमें कहा गया है कि प्रदर्शनों को रोकने वाले सभी अधिकारी वर्दी में रहें और हर समय पहचाने जाने योग्य बने रहें। पुलिस ने देश के प्रमुख सड़कों और प्रवेश बिंदुओं पर बड़े पैमाने पर पुलिस अवरोधक लगाए गए थे, जिससे लोगों की आवाजाही बुरी तरह बाधित हुई, जबकि सरकार ने 06 जुलाई को निर्देश जारी कर सभी सार्वजनिक कर्मचारियों को बिना किसी बहाने के काम पर आने को कहा था।

# इजरायल-अमेरिका की और बढ़ी नजदीकियां

## इजरायल ने नोबेल के शांति पुरस्कार के लिए ट्रम्प को किया नामित

**वाशिंगटन।** इजरायल सरकार ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नामित किया है। अमेरिका के दौरे पर पहुंचे इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने ट्रम्प को नोबेल शांति पुरस्कार के लिए योग्य उम्मीदवार बताते हुए कहा कि उनको (ट्रम्प) पुरस्कार मिलना चाहिए।

नेतन्याहू ने ट्रम्प को वह पत्र भी सौंप दिया है, जिसे उनकी सरकार की ओर से नोबेल पुरस्कार समिति को भेजा गया है। इस पत्र में ट्रंप की ओर से शांति प्रयासों को बताते हुए उनको नोबेल शांति पुरस्कार देने की सिफारिश की गई है। उन्होंने ट्रम्प से कहा कि आपको यह (शांति का नोबेल) मिलना चाहिए। आप इस सम्मान के लिए पूरी तरह से योग्य हैं। गौरतलब है कि इस साल जनवरी में ट्रम्प के राष्ट्रपति बनने के बाद नेतन्याहू की अमेरिका की यह तीसरी यात्रा है। नेतन्याहू की इस यात्रा का मकसद गाजा में संघर्ष विराम पर चर्चा करना है। नेतन्याहू ने अब्राहम समझौते जैसे शांति समझौतों की मध्यस्थता में ट्रंप की भूमिका की प्रशंसा की, जिसका उद्देश्य इजरायल और विभिन्न अरब देशों के बीच संबंधों को सामान्य बनाना है। इसके साथ ही उन्होंने अन्य वैश्विक संघर्षों में शांति बनाए रखने में अमेरिकी राष्ट्रपति के प्रयासों का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति ट्रम्प आप एक के बाद एक देश और एक क्षेत्र में शांति स्थापित कर रहे हैं।

इसलिए, मैं आपको नोबेल पुरस्कार समिति को भेजा गया पत्र दिखाना चाहता हूँ। इसमें आपको शांति पुरस्कार के लिए नामांकित किया गया है, जिसके आप हकदार हैं। गौरतलब है कि इससे पहले पाकिस्तान भी अमेरिकी राष्ट्रपति को नोबेल का शांति पुरस्कार देने की गुजारिश कर चुका है।

### इजरायल को अमेरिका से और हथियारों की खेप मिलने की उम्मीद

**यरूशलेम/वाशिंगटन।** इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा है उन्हें उम्मीद है कि देश को भविष्य में अमेरिका से और हथियारों की खेप मिलेगी। नेतन्याहू ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के साथ वाशिंगटन में सोमवार को रात्रिभोज के बाद कहा कि देश को भविष्य में पेंटागन से और हथियारों की खेप मिलने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि कम से कम कुछ समय के लिए ईरान आक्रामकता नहीं दोहराएगा लेकिन उनका देश ऐसी स्थिति के लिए तैयार है। टाइम्स ऑफ इजरायल की रिपोर्ट में कहा गया कि दोनों नेताओं ने पिछले महीने ईरान के परमाणु ठिकानों पर इजरायल और अमेरिकी हमलों की सराहना करते हुए कहा कि यह अभियान एक बड़ी सफलता थी। उन्होंने हालांकि इस संभावना को स्वीकार किया कि अगर ईरान शांति बनाए रखना नहीं चाहता है तो शत्रुता फिर से शुरू हो सकती है।

## टेक्सास में बाढ़ से मरने वालों की संख्या 87 हुई

**ह्यूस्टन।** अमेरिका के टेक्सास में बाढ़ से मरने वालों की संख्या बढ़कर 87 हो गई है और कई अन्य लोग अभी भी लापता हैं।

स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी है। कैंप मिस्टिक ने सोमवार को केर काउंटी में ग्वाडालूप नदी के किनारे 99 साल पुराना ईसाई ग्रीष्मकालीन शिविर के शरणार्थियों और परामर्शदाताओं के निधन पर शोक व्यक्त किया। गौरतलब है कि भारी बारिश के कारण चार और पांच जुलाई को मध्य टेक्सास में अचानक बाढ़ आई। केर काउंटी के शेरिफ लैरी लीथा ने संवाददाता सम्मेलन में बताया कि कल सुबह तक शिविर की दस बालिकाओं और एक परामर्शदाता का पता नहीं चल पाया। उन्होंने कहा कि कल सुबह तक केर काउंटी में बाढ़ में 48 वयस्कों और 27 बच्चों की मौत की पुष्टि हुई थी, जिनमें से कई की पहचान की जानी बाकी है। मध्य टेक्सास में चार अन्य काउंटियों में 12 लोगों के मरने की रिपोर्ट सामने आई है, जिनमें कई बच्चे भी शामिल हैं।




# सर्बिया में सैकड़ों जंगलों में लगी आग, गर्मी के कारण राष्ट्रीय आपातकाल लागू

**बेलग्रेड।** सर्बिया में भीषण गर्मी और तेज़ हवाओं के कारण जंगलों में लगी तेजी से बढ़ रही है, जिसके कारण कई क्षेत्रों में आपातकाल की स्थिति घोषित की गई है और आग पर काबू पाने के लिए सैन्य बलों को तैनात किया गया है। सर्बिया के गृह मंत्रालय ने रविवार को बताया कि पिछले 24 घंटों में आग लगने की 200 से अधिक घटनाएं सामने आई हैं और इसके कारण एक व्यक्ति की मौत हो गई और कम से कम 14 अन्य लोग जख्मी हुए हैं।

दक्षिणी नगरपालिका कुर्सुमलिजा और पूर्व में बोर में आपातकाल की स्थिति घोषित की गई है। सर्बियाई सशस्त्र बल हेलीकॉप्टर पानी के टैंकरों और विशेष उपकरणों का उपयोग करके आग पर काबू पाने के काम में जुट गए हैं। स्थानीय अधिकारियों, अग्निशामकों और स्वयंसेवकों के साथ काम करते हुए वे दक्षिणी सर्बिया में कई जगहों पर आग पर काबू पाने में कामयाब रहे हैं, हालांकि कई हॉटस्पॉट अभी भी सक्रिय हैं। बोर एक ऐसा शहर है जो अपने खनन उद्योग के लिए जाना जाता है, क्रिवेलज बस्ती के पास 100 हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र में जंगल की आग जल रही है। चीनी संचालित ज़िजिन माइनिग सहित स्थानीय कंपनियों द्वारा समर्थित आपातकालीन दल चुनौतीपूर्ण, हवादार परिस्थितियों में आग की लपटों से जूझ रहे हैं। बोर झील के पास और आस-पास के ग्रामीण इलाकों में भी आग लगी है। मध्य सर्बिया में सोमवार को गोर्नजी मिलनोवाक के आसपास आग के 12 घटनाएं सामने आयीं, जिससे कृषि संरचनाओं और वाहनों को नुकसान पहुंचा। क्रागुजेवैक, प्रोकुप्लजे, वलजेवो और निस जैसे शहरों में भी आग लगने की खबरें आई, जिससे घर, खेत और जंगल प्रभावित हुए। सर्बिया के उप प्रधानमंत्री एवं गृहमंत्री इविका डेसिक ने कहा कि रविवार को जंगल में आग लगने की 197 घटनाएं दर्ज की गईं। उन्होंने पुलिस, बचाव इकाइयों, हेलिकॉप्टरों और स्वयंसेवकों की भागीदारी को देखते हुए कहा कि सभी उपलब्ध संसाधन लगे हुए हैं। सरकार ने नागरिकों से खुली लपटों से बचने और किसी भी आग की सूचना तुरंत देने का आग्रह किया है।



सर्बियाई सशस्त्र बल हेलीकॉप्टर पानी के टैंकरों और विशेष उपकरणों से आग पर काबू पाने में जुटे







